सेंसेक्स 71,847.57 ▲ +490.97
डॉलर 83.249 ▼ -0.043

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 15.0 | 17.0 |
| धनबाद | 23.0 | 16.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 16.0 | 19.0 |
| पलामू | 23.0 | 15.0 | 17.0 |

रांची, पौष कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 रांची, शुक्रवार, 05 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 328, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पूर्वोत्तर : नवाचार के माध्यम से विकास को गति ...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
दूसरा टेस्ट जीत भारत ने सीरीज में ... 10 देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 60,100

चांदी (1 किलो) 80,000

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी झारखंड की झांकी



**रांची।** गणतंत्र दिवस 2024 पर दिल्ली में आयोजित परेड में झारखंड समेत 16 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। झारखंड की झांकी में दुमका के विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन से संबंधित है। मालूम हो कि 2023 के दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर देवघर की झांकी प्रदर्शित की गई थी। बता दें कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नई दिल्ली में 19 जनवरी 2024 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2024 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी पहुंचे पलामू

**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार शाम को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार मिश्रा ने बताया कि श्री मरांडी रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड स्थित नरसिंहपुर पथरा में स्वर्गीय अनिल चौरसिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से रांची रवाना हो जायेंगे।

### रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस छह जनवरी से मधुपुर तक जायेगी

**रांची।** रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार मधुपुर तक किया गया है। अब यह ट्रेन रांची से मधुपुर तक चलायी जायेगी। मधुपुर से न्यू गिरिडीह होते हुए रांची जायेगी। इसकी सूचना रेलवे ने जारी कर दी है। ट्रेन संख्या 18617 और 18618 रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस छह जनवरी से मधुपुर तक जायेगी। ट्रेन संख्या 18617 रांची- मधुपुर एक्सप्रेस 06.00 बजे रांची से प्रस्थान करेगी और 1.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 18618, मधुपुर-रांची एक्सप्रेस मधुपुर से अपराह्न तीन बजे प्रस्थान करेगी और रात 11.15 बजे रांची पहुंचेगी।

## लाइफ जैकेट पहनकर समुद्र की लहरों में उतरे पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी लक्षद्वीप यात्रा के बारे में गुरुवार को अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में पीएम मोदी अलग-अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और



शिलान्यास किया था। इसके बाद उन्होंने विभिन्न जगहों की सैर किया। लक्षद्वीप में बेहतरीन अनुभवों को बताने के साथ ही वहां के लोगों के आतिथ्य सत्कार के लिए धन्यवाद दिया। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की। उन्होंने समुद्र किनारे मॉर्निंग वॉक किया, जिससे लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति संदेश देता है।

## दिल्ली में हिजबुल का कमांडर जावेद अहमद मट्टू गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में हिजबुल मुजाहिदीन के एक मोस्ट वांटेड आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी पर 10 लाख का इनाम घोषित था। वह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में वांछित था। कश्मीर में कई आतंकी वारदातों को अंजाम देने के बाद वह अंडरग्राउंड हो गया था। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी को गिरफ्तार किया है। सामने आया है कि पकड़ा गया आतंकी, हिजबुल का कमांडर जावेद अहमद मट्टू है। मट्टू पाकिस्तान भी जा चुका है और वह सोपोर का रहने वाला है।

### अवैध खनन मामले में अब तक ईडी ने 51 स्थानों पर की छापेमारी

# ईडी की छापेमारी में कुल 37 लाख कैश बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर बुधवार को 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी की ओर से गुरुवार को अधिकारिक रुप से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के दो कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया है। अवैध खनन मामले में ईडी ने अब तक 51 ठिकाने पर छापेमारी की है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच आगे जारी है। ईडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी। ईडी की जांच में पता चला कि साहिबगंज इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का काम किया जा रहा था। अवैध खनन की सीमा का पता लगाने के लिए, ईडी के अधिकारियों के साथ-साथ झारखंड राज्य सरकार के प्रशासनिक, वन, खनन, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों द्वारा साहिबगंज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों के बीस संयुक्त निरीक्षण किए गए। संयुक्त निरीक्षण में बड़े पैमाने पर अवैध खनन के साथ-साथ भूमि और वन क्षेत्र के अनावृष्टि की पुष्टि हुई है, जिससे अन्य पर्यावरणीय खतरे पैदा हो रहे हैं। संयुक्त निरीक्षण के दौरान, 23.26 करोड़ घन फीट से अधिक का अवैध खनन पाया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 1250 करोड़ का पता लगाकर निर्धारण किया गया है। ईडी की जांच में यह खुलासा हुआ है।

### विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट पहुंचकर कागजात खंगाल रही ईडी

ईडी की टीम रांची के मेन रोड के रोस्पा टॉवर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट में पहुंची। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी की टीम कागजात की जांच कर रही है। इससे पहले बुधवार को ईडी ने कार्रवाई करते हुए ग्रिड कंसल्टेंट को सील कर दिया था। ईडी ने छापेमारी के दौरान विनोद सिंह के रातू रोड स्थित घर से 25 लाख रुपये नकद और निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए थे। विनोद सिंह के मोबाइल से नेताओं और अफसरों के साथ व्हाट्सऐप चैट के डिटेल मिले हैं। बताया जा रहा है, कि ईडी की छापेमारी से पहले विनोद सिंह का कर्मचारी राकेश कुमार कई दस्तावेज लेकर फरार हो गया था। वहीं दूसरी ओर ईडी की टीम ने सभी जब्त नाइन एमएम की 14 गोलियां, कागजातों, कुछ डिजिटल उपकरण की जांच पड़ताल कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की छापेमारी अन्य जगहों पर समाप्त हो गयी। जो भी समान और दस्तावेज मिले हैं उनकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने अवैध खनन मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सहित अन्य लोगों के 12 ठिकाने पर छापेमारी की थी।




#### साहिबगंज में 1250 करोड़ की हुई अवैध माइनिंग

ईडी की जांच में साहिबगंज इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का पता चला है। इस बात की पुष्टि के लिए ईडी के अधिकारियों ने झारखंड सरकार के अधिकारियों के साथ क्षेत्र के 20 संयुक्त निरीक्षण किये। संयुक्त निरीक्षण के दौरान, 23.26 करोड़ घन फीट से अधिक का अवैध खनन पाया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 1250 करोड़ रुपए निर्धारण किया गया है। इसमें बड़े पैमाने पर अवैध खनन के साथ-साथ भूमि और वन क्षेत्र के अनावृष्टि की पुष्टि हुई है। जिससे अन्य पर्यावरणीय खतरे पैदा हो रहे हैं।

## राजधानी में बदमाशों ने कोयला व्यवसायी को मारी गोली, मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातू थाना क्षेत्र के फुटकल टोली में अपराधियों ने एक कोयला व्यवसायी को गुरुवार को गोली मार दी। गोली लगने से व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें आनन-फानन में मेडिका अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक श्रीवास्तव रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम का रहने वाला है। अभिषेक घर से फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर पिपरवार कोयला साइडिंग पर जा रहे थे। इसी दौरान स्कार्पियो में आए पांच अपराधियों ने उसे 11 गोली मारी।

बताया गया है कि अभिषेक को बीते दिनों प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई की ओर से लेवी की मांग को लेकर धमकी भी मिली थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इस घटना में पीएलएफआई संगठन का हाथ हो सकता है। रातू थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायल व्यक्ति को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल से पुलिस ने 11 खोखे बरामद किए हैं। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### संजय सेठ ने अभिषेक हत्याकांड की कड़ी निंदा की



रांची के सांसद संजय सेठ ने रातू थाना क्षेत्र में अभिषेक श्रीवास्तव की दिनदहाड़े हत्या की कड़ी निंदा की। साथ ही कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हुई है। राज्यपाल को इस पर संज्ञान लेते हुए इस पर उचित दिशा-निर्देश देना चाहिए। सांसद ने कहा कि प्रशासन से राजधानी रांची का कानून व्यवस्था नहीं संभल रहा है। पिछले 30 वर्षों की सबसे खराब कानून व्यवस्था वर्तमान में है। रांची अपराधियों के लिए स्वर्ग बन गया है। अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े अपराध को अंजाम दे रहे हैं। प्रशासन और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के व्यापारी और आम लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं।

## चालकों का आंदोलन खत्म, सड़कों पर लौटी रौनक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हिट एंड रन से जुड़े नए प्रावधानों के खिलाफ हुए वाहन चालकों के आंदोलन के थमते ही गुरुवार से राज्य की सड़कों पर बड़े वाहन दिखे। आंदोलन के दौरान राज्य के लगभग एक लाख ट्रक हड़ताल पर चले गये थे। वहीं, 90 फीसदी बसों और ऑटो का भी इस हड़ताल के दौरान बंद देखा गया था, जिससे राज्य में न सिर्फ जरूरत के सामानों



का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया था, बल्कि आम जनता भी आवागमन के लिए परेशान रही। अब वाहनों के सड़क पर लौटने से लोगों को राहत मिली है। इस संबंध में रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और प्रवक्ता सुनील सिंह चौहान ने कहा कि पिछले दिनों केंद्र सरकार के साथ ऑल इंडिया परिवहन कांग्रेस की बैठक हुई थी, जिसमें हिट एंड रन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी थी। बैठक के बाद सरकार ने आश्वासन दिया है कि सरकार कानून में सलाह लेकर बदलाव करेगी। इसके लिए सरकार बात करने के लिए तैयार है।

## अविनाश कुमार को विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

### सदस्य राजस्व परिषद झारखंड का प्रभार राजीव अरुण एक्का को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ विकास आयुक्त झारखंड का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अविनाश कुमार इसके अलावा प्रमुख सचिव गृह विभाग, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक झारखंड ऊर्जा विकास निगम तथा प्रबंध निदेशक



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के भी प्रभार में रहेंगे। वहीं अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग के पद पर पदस्थापित राजीव अरुण एक्का को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सदस्य राजस्व परिषद झारखंड का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राजीव अरुण एक्का अपर मुख्य सचिव कल्याण विभाग के भी प्रभार में रहेंगे। कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## जनवरी अंत तक राममय हो गई जनता, फरवरी में सीएए आया तो और हो जाएगी भाजपामय

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

एक तरफ अयोध्या में लगभग 2500 करोड़ रुपए की लागत वाले रामलला मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा , उसको लेकर देश भर में अक्षत योजना, और फिर कई माह तक देश के विभिन्न राज्यों से ट्रेन से लाखों लोगों को लाकर रामलला दर्शन कराने का अभियान। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के हर घर(140 करोड़ से ऊपर) में व मंदिरों में दीप जलाकर खुशी मनाने की योजना। इससे माहौल वाया राममय , भाजपा मय होता वोट पकता हुआ। दूसरी तरफ फरवरी में बजट सत्र में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की सुगबुगाहट। यह हुआ तो अप्रैल में



होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले हिन्दू बनाम मुसलमान का विमर्श और तेज होने की संभावना। जिससे हिन्दू मतदाताओं का भाजपा की तरफ और भी एकजुट होने का बनेगा माहौल। इसको लेकर विपक्षी दलों के नेता कई तरह की आशंका व्यक्त करने लगे हैं। विशेषकर मुस्लिम नेता व सांसद। इस बारे में संभल लोकसभा सीट से सपा के सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क का कहना है कि सीएए से फायदा नहीं, बल्कि देश के हालात और बिगड़ेंगे। देश चलाने के लिए नफरत नहीं, मोहब्बत की जरूरत है। सीएए लागू होने के बाद भारत में शरण लिए 32 हजार अफगानी व पाकिस्तानी हिंदू, सिख शरणार्थियों को लाभ मिलने के सवाल पर सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि इसका फायदा पहुंचने के बजाय हालात खराब होंगे। लोगों में मोहब्बत की फिजा पैदा नहीं होगी। देश में आज तक यदि मोहब्बत से काम लिया होता तो लोगों के अंदर मोहब्बत होती।हमारे मुल्क का फायदा होता और हम आगे बढ़ते। सांसद डॉ. बर्क ने कहा कि मोहब्बत के लिए इंसान को यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड राज्य के 13 जिलों से गुजरेगी कांग्रेस की न्याय यात्रा




### राहुल गांधी आठ दिनों के झारखंड प्रवास में रहेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम भी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव और राहुल गांधी की 14 जनवरी से मणिपुर से शुरूआत होने वाली भारत जोड़ा न्याय यात्रा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नागालैंड, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया — कैसे पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी बने पुलिस ?



सुनील बादल

***सिद्धांत:*** सेना और पुलिस में यह अंतर है कि पुलिस आंतरिक सुरक्षा या शांति व्यवस्था के लिए होती है,जबकि सेना देश के दुश्मनों से निबटने के लिए। इसलिए लाठी पार्टी आज भी है पहले हल्के हथियार पुलिस को दिए जाते थे पर जब देश के अंदर ही छुपे हुए दुश्मन आक्रमण करने लगे तो पुलिस की कार्यशैली से लेकर हथियारों तक में बड़ा परिवर्तन किया गया। आज पुलिस नामधारी अनेक सुप्रशिक्षित संगठन हैं जो उग्रवादियों, माओवादियों से लेकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस बदमाशों से निबटने में सक्षम हैं। पर भारतीय सेना और पुलिस में एक बड़ा अंतर यह है कि जहां सेना अनुशासन के सर्वोच्च मानक की प्रतीक है तो पुलिस की छवि एक दमनकारी या डरावनी सी ही बनी हुई है। यह अलग बात है कि न्यायालयों से लेकर सामाजिक दबाव और मीडिया या फिल्मों के प्रभाव से इस प्रवृति में परिवर्तन भी हुआ है। ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों से दूर करने का प्रयास किया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-



व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन है जबकि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं से भी परहेज नहीं होता है। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे या गंठजोड़ से पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में संभावना है कि नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे।

सेना की बात करें तो सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बिहार-झारखंड, मुंबई या यूपी-पंजाब सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही । पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगाकर पुलिस से पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद करा दिया था। तब आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 'नगर निगम के चुनाव का रास्ता साफ, 3 सप्ताह में अधिसूचना जारी करे सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में नगर निगम के चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया। झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में नगर निकायों के चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश आनंद सेन की कोर्ट ने पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि तीन सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें।

कोर्ट ने आदेश की प्रति राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव एवं राज्य निर्वाचन आयोग को तुरंत फैक्स के मध्यम से सूचित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में निकाय चुनाव नहीं कराने को संवैधानिक तंत्र की विफलता



बताया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव नहीं होना लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने वाला जैसा है। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जिस प्रकार पंचायत चुनाव की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तर्ज पर निकाय चुनाव की अवधि समाप्त होने के बाद पार्षदों को भी उनके अधिकार दिए जाएं, जब तक कि निकाय चुनाव ना हो जाए। याचिकाकर्ता ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। राज्य सरकार की ओर से राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया था। निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## एक नजर

### रांची में युवक का शव मिला, हत्या के बाद निकाल ली थीं आंखें

**रांची।** लापुंग थाना क्षेत्र के घघारी जंगल से बुधवार को एक युवक का शव मिला। आशंका है कि पत्थर से मारकर हत्या करने के बाद उसकी दोनों आंखें निकाल ली गई। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस को हत्या में प्रयुक्त पत्थर और कोई भी हथियार घटनास्थल पर नहीं मिला है। घटना की सूचना पाकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, बेड़ो डीएसपी रजत माणिक बाखला, बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम और लापुंग थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू की।

### रामकृष्ण मिशन सैनिटोरियम में यूको बैंक ने कराया पौधारोपण

**रांची।** यूको बैंक के 82वें स्थापना दिवस के अवसर पर रामकृष्ण मिशन सैनिटोरियम के प्रांगण में यूको बैंक की रांची शाखा द्वारा पौधारोपण एवं मरीजों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के सैनिटोरियम में फलदार एवं छायादार वृक्ष, आम, लीची का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर यूको बैंक रांची अंचल के अंचालाधिकारी मेजर विक्रांत टंडन, यूको बैंक ग्राहक एन के मिश्रा और अभय शंकर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अगवानी रांची शाखा के शाखा प्रबंधक श्रीकांत सिंह ने अन्य शाखा प्रबंधक मुकेश, आशीष कुमार सिंह, अभिलाष घोष, जितेंद्र तिवारी, श्रीमती श्रेया सिन्हा, लीमा रोज मिंज और दीपक उपस्थित थे।

### हड़गड़ी पूजा का आयोजन

**मांडर।** गुरुवार को कंजिया,मांडर और बूढ़ा खुखरा तीनों गांव के लोग पुष महीना के नौवा दिन भाईचारा के साथ मिलकर हड़गड़ी पूजा कोयल नदी में मनाया। परंपरा के अनुसार यह महापर्व पूर्वजों के आत्मा के शांति के लिए कोयल नदी में आकर विनती प्रार्थना कर पूर्वजों को याद कर समापन किया जाता है। इसी दिन तीनों गांव के लोग एक साथ बैठते हैं। मांडर के पहान सुका उरांव का कहना है कि इस दिन तीन भाइयों का मिलन होता है, और एक बहन थी जो कठचाचो मे है।वह भी साथ थी लेकिन कुछ कारणवश वह दूर हो गई। मौके पर सुका पहान, जुरु पहान, आयता पहान, संदीप उरांव समेत गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 28 व 4 फरवरी को

**रांची।** जेएसएससी सचिवालय सहायक (सीजीएल) की परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होगी। यह परीक्षा झारखंड के विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जेएसएससी ने पत्र जारी किया है। परीक्षा तीन पालियों में होगी। इसके लिए जेएसएससी कार्यालय में आज को सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। इससे पहले परीक्षा वर्ष 2023 में 16 और 17 दिसंबर को यह परीक्षा होनी थी। लेकिन किसी कारण से जेएसएससी ने परीक्षा स्थगित कर दी थी। परीक्षा के लिए जल्द एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

### श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभातफेरी 5 जनवरी से

**रांची।** प्रकाश पर्व को लेकर गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कल 5 जनवरी, शुक्रवार से प्रभातफेरी निकाली जाएगी,जो रोजाना सुबह 6:00 बजे गुरुद्वारा साहब से निकलकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा साहब पहुंचकर विसर्जित होगी जिसमें श्रद्धालु शब्द गायन कर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करेंगे.इसका समापन 13 जनवरी को होगा. गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन 17 जनवरी, बुधवार को रात 8:00 बजे से मध्य रात्रि 1:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा. इससे पहले 15 जनवरी को श्री कृष्णा नगर कॉलोनी,गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में श्री अखंड पाठ साहिब जी की आरंभता होगी जिसका भोग 17 जनवरी, बुधवार प्रकाश पर्व की रात 12:00 बजे होगा.

# डोर टू डोर जाकर मतदाताओं के नामों का सत्यापन करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 60-खूंटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों के प्रपत्र-6, 7 एवं 8 का सुपर चेकिंग की गई। बैठक में 60-खूंटी के ईआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी खूंटी ज्योति कुमारी सहित संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को फॉर्म-6 द्वारा अधिक से अधिक नये मतदाताओं (18 एवं 19 आयु वर्ग) का नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के दौरान मतदाता सूची में नाम नहीं रहने के कारण कोई भी पात्र मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित ना रह जाए। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की अवधि से पूर्व प्राप्त प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा फोटो सिमिलर इंट्री एवं डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्री के लंबित कार्यों का निष्पादन 12 जनवरी 2024 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ई-विद्यावाहिनी में पंजीकृत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दौरान विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि किसी भी विद्यार्थी का नाम छूट ना जाए। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि मतदाताओं से संबंधित सभी प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। सभी प्रपत्रों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का निर्देश दिया गया।

### आकाशवाणी द्वारा सर्वभाषा कवि सम्मेलन 5 जनवरी को



**रांची।** आकाशवाणी का एक बहुप्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम सर्वभाषा कवि सम्मेलन पहली बार रांची में आयोजित हो रहा है। आकाशवाणी रांची के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बाइस भाषाओं के युवा कवि और उनके अनुवादक कवि देश के विभिन्न हिस्से से रांची आए हैं। यह कार्यक्रम रांची के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न तीन बजे से होगा। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉ वसुधा गुप्ता उपस्थित रहेंगी। शहर की काव्य रसिक जनता एवं गणमान्य अतिथि इस संध्या काव्य का रस लेंगे। यह जानकारी आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय, कार्यालय प्रमुख डीसी हेम्ब्रम , कार्यक्रम अधिकारी पंकज मित्र तथा दिल्ली आकाशवाणी के राम अवतार बैरवा ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन



ओरमांझी। ओरमांझी के शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन पंचायत खेल मैदान बरतुआ में आयोजन किया जा रहा है। फाइनल मैच नायक ब्रांड जंगल एफ सी ओरमांझी बनाम जे एस एफ क्लब बरतुआ के बिच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं । इसके बाद ट्रब्रेकर में ओरमांझी ने बरतुआ को 3-2 से पराजित कर खिताब हासिल किया। सेमीफाइनल मैच ओरमांझी बनाम केदल के बीच के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने केदल को 1-0 से पराजित किया। दुसरा सेमी फाइनल मैच बरतुआ बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद के बिच खेला गया। जिसमें बरतुआ ने गेतलसूद को 2-0 से पराजित कर फाइनल में पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव शिष्य परीवार के आर्चित आनंद और बरखा सिंह ने विजेता को 35 हजार नगद एवं बडा शिल्ड, उपविजेता टीम बरतुआ को 25 हजार रुपये नगद एवं छोटा शिल्ड देकर सम्मानित किया ।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास



मांडर। वृहस्पतिवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि करगे पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र खुल जाने से ग्रामीणों के लिए ईलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। उचित समय पर ईलाज करा पायेंगे। विधायक ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हरेक पंचायत मे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन खुले। मौके पर जिला परिषद सदस्या विनोदित तिग्गा, नसीम अंसारी, रबुल अंसारी,समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम पर डालसा सभागार में कार्यशाला

# गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति की मदद जरूर करें: मनोरंजन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में डालसा सभागार भवन में गुरुवार को मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम 2019 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि मोटर दुर्घटना के मामले अत्यंत गंभीर होते हैं। इसमें जिंदगी और मौत का सवाल होता है। यदि उस गोल्डन आवर में उसकी तुरंत मदद न की जाय, तो व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए हम सबको अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी और इसका निर्वाह करना होगा। सभी पीएलवी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएलवी पीड़ित व्यक्ति को घटना स्थल से लेकर अस्पताल और प्रशासनिक मदद दिलाने के लिए त्वरित कर्रवाई करने के लिए तत्पर रहे, ताकि बहुमूल्य जान बचाई जा सके। एलएडीसी चीफ राजीव कमल ने कहा कि सही वक्त पर दवा और निःशुल्क इलाज होना अति आवश्यक है। मोटर वाहन दुर्घटना में एआइआर सभी पुलिस जांच अधिकारी को 30 दिनों के अंदर जमा करना है और यह सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है, जिसका सबको पालन करना है।

### खूंटी में सरना धर्म कोड महारैली सात जनवरी को

**खूंटी।** सरना धर्म समन्वय समिति खूंटी की विशेष बैठक गुरुवार को डाक बंगला में आयोजित की गई, जिसमें सरना धर्म कोड को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में बताया गया कि सात जनवरी को खूंटी में सरना धर्म कोड महारैली का आयोजन किया जायेगा। इसके सफल आयोजन के लिए कोर कमेटी का गठन किया गया। सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पूजकों के अस्तित्व एवं अस्मिता का सवाल है। उन्हें उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना क्रूर मजाक है। सरना धर्मावलंबियों की संख्या 50 लाख से अधिक होने के बावजूद धर्म कोड नहीं दिया जा रहा है। सरना धर्म कोड के लिए जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है। दुर्गावती ओड़ेया ने कहा कि सरना धर्म कोड महारैली में खूंटी के अलावा रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम सिंहभूम के सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे।

# सुलभ औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

माण्डर प्रखण्ड के केम्बो पंचायत अंतर्गत गुड़गुड़जाड़ी में वृहस्पतिवार को जिपस प्रमेश्वर भगत ने सुलभ औषधि केंद्र सामी दवाखाना का उदघाटन किया। राज्य सरकार कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक जिला प्रखंड के आदिवासी सुदरवर्ती क्षेत्रों में ईलाज करने और ससमय दवा उपलब्ध करने को लेकर मुख्यमंत्री सुलभ औषधि केंद्र खोलने का आदेश जारी किया गया । सुदरवर्ती क्षेत्रों में जीवन रक्षक केंद्र के खुल जाने से ग्रामीणों को अधिक लाभ मिल सकेगा। मौके पर पं स स गन्दुरा उराँव, मुखिया प्रतिनिधि शंकर उराँव, माण्डर अंजुमन के सेक्रेटरी अफरोज हुसैन, नायब सेक्रेटरी अमानत अंसारी, बिरसा उराँव, रेबका उराँव, अंजुलीना खलखो, युसूफ अंसारी, अखिलेश भगत, सोमनाथ उराँव, मंगा उराँव, नदीम अंसारी समेत अन्य ग्रामीण मौजुद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023–24 ,PR संख्या–314214 Building (23-24)#D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–09 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315082 (Building)23-24*D



# युवा कांग्रेस नेता को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली।**

युवा कांग्रेस नेता सह सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक को सिल्ली के कांग्रेस जनों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई के साथ शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी, मणिराम दास, बलराम महतो, मंजूर मोमिन, नीताई महतो, प्रकाश मुंडा, सकरुद्दीन, पिनाकी बनर्जी, सदानंद सोनार, शिशुपाल रजक समेत अन्य कार्यकताओं ने भी बधाई दी।

### राष्ट्रीय पुस्तक मेला कवियों से गुलजार रहा




रांची। स्थानीय जिला स्कूल में समय इंडिया नई दिल्ली की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला का सभागार मंच गुरुवार को कवि सम्मेलन से गुलजार रहा। जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कविगण जुड़े। कवियों में उपस्थित रहे -प्रवीण परिमल, कविवर अंजेश, कुमार बृजेंद्र, राजीव चोपड़ा, नरेश बांका, अशोक कुमार प्रमाणिक। मुख्य अतिथि के रूप में संत जेवियर्स कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर कमल कुमार बोस उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति से कवि सम्मेलन सफल एवं सार्थक रहा । संचालन विनोद गहरवार ने किया। इस कवि सम्मेलन में कवित्रियों की भी उपस्थित रही। जिसमें राज्यश्री जयंती , संध्या चौधरी उर्वशी अंकिता सिन्हा एवं नंदिनी प्रणय की भी उपस्थित रही।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (1st Call)**

**(e-Procurement Call)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 10/2023-24/RWD/SIMDEGA दिनांक – 04-01-2024

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत शीर्ष (4515)**

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा कॉल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ SIMDEGA/ 10/01/2023-24 | जलडेगा–गांगुटोली पथ पर झपला से कोलोमडेगा भाया गिरजाटोली पाहनटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–6.350 कि0मी0) | 733.29 (सात करोड़ तैंतीस लाख उनतीस हजार रूपये मात्र) | 14,66,600 (चौदह लाख छियासठ हजार छः सौ रूपये मात्र) | 10000 | 9 महिना | प्रथम |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08-01-2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16-01-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18-01-2024 अपराह्न 03:30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 315136 (Simdega) 23-24 (D)


# किसान उत्पादकता संगठन के लिए चलाया गया सदस्यता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बुधवार को भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा क्रियान्वित किसान उत्पादक समूह जिसके फंडिंग एजेंसी एसएफएसी है,परियोजना के अन्तर्गत रांची जिला के सोनाहातू प्रखण्ड के लंडूपडीह, सेरेंगडीह, एड्रमहातु ग्राम में कूल 150 किसानो को किसान उत्पादक समूह से जोड़ा गया एवं रसीद भी दिया गया और किसान उत्पादक समूह के बारे मे एवं किसान उत्पादक समूह के लाभ के बारे मे भी किसानो को जानकारी दिया गया। किसान उत्पादक समूह का मुख्य उद्देश्य किसानो के आय को दुगुना करना, किसान अपने खेत मे खेती करते है और उनको उसका मूल्य नहीं मिल पाता है तो उसके लिए किसान उत्पादक समूह उनके खेत से ही बाजार से ज्यादा मूल्य देकर उसको फायदा देना,आजीविका को बढ़ावा देना और कृषि पर निर्भर लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसान उत्पादक समूह छोटे और सीमांत किसानों/उत्पादकों को उनके उत्पादों की बेहतर कीमत प्राप्त करने,परिवहन लागत कम करने और पूर्ण उत्पादकता बढ़ाने में मदद करते हैं। जिसमे भारतीय लोक कल्याण संस्थान से राजकुमार,अमन केशरी, अमरेश, स्पर्श कश्यप, महेन्द्र कोईरी, कार्तिक झरियार, विकास यादव, विश्वनाथ महतो, फागुराम महतो और , ऋद्धड उएड- सुधांशु कुमार, गुलशन कुमार , सोहित और काई कर्मचारी वा किसान उपस्थित के द्वारा किसान उत्पादक समूह के बारे में बतलाया गया और किसान को जोड़ कर उसको लाभ के बारे में बतलाया गया । उक्त अभियान तेलवाडीह पंचायत के मुखिया श्री फनीभुषण सिंह मुण्डा जी के नेतृत्व एवं देख-रेख में चलाया गया। उक्त अभियान में कूल 148 लोगों ने किसान उत्पादन संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो प्रखंड में गुरुवार को लुण्डरी और करकट पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अरुण उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर परिषद ,प्रखण्ड प्रमुख होलिका देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ अरुण उरांव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। कार्यक्रम में एलइडी वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था और अपने अपने विभागों से मिल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। मौके चान्हो मंडल अध्यक्ष विजय महतो, सत्यानंद शाही , बी पी ओ गुंजन कुमार, अजय मिश्रा, लुंडरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डहरो उराँव सहित अन्य मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–16/2023–.24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 16.01.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 17.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent Work of Laying of Paver Block behind the Magistrate Building in Civil Court Hazaribag , District - Hazaribag | 249280/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of Pension Office in Old Collectoriate Building Hazaribag for the year of 2023-24 | 244800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Construction of Septic Tank, Soak pit and Drain with cover in 'C' -type Judicial Building situated near Carmel school ,Hazaribag | 244650/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Construction of Drain for the excess and outflow of water in residential quarters situated in Judicial colony situated in sarvoday colony ,Hazaribag | 230850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315085 Building(23-24).D

**बाजार में हैं 325 सब्जी दुकानदार**

# खादगढ़ा सब्जी मंडी में अव्यवस्था से क्रेता-विक्रेता रहते हैं परेशान

## सब्जी मंडी में पानी बिजली, शौचालय तक नहीं, जगह नहीं मिलने से रोड पर बेचने को मजबूर हैं सब्जी विक्रेता

**अमित कुमार। रांची**

लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से महज साढ़े छह साल पहले बनी रातू रोड स्थित मधुकम क्षेत्र के खादगढ़ा सब्जी मंडी की स्थिति अब जर्जर बनी हुई है। वहां पर ना तो लोगों के लिए पीने का पानी है, ना ही शौचालय और ना ही बिजली की उचित व्यवस्था है। कई जगह से सब्जी मंडी की दीवारें जमीन छोड़ने लगी है। करोड़ों की लागत से बने इस बाजार में लगभग 325 सब्जी दुकानदारों के लिए एक भी शौचालय की सुविधा नहीं है। सब्जी विक्रेताओं में अधिकांश महिलाएं हैं। ऐसे में वे अपने को रोजाना पीड़ा दे रही है। ऊपरी तल्ला खाली होने के कारण वहां पर लोग शौचालय के लिए छुपाते छुपाते उपयोग कर लिया करते हैं।



### निगम को होती है सालाना 15 लाख की आय

नगर निगम ने नया ठेका जारी किया है। जिस पर निगम को सालाना 15 करोड़ रुपए प्राप्त होगा। इसमें ठेकेदार दुकानदारों के अलावा वाहनों से भी 25 रुपये प्रति ऑटो वसूल करता है।

### प्रति दिन 15 रुपये टोल लेता है निगम

मंडी के अंदर और बाहर 315 सौ दुकानें हैं। सभी से प्रत्येक दिन नगर निगम के द्वारा 15 रुपये टोल वसूला जाता है। बावजूद इसके की कई सब्जी विक्रेता आज भी मंडी के बाहर रोड के किनारे सब्जी बेचने को मजबूर है।

### बिजली के लिए देना पड़ता है 10 रु

मंडी में नगर निगम द्वारा बिजली आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गयी है। बाहर से जनरेटर की बिजली मिलती है। इस पर प्रत्येक दिन का 10 रुपये चार्ज लिया जाता है।



**30 दुकानें दो-दो लाख में बिकने के बाद भी बंद**

बाहर दिख रही इस मंडी के दोनों ओर की कुल 30 दुकानें ऐसी है। जो दो लाख रुपए में बिकी है लेकिन गंदगी के कारण सभी दुकानें बंद पड़ी हुई है।



**कचरे और बदबू से बड़ी परेशानी**

रोजाना बची खुशी सब्जियां को विक्रेता सड़कों के किनारे या परिसर के अंदर ढेर लगा देते हैं। फिर भी निगम द्वारा समय पर इन कचरों का उठाव नहीं करने से मंडी में कचरे का अंबार लगा हुआ है। खरीदारी करने आए लोगों को इससे काफी परेशानी होती है।



**ललन साहू अध्यक्ष सब्जी मंडी**

शौचालय की परेशानी से यहां महिला सब्जी विक्रेताओं को काफी परेशानी होती है। वही ऊपर वाली छत की स्थिति पूरी तरह से जर्जर है। निगम को पैसा देने के बाद भी कई विक्रेता सड़क के किनारे जगह के अभाव में सब्जी बेचने को मजबूर है।



**अजय साव सब्जी विक्रेता**

सभी दुकानें गंदगी के कारण सालों से बंद पड़ी हुई है। मंडी के सभी कचरे को किनारे में देर कर दिया जाता है। इससे बदबू की समस्या होती है। निगम को इसके लिए कई बार सूचना दी गई है।



**पूनम देवी सब्जी विक्रेता**

कई बार नगर निगम से मांग कर चुके हैं। फिर भी सब्जी बेचने के लिए अंदर में जगह नहीं दिया गया। जबकि कई लोगों को चार-चार जगह मुहैया करा दिया गया है।



**उर्मिला देवी**

सालों से सब्जी बेच रहे हैं। अब तक अंदर में जगह नहीं मिला है। वही शौचालय के लिए महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**सुषमा देवी**

सालों से गेट के पास नींबू बेचकर घर परिवार चल रहे हैं। अगर सुविधा मिल जाए तो और कई प्रकार की सब्जियां बेच पाएंगे। इससे मेरी आय बढ़ेगी और हम बेहतर जीवन जी सकेंगे।



**कुंदन साहू**

मंडी परिसर में बिजली पानी शौचालय की एक गंभीर समस्या है। निगम को यहां से काफी आय प्राप्त होती है। ऐसे में निगम को सुविधा प्रदान करना चाहिए। मंडी के आगे प्रायः अन्य लोग अपनी रेहड़ी आदि लगा देते हैं, इससे परेशानी होती है।

**एक नजर**

### त्रिवेणीपुरम में 20 से 22 तक मनाई जायेगी दीपावली

**रांची।** त्रिवेणीपुरम सोसायटी बुटी मोड़ में 20, 21 और 22 जनवरी जगमग किया जाएगा। अयोध्या धाम में 22 जनवरी को प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपावली मनाया जाएगा। यहाँ रहने वाले कमलेश कुमार का कहना है कि हमारी सोसाइटी में भी ओंकारेश्वर धाम के भव्य मंदिर में कार्यक्रम 20, 21 और 22 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। त्रिवेणीपुरम मंदिर ट्रस्ट ने भी निर्णय लिया है कि पूरे देश की भांति सभी लोग त्रिवेणीपुरम कैंपस में तीन दिन दीपावली मनाएंगें। घर के बाहर बिजली के झालर से भी घरों और पूरी बिल्डिंग को सजाया जाएगा।

### सावित्री बाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई

**रांची।** डीएवी शिक्षादीप विद्यालय जयप्रकाश नगर में प्राचार्य आलोक कुमार की अध्यक्षता में नववर्ष मनाया गया। निदेशक शिवनंदन पाठक, संस्थापिका नीलम देवी एवं शिव किशोर शर्मा ने देश के पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले और मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। देश भक्ति संगीत के साथ कार्यक्रम की समापन हुई। मंच संचालन सुनिता मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन नीलम देवी ने किया। कार्यक्रम में रीता सिंह, अंकिता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### एचईसी के सप्लाई मजदूरों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान

**रांची।** एचईसी के सप्लाई मजदूरों की समस्या की समाधान की मांग पर एचईसी मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल निदेशक कार्मिक ए के बेहरा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक को बताया कि सप्लाई मजदूरों के कई मांगें है। जिस पर प्रबंधन गंभीर नहीं है, इससे मजदूरों में रोष है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मजदूरों में छटनी को लेकर भय है। उन्हें लगता है कि छटनी कर दी गयी तो उनके समक्ष परिवार का पालन पोषण की समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

# रिम्स में एरोटिक डिसेक्शन जैसी सर्जरी कर मरीज की बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने एक और उपलब्धि गुरुवार को अपने नाम की है। साल के पहले दिन विभागाध्यक्ष डॉ विनीत महाजन की टीम ने एरोटिक डिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी कर एक मरीज की जान बचाई है। यह सर्जरी रिम्स में पहली बार की गयी है। धनबाद निवासी यह मरीज दिसंबर महीने में रिम्स पहुंचा था। इस मरीज की हृदय की महा धमनी कई भाग से फट रही थी। इस स्थिति को एरोटिक डिसेक्शन कहा जाता है, इसमें मरीज की जान जाने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ विनीत महाजन ने स्थिति को देखते हुए बिना विलम्ब के मरीज को सर्जरी का सुझाव दिया और उसे इस सर्जरी के लिए तैयार किया। इस सर्जरी में मरीज के हृदय के महा धमनी को कृत्रिम पाइप से बदलना होता है। इसके लिए शरीर के रक्त प्रवाह को 40 मिनट के लिए पूरी तरफ से बंद किया जाता है और शरीर का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक कम किया जाता है, जिसमें काफी मुश्किल आती है। इस तरह की सर्जरी में 50 प्रतिशत मौत होने का खतरा रहता है। डॉ विनीत महाजन की टीम और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ शिवप्रिय की टीम के संयुक्त प्रयास से इस मरीज का सफल आपरेशन रिम्स में आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में किया गया।



**सर्जरी करने वाली टीम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई**

**रांची।** रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने एक और उपलब्धि गुरुवार को अपने नाम की है। साल के पहले दिन विभागाध्यक्ष डॉ विनीत महाजन की टीम ने एरोटिक डिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी कर एक मरीज की जान बचाई है। यह सर्जरी रिम्स में पहली बार की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एरोटिक डिसेक्शन की जटिल सर्जरी करते हुए धनबाद निवासी एक मरीज की जान बचायी गयी। मरीज के हृदय की महाधमनी कई भाग में फट रही थी, जिससे उसकी जान जा सकती थी। डॉ विनीत महाजन की टीम ने एक जनवरी को इसकी सफल सर्जरी की। इसके लिए टीम को बधाई।

# चैंबर में लघु उद्यमी महिलाओं को दी गयी जेड सर्टिफिकेशन की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चैंबर ऑफ कॉमर्स में लघु उद्योग से जुड़ी महिलाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के जरिये महिलाओं को एमएसएमई की योजनाओं की जानकारी दी गयी। आयोजन चेंबर ऑफ कॉमर्स की ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योर उप समिति की ओर से किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित महिलाओं को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जेड सर्टिफिकेशन की योजना से अवगत कराया गया। उन्हें सर्टिफिकेशन लेने की सारी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गयी। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी और उप समिति चेयपर्सन माला कुजूर ने संयुक्त रूप से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश महिलाएं सिलाई, कढ़ाई, अचार-पापड़ बनाने के कार्य में ही संलग्न हैं। एमएसएमई मंत्रालय की ऐसी कई आकर्षक योजनाएं हैं, जिसका लाभ लेकर महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सकती हैं। कृषि क्षेत्र में भी कई उपकरणों की जरूरत होती है।



जिसकी खरीदी पर कोई सब्सिडी नहीं मिलती है। लेकिन जेडईडी सर्टिफिकेशन लेने से सब्सिडी का लाभ मिलेगा। जेड सर्टिफिकेशन लेने से लोन में, ट्रेन और हवाई परिवहन से माल ढुलाई में, इलेक्ट्रिसिटी बिल में तथा उपकरण की खरीदी पर सब्सिडी का प्रावधान है। महिलाओं के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जेड सर्टिफिकेशन काफी उपयुक्त है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गृह उद्योग, कुटीर उद्योग से जुडी महिलाओं को जेड सर्टिफिकेशन लेने के लिए प्रेरित किया। दौरान कार्यशाला में लीडटेक मैनेजमेंट दिल्ली के अहमद शाहनवाज, इरशाद रजा, चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और महासचिव परेश गट्टानी समेत अन्य उपस्थित थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा 6 से

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में 6 से 9 जनवरी तक पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम मंदिर के प्रांगण में भागवत कृष्ण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सचिव मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक गुरुदेव स्वामी सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का रसपान कराएंगे। स्वामी सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से यह 2223 वीं एवं रांची की 37 वीं श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा होगी। स्वामी सदानंद महाराज के द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 7 जनवरी रविवार को प्रातः 8:00 बजे से पुंदाग टीओपी के पीछे निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में 151 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह कराया जाएगा।



### श्री गायत्री चालीसा पाठ से 40 दिवसीय मंत्र लेखन अनुष्ठान प्रारंभ

**रांची।** गायत्री परिवार आनलाइन स्वाध्याय मंडल के साधक, शिष्य व कार्यकर्ताओं ने बालिका प्रज्ञा कुमारी एवं वरिष्ठ साधक जेएनपी के जन्म-दिवस पर स्वाध्याय कर मंगलकामनाएं कीं। इस दौरान वैदिक पद्धति से विधिवत कलश पूजन, अखंड ज्योति प्रज्जवलन,सर्वदेव नमन वंदन एवं षोडशोपचार पूजन, स्वास्तिवाचन-पाठ कर जन्म दिवस मनाया। अपनी आयु के नववर्ष पर श्रद्धापूर्वक श्रीवेदमाता गायत्री चालीसा का श्रद्धापूर्वक 69 बार पाठ संपन्न किया। शाम में परिजनों ने दीपोत्सव में भजन-कीर्तन युग-गायन में एक प्रज्ञागीत गाया कि आ जाना बन ध्यान हमारे कीर्तन में, बन जाना मां प्राण हमारे जीवन में। इस अवसर पर वरिष्ठ साधक ने गुरुवार से चालीस दिवसीय गायत्री महामंत्र लेखन अनुष्ठान का संकल्प लेकर श्रद्धापूर्वक लेखन शुभारंभ किया। शांति-पाठ कर सर्व मंगलाय वंदना में सर्वत्र मंगलमय वातावरण व उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की गई।

### श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आज से निकलेगी प्रभातफेरी

**रांची।** प्रकाश पर्व को लेकर गुरुनानक सत्संग द्वारा सभा आज से प्रभातफेरी शुरू किया जायेगा। प्रभातफेरी सुबह 6:00 बजे गुरुद्वारा साहब से निकलकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा साहब पहुंचकर विसर्जित होगी। जिसमें श्रद्धालु शब्द गायन कर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करेंगे। इसका समापन 13 जनवरी को होगा। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन 17 जनवरी को रात 8:00 बजे से मध्य रात्रि 1:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इससे पहले 15 जनवरी को श्री कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब जी की आरंभता होगी। जिसका भोग 17 जनवरी को प्रकाश पर्व की रात 12:00 बजे होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए सत्संग सभा के श्रद्धालुओं का पहला जत्था इंदर मिढ़ा और रमेश पपनेजा के नेतृत्व में 14 जनवरी की शाम को रवाना होगा।



# आदि शक्ति श्री जीण माता का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 6 व 7 को




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदि शक्ति श्री जीण माता का दो दिवसीय 14वां वार्षिकोत्सव 6 एवं 7 जनवरी मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड में किया जाएगा। अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि 6 जनवरी को आदि शक्ति श्री जीण माता जी की निशान यात्रा सेवा सदन पथ, लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकाली जायेगी। निशान यात्रा दोपहर 2 बजे से शुरू हो कर नगर भ्रमण करते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी। जहां सभी निशान आदि शक्ति श्री जीण माता को अर्पित किये जायेंगे। निशान यात्रा में 501 निशान उठाये जाएंगे। सभी निशान लक्ष्मी नारायण मंदिर से वितरित किये जायेंगे। निशान यात्रा का संचालन मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया जाएगा। जिसका नेतृत्व अमित चौधरी एवं विकास गोयल के द्वारा किया जाएगा। वहीं 7 जनवरी को सुबह 10 बजे श्री जीण माताजी का अभिषेक उत्सव के मुख्य संयोजक विजय पालड़ीवाल एवं सह संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल सपरिवार करेंगे। अभिषेक के बाद भगवान श्रीगणेश का पूजन होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से शक्ति मंगल पाठ 751 महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इस मंगल पाठ में सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी। मंगल पाठ के वाचन और भजन गायन के लिए जीणधाम से आनंद पाराशर, कोलकाता से प्रकाश बरडिया एवं निकिता शर्मा पधार रहे है। माता को 51 फीट का गजरा एवं 181 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी।

# कोनका मौजा मसना स्थल में हड़गड़ी पूजा, पूर्वजों को किया गया याद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोनका मौजा मसना स्थल में हड़गड़ी पूजा पाहन राजा धाघु किस्पोट्टा और पारनो किस्पोट्टा के द्वारा किया गया। सबसे पहले पत्थलकुदवा स्थित हड़गड़ी स्थल में पूजा अर्चना ढ़ोल नगड़ा के साथ पूजा किया गया। इसके बाद पदयात्रा करते हुए सभी पुरुलिया रोड स्थित मसना पहुंचे। यहाँ प्रार्थना करते हुए सभी ने अपने पूर्वजों को याद किया और घर में तैयार चावल और उरद के व्यंजन को उनके नाम से कब्र में गिराया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, रांची महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि हड़गड़ी पूजा हमारे पुरखों-पूर्वजों की याद में किया जाता रहा है। कहा कि आदिवासी समाज पूर्वजों का पूजा करते है। इसलिए राज्य सरकार से मांग है कि सरना, मसना, अखरा और हड़गड़ी स्थलों को संरक्षित करने के लिए घेराबंदी कराए। पूजा कार्यक्रम में 12 गांवों के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर अपने पूर्वजों को याद किये। कार्यक्रम में मौजा के डोम टोली, चुटिया, डुमसा टोली, कटहल टोली, टमटम टोली, गढ़ाटोली, पत्थलकुदवा, चुनवा टोली, नया टोली, बसर टोली और डगरा टोली के लोग उपस्थित थे। मौके पर पाहन घाघु पाहन, परनो किस्पोट्टा, अनिल किस्पोट्टा, प्रदीप कुजूर, पवन तिर्की, आकाश तिर्की, निरंजन तिर्की, अनिल कच्छप, सारो सांगा, बिरयानी कच्छप, सुनिता टोप्पो, नीरज केरकेट्टा, आयुष तिर्की तथा आयुष सांगा सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्रदेश कुशवाहा सभा की राज्य कमेटी की घोषणा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कुशवाहा सभा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार पर कुशवाहा समाज की घोर उपेक्षा कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग किया है कि कुशवाहा समाज के आबादी के अनुपात में राजनीति में भागीदारी दे। प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने राज्य कमिटी की घोषणा की है। जिसमें संरक्षक डॉ शशि भूषण मेहता (विधायक), लोकनाथ महतो (पूर्व विधायक), शिवपूजन मेहता (पूर्व विधायक), नंद किशोर मेहता (केंद्रीय सचिव जेएमएम) और राजन मेहता (प्रदेश अध्यक्ष बसपा) को बनाया गया है। कमिटी के संयोजक प्रणव वर्मा, अध्यक्ष राजू महतो, उपाध्यक्ष देवेन्द्र मेहता, बासुदेव वर्मा, राज किशोर महतो, त्रिवेणी वर्मा, गोपाल पंजियारा, ओम प्रकाश सिंह, दिनेश महतो, भुवनेश्वर महतो, डॉ आरसी मेहता एवं डॉ रामनाथ मेहता को बनाया गया। प्रधान महासचिव उपेन्द्र कुशवाहा, महासचिव संतोष महतो, राजेश महतो, राजीव लोचन महतो, दिनेश दांगी और सुबोध




### वार्ता के बाद छात्र संगठनों ने विवि में जड़ा ताला खोला

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिवाइज्ड परीक्षाफल जारी होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छात्र अजसू समेत सभी संगठनों के विरोध के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आउटसोर्सिंग व पीएचडी प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितता को सुधारते हुए 14 दिनों के अंदर नया रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को छात्र संगठनों, कुलपति व विवि प्रशासन के बीच हुई बैठक में कुलपति ने यह आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने विवि में पिछले 14 दिनों से बंद ताला खोल दिया। छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा सस्ते दर पर देश भर में आलू प्याज बेचने वाली कंपनी को कैसे परीक्षा विभाग जैसा महत्वपूर्ण कार्य सौंप दिया गया, इसका जवाब कुलपति और रांची विश्वविद्यालय प्रशासन को देना चाहिए। एचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जो प्रवेश पत्र जारी किया गया था उसमें ना ही परीक्षार्थी का फोटो लगा हुआ था ना ही अटेंडेंस शीट में परीक्षार्थी का फोटो था। परीक्षा भवन में प्रवेश के दौरान किसी का आईकार्ड या आधार भी चेक नहीं किया गया। ऐसे में विश्वविद्यालय ने कैसे पता लगाया कि जिस परीक्षार्थी ने परीक्षा दिया है वह फर्जी है या सही। वहीं कुलपति ने कहा कि 14 दिनों के अंदर आउट सोर्सिंग कंपनी पर निर्णय कर लिया जाएगा, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में जो भी चूक हुई है उसे सुधार कर रिवाइज्ड परीक्षा फल 14 दिनों में प्रकाशित किया जाएगा। इस वार्ता में आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ,राहुल तिवारी, ओम वर्मा, अजीत कुमार सिंह, जेएमएमएम से तालकेश्वर महतो, अमन तिवारी, एबीवीपी से नीरज कुमार, संजय कुमार, मदन महतो, निरंजन महतो, त्रिभुवन सही, अंकित कुमार, अमिताभ कुमार के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।



# नेशनल रिंगबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने झारखंड टीम हरियाणा रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

10वीं नेशनल रिंगबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए झारखंड के खिलाड़ी हरियाणा रवाना हुए। 6 से 8 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे स्टेट रिंग बॉल एसोसिएशन के खिलाड़ी रांची रेलवे स्टेशन से गुरूवार को रवाना हुए। रेलवे स्टेशन में जेबीकेएसएस के देवेंद्रनाथ महतो ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य से महिला एवं पुरुष खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ खेलने गये है। रिंगबॉल पुरुष वर्ग के कप्तान आशीष कुमार महतो एवं महिला वर्ग की कप्तान रूमा कुमारी है। खिलाड़ियों के विदाई देने वालों में स्टेट रिंगबाल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष नवीन कुमार महतो, सचिव संजीव रंजन प्रसाद एवं सुमन मौजूद थे।

### अयोध्या के अक्षत व आमंत्रण को विहिप ने वस्त्र विक्रेताओं के बीच बांटा

**रांची।** अयोध्या से आया पूजित अक्षत के साथ विश्व हिंदू परिषद राज्य के सभी जिला, प्रखंड व मोहल्लें में आमंत्रण दे रहा है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि यह स्वर्ण अवसर हमें मिला है कि घर-घर में प्रभु श्रीराम लला मंदिर अयोध्या धाम का निमंत्रण पहुंचना हैं। सभी कार्यकर्ता इस कार्य में लगे हुए हैं। हमारे संकल्प है कि कोई भी घर इस निमंत्रण से ना छूटे । इस अवसर पर प्रधान लेखागार राजकुमार अग्रवाल के साथ झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के मेन रोड कार्यालय में उपस्थित सभी सदस्यों के बीच निमंत्रण के लिए अक्षत एवं निमंत्रण पत्र बांटा गया। थोक वस्त्र विक्रेता संघ से अध्यक्ष विक्रम खेतावत, सचिव प्रमोद सारस्वत, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, हैप्पी किंगर, कोषाध्यक्ष सौरभ कटारूका, अजय बथवाल, अनिल जालान, राजेश कंहोई, विमल जैन, विक्रम जैन, ओम खेतावत, विपुल जैन, उमाशंकर कनोडिया, विश्व हिंदू परिषद से देवी सिंह, रंगनाथ महतो, राजेश अग्रवाल, मनोज पोद्दार, दीपक ठाकुर, किशुन झा, प्रिंस अजमानी, कुमार गौरव, योगेश खेदवाल, अजय राजगढ़िया सहित कई उपस्थित थे।



# भाजपा अपनी नीतियों व कार्यक्रमों से बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी



## मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है और संघर्ष का फ्रंट लाइन : अमर बाउरी

### युवा अधिवेशन, नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, युवती अधिवेशन होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल अरगोड़ा में गुरुवार को प्रदेश भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, सहित मोर्चा के अध्यक्ष,राष्ट्रीय पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने किया। बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अपनी नीतियों कार्यक्रमों के बल पर जनता का स्नेह आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार और समाज विशेष की पार्टी नहीं बल्कि जन-जन की पार्टी है। पार्टी की नीतियों ने इसे सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सात मोर्चों युवा, किसान, महिला, एसटी, एससी,ओबीसी और अल्पसंख्यक में इस व्यापक स्वरूप का दर्शन होता है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से जन जन तक पहुंचने, सुख दुख में शामिल होकर आवाज बनने का आह्वान किया।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है। संघर्ष का फ्रंट लाइन है। समाज के लोग विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवम कार्यक्रमों को लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि युवा मोर्चा द्वारा युवा अधिवेशन, नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, युवती अधिवेशन, तथा शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन करेगा। महिला मोर्चा के द्वारा महाधिवेशन, स्वयं सहायता संपर्क अभियान, कमल शक्ति वारियर्स, एससी मोर्चा द्वारा दलित अधिवेशन, दलित युवा संवाद, बस्ती संपर्क संवाद, एसटी मोर्चा द्वारा जनजाति महाधिवेशन, जनजाति सम्मेलन, जनजाति चौपाल, ओबीसी मोर्चा द्वारा मोर्चा अधिवेशन, सामाजिक सम्मेलन, युवा संवाद, अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मोर्चा अधिवेशन, स्नेह संवाद, नमो मित्र और किसान मोर्चा द्वारा महाधिवेशन, महासंपर्क अभियान, जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव ने कहा कि सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेवारी है। समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों से मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सीधा और लगातार संपर्क संवाद होता है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में हम सब तन मन धन से जुट जाएं। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने नमो ऐप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को इस अभियान में बढ़ चढ़कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री को सता रहा गिरफ्तारी का भय : बाबूलाल

राज्य सरकार पर संकट मंडरा रहा है। राजनीतिक उठापटक के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के समन के बहाने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर एक बार फिर निशाना साधा है। रांची में एक कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि ईडी के सातवें समन के बाद भी मुख्यमंत्री ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश नहीं हो रहे हैं। इधर-उधर भागे फिर रहे हैं। हेमंत सोरेन को गिरफ्तारी का भय सता रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 7वीं बार समन भेजा है लेकिन मुख्यमंत्री उसके समक्ष हाजिर नहीं हो रहे हैं। वे इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो



उन्हें ईडी के समक्ष पेश होना चाहिए और ईडी के सवालों का जवाब देना चाहिए। गांडेय विधानसभा सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिए ये सीट खाली कराई गयी है। इससे अनुमान लगाया गया कि विधायक के इस्तीफे के बाद गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन को चुनाव लड़ाने की तैयारी है। हालांकि, बाद में सीएम सोरेन ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह बीजेपी की दिमागी उपज है।

### सीएम को तो जेल जाना ही पड़ेगा

उन्होंने आगे कहा, राज्य के मुख्यमंत्री को ईडी ने सातवीं बार समन भेजा और वह यहां से वहां भागे फिर रहे हैं। तो ऐसे में लगता है कि किसी गैर विधायक व्यक्ति के लिए वह सीट खाली कराई गई है। राज्य के मुख्यमंत्री को अब यह पता चल गया है कि किसी न किसी दिन हमें जेल जाना पड़ेगा। बिहार के लालू ने जैसे रबड़ी देवी के लिए सत्ता को सुरक्षित कर दिया था, वैसा ही हाल यहां है।

## ग्रामीण विकास के अवर सचिव अरुण सिन्हा हुए सेवानिवृत्त, अपने अनुभव किये साझा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा की सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में अपर सचिव शैल प्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अवध प्रसाद, जितेंद्र कुमार देव, उप सचिव संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, अवर सचिव चंद्रभूषण, अमरेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मियों ने अरुण कुमार सिन्हा को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह



के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव, अवर सचिव, सहित अन्य पदाधिकारी,कर्मियों ने अरुण कुमार सिन्हा के साथ अपने कायार्नुभव साझा किये। अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने 1990 से सेवा की शुरूआत की। 33 वर्ष सेवा के बाद वे सेवानिवृत्त हुए हैं। समारोह में अरुण कुमार सिन्हा ने सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी, कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किये।

### दक्षिण के फिल्मों में भाषा बाधा नहीं : सिमरन

**रांची।** रांची की सिमरन गुप्ता



साउथ फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमा रही हैं। हाल ही में उनकी तेलगू में आई फिल्म अन्वेशी सुपरहिट रही। फिल्म जगत में करियर बना रही सिमरन ने गुरुवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अभिनय यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शुरू से ही डांस करना, गाना गाना, कैमरे के सामने पोज देना अच्छा लगता था। माधुरी दीक्षित को एक्टिंग करते देख उनके एक्सप्रेशन को कॉपी किया करती थी। मम्मी ने हमेशा सपोर्ट किया। हर जगह मेरे साथ जाती थीं। अपनी साउथ की फिल्मों में काम करने को लेकर कहा कि भाषा बैरियर नहीं बनी।

### कोर्ट की खबरें


## राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट इटखोरी मंदिर विकास समिति के द्वारा दायर रिट याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश को रोक लगा दी। साथ ही निर्देश दिया कि यह याचिका जब तक हाई कोर्ट में लंबित रहेगी तब तक मंदिर का देख रेख तथा वित्तीय अधिकार उपायुक्त, चतरा के पास रहेगा। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट में कहा गया कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर बिना किसी स्पष्टीकरण से मंदिर का प्रबंध नए समिति को दे दी है, जो कि उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। नई समिति का गठन करने के पूर्व पुरानी समिति को जो कि मंदिर का देखरेख करती है उसे स्पष्टीकरण देना होता है की वे मंदिर का विकास सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। कोर्ट को बताया गया कि मंदिर का विकास पुरानी समिति 50-60 सालों से करते आ रही है। कहा गया कि जब माता की मूर्ति चोरी हुई थी तब भी इसी समिति ने मूर्ति कोलकाता से लाई थी। ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया गया ना कानून का बोर्ड के द्वारा अनुपालन किया गया। इसके अलावा राजनीतिक दल के लोगों को नया समिति में रखा गया जबकि पूर्व में उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी आदि मंदिर का देखरेख करते थे। मामले की सुनवाई जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई।

## अमार अंसारी की हत्या मामले में तीनों दोषियों को उम्रकैद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर न्यायायुक्त एसएम सज्जाद की अदालत ने गुरुवार को रातू निवासी अमार अंसारी की हत्या के तीनों दोषियों मो तौकीर खान, छोटू खान और मो इसराफिल को उम्रकैद की सजा सुनायी। साथ ही अदालत ने तीनों पर दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह-छह माह सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। अमार अंसारी, अभियुक्त तौकीर अंसारी का दोस्त था। मामले में प्रभारी लोक अभियोजक मिनाक्षी कंडुलना ने अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किये। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। अदालत ने तीनों अभियुक्तों को 22 दिसम्बर को दोषी करार दिया था। इस संबंध में रातू थाना में मृतक के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।



### क्या है मामला

29 दिसम्बर 2018 की शाम सात बजे अमार अंसारी को चाय पीने की बात बोल कर मो तौकीर खान अपने साथ ले गया। दूसरी दिन यानी दस दिसम्बर 2018 को अम्मार अंसारी का शव सिमलिया के हाजी चौक पर बरामद हुआ था। पुलिस ने मृतक के दोस्त तौकीर को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि वह और उसके दो दोस्त मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। उसके निशानदेही पर छोटू खान और मो इसराफिल को गिरफ्तार किया गया। तीनों को जेल भेज दिया गया था। बाद में मो इसराफिल को जमानत मिल गया था।

### एक नजर

### रांची नागरिक समिति 13 जनवरी को मनाएगी लोहड़ी पर्व

**रांची।** रांची नागरिक समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी 13 जनवरी को धूमधाम से लोहड़ी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ बडालाल स्ट्रीट अपर बाजार रांची चौराहे पर होगा। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह और निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रांची नागरिक समिति के बैनर तले पिछले 35 साल से सार्वजनिक स्थल पर लोहड़ी का आयोजन हो रहा हैं।

### एनोस एक्का ने अस्पताल में भर्ती झापा कार्यकर्ता को दी आर्थिक मदद



**खूंटी।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने गुरुवार को शल्वी डिवाइन सुपर स्पेललिसल्ट्स अस्पताल में जाकर झारखंड पार्टी के वरिष्ठ नेता विस्थापन विरोधी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता विजसय गुड़िया का कुशलक्षेम पूछा। विजय गुड़िया कुछ दिन पहले तोरपा थाना के रायटोली गांव के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका ब्रेन हैमरेज हो गया और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एनोस एक्का ने विजय गुड़िया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके स्वजनों को आर्थिक मदद भी दी।

### रांची के नए एसडीओ का अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने किया स्वागत

**रांची।** रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार का अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने गुरुवार को स्वागत किया। अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान के नेतृत्व में एसडीओ के कार्यालय में भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ को पुष्प गुच्छ और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। एसडीओ ने संवैधानिक ढांचागत परम्परा के अनुरुप रांची जिला में अमन चैन के लिए सहानुभूति पूर्ण ढंग से सहयोग का आदान-प्रदान करने का आश्वासन दिया। अनवर खान ने शहर के के विभिन्न समस्याओं से एसडीओ को अवगत कराया।

## जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में सियासी हलचल के बीच सभी पार्टियां अपने अपने स्तर से तैयारी कर रही है। वहीं झारखंड में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने में जुटा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भी झारखंड के सियासी हालातों पर नजर बना कर रखा है। छह जनवरी को झारखंड जेडीयू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेगा।

इसके मद्देनजर झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पांच जनवरी को रांची पहुंच रहे हैं, जहां वह कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उनके साथ सह प्रभारी व विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे। छह जनवरी को झारखंड जदयू ने कार्यकर्ता मंथन का भी आयोजन किया है, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आगमन होना है। उसको लेकर भी कार्यकर्ताओं को अहम दिशा निर्देश दिए जाएंगे। गौरतलब है कि जिस तरह से वर्तमान में झारखंड की राजनीतिक हालात बने हुए हैं, वैसे में राजनीतिक विशेषज्ञों के द्वारा कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां यह नजर बना कर रखी हुई है कि यदि किसी भी तरह की स्थिति बदलती है तो क्या बेहतर कदम उठाए जा सकते हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की तरफ से भी कार्यकर्ताओं को लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न जिलों में भी कार्यकर्ताओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### अड़की में हुए लूटकांड के 3 आरोपी गिरफ्तार



**खूंटी।** खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंतुरा एवं उलिहातु मोड़ के बीच एक व्यापारी से नए साल के दूसरे दिन मंगलवार को हुई लूट के मामले में शामिल सभी तीन लुटेरों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों में अड़की के हूंट सांगी टोला निवासी मंगरा मुंडा (23 ), तमाड़ थानांतर्गत विजयगिरी गांव के शिवा नाग (19) तथा मारंगहादा थानांतर्गत लांदुपडीह गांव के सोमरा मुंडा उर्फ धनीराम मुंडा (21) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने व्यापारी से लूटी गई एक मोबाइल सहित दो मोबाइल फोन, नकद 27 सौ रुपये, लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक काला रंग का टॉय गन आदि बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि टॉय गन से डराकर व्यापारी को लूटा गया था।

## मिशन 2024 में महिलाएं निभाएं बड़ी भागेदारी : गुंजन सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मैत्री सम्मेलन का आयोजन जिला कार्यालय के मैदान में गुरुवार को आयोजित हुआ। अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष इंदु भगत एवं संचालन मीना देवी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी के साथ-साथ नए लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन 2024 को लेकर पलामू लोकसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो, इसके लिए बेहतर कार्य करने पर बल दिया गया। संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि इस मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। पूर्व और वर्तमान के पदाधिकारी के साथ-साथ जो बहनें अभी पार्टी जुड़ी हैं सभी को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचना है और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ना है, ताकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विजयी हो। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति के बिना कोई भी कार्य अधूरा है। जिला में कांग्रेस पार्टी की सभी विंग एवं डिपार्टमेंट एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। कांग्रेस पार्टी ने लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है।

## आवास बोर्ड के मुख्य अभियंता हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य आवास बोर्ड के मुख्य अभियंता नरेन्द्र प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्ति के पश्चात गुरुवार को बोर्ड की ओर से एक सादे समारोह के दौरान मुख्यालय के सभागार में विदाई दी गई। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में उक्त समारोह का आयोजन किया गया। सभा का संचालन बोर्ड के सचिव बिनय लकड़ा ने की। अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने निवर्तमान मुख्य अभियंता नरेंद्र प्रसाद शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि शर्मा बेदाग रूप से बोर्ड को अपना सेवा दिये ये काफी सारहनीय एवं अनुकरणीय योगदान रहा। इसके लिए बोर्ड हमेशा आभारी रहेगा। इस समारोह में बोर्ड के



प्रबंध निदेशक अमित कुमार, पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, अभियंता प्रमुख झारखंड राज्य आवास बोर्ड रांची प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, सुबोध तिर्की, राजेश महतो, ओम प्रकाश उरांव, श्रीपद चक्रवर्ती हजारीबाग प्रमंडल के रविंद्र कुमार, अजीत कुमार, धनबाद प्रमंडल के कनीय अभियंता राजू दास सहित बोर्ड माख्यालय के सभी कर्मचारी पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीट बंटवारे पर कांग्रेस आलाकमान करेगा फैसला : आलमगीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन के सियासी कयासों पर विराम लगने के बाद अब कांग्रेस के विधायक दल के नेता ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इंडिया गठबंधन के साथ ही 2024 का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए पार्टी ने मन बना लिया है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पार्टी ने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में उन्होंने



झारखंड का फीडबैक दे दिया है। सीट बंटवारे पर कांग्रेस आलाकमान को फैसला करना है। उन्हें नहीं लगता कि सीट शेयरिंग को लेकर कोई परेशानी होगी। इससे पहले बुधवार को सत्ताधारी गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति भरोसा जताया था। झारखंड नेतृत्व पर सस्पेंस खत्म होने के बाद कांग्रेस की ओर से यह बयान आया है कि उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का मन बना लिया है।

### संगोष्ठी : सह खेती के रूप में एग्रो फॉरेस्ट्री के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए

## तसर रेशम उद्योग में बांस की सह खेती कर उठाएं दोहरा लाभ : डॉ. डांडिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में गुरुवार को तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्टी मॉडल की उपयोगिता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एसबी डांडिन, पूर्व कुलपति, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, बागलकोट, कर्नाटक ने तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं तसर रेशम उद्योग में बांस की सह खेती करके दोहरा लाभ उठाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ.एनबी



चौधरी ने तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री की संभावनाओं पर विस्तार से बताया। साथ ही साथ सह खेती के रूप में एग्रो फॉरेस्ट्री के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ.एमएस मल्लिक ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के एग्रो फॉरेस्ट्री व तसर रेशम की संभावनाओं पर जोर दिया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय एग्रो फॉरेस्ट्री संस्थान, झाँसी ने विभिन्न तकनीकियों के उपयोग से मौसम में सही बदलाव को कम करते हुए उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. केएम विजया कुमारी, निदेशक, केमूएअवप्रसं, लादोइगढ़, डॉ.निशिता नायक, निदेशक, सीएसजीआरसी, होसूर, तमिलनाडु, डॉ.योगेश्वर मिश्रा, वैज्ञानिक-जी, वन उत्पादकता संस्थान, रांची, डॉ. आफताब अहमद शबनम, वैज्ञानिक-डी, केमूएअवप्रसं, लादोइगढ़ इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किए । संस्थान के विभिन्न प्रभागों के वैज्ञानिक ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेन्द्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया।

### मैथिली की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण

## पाठकों को मोहित कर लेते हैं महेंद्र के संस्मरण : प्रमोद झा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर गुरुवार को मैथिली के वरिष्ठ रचनाकार डॉ महेंद्र की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दूरदर्शन केंद्र रांची के पूर्व निदेशक और साहित्यकार प्रमोद झा ने कहा कि अपनी प्रवाहपूर्ण एवं प्रांजल भाषा तथा ठेठ मैथिली शब्दों से वह जिस तरह का दृश्य रचते हैं, वह पाठकों को मोहित कर लेता है। मैं डॉ. महेंद्र को इस नई पुस्तक के लिए हार्दिक बधाई देता हूं और प्रकाशक किसुन संकल्प लोक का आभार व्यक्त करता हूं कि मैथिली में इतनी आकर्षक साज-सज्जा में पुस्तक को पाठकों को उपलब्ध कराया।



मैथिली के सुपरिचित साहित्यकार और रांची यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर नरेंद्र झा ने कहा कि डॉ. महेंद्र ने जिस संवेदना और सौंदर्यबोध के साथ अपने संस्मरणों में साहित्यिक व्यक्तित्वों का शब्द चित्र उकेरा है, वह विरल है। वह विभिन्न जगहों, परिवेशों एवं लोगों की आत्मा में पैठकर उसके भीतरी सौंदर्य को प्रकट करते हैं।

साहित्यकार और भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि डॉ महेंद्र के संस्मरण इतने संवेदनशील एवं पठनीय हैं कि पाठक उसके प्रवाह में सुध-बुध बिसरा बैठता है और एक ही बैठक में पूरी पुस्तक को पढ़ सकता है। उन्होंने बहुत कलात्मकता के साथ विभिन्न साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का वर्णन किया है।

## एक नजर

### शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में छात्रों ने औद्योगिक केंद्रों का किया अवलोकन



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली के एकादश वाणिज्य के बच्चों ने शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण गुरुवार को किया। भैया- बहनों ने दो कंपनी भंडारी फीड्स प्राइवेट लिमिटेड, बबनभै एवं सिद्धधात्री, आहार प्राइवेट लिमिटेड, डेमोटांड़ हजारीबाग में जाकर फैक्ट्री मैनेजमेंट, सेल्स, प्रोडक्शन, डिस्पैच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की' भंडारी फीड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज भंडारी एवं एचआर हेड जसवंत कुमार गुप्ता के सहयोग से बच्चों को कंपनी के बारे में जानकारी दी गई। कंपनी के मैनेजर शैलेंद्र सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं फैक्ट्री मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से बताया, वहीं सिद्धिधात्री आहार प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, संगीत सोनल, एचआर हेड, हुकुम सिंह चौहान, अकाउंट्स मैनेजर, निलेश सिन्हा एवं प्रोडक्शन एंड डिस्पैच हेड, यश सिन्हा के द्वारा बच्चों को काफी सहयोग प्राप्त हुआ। उपर्युक्त दोनों कंपनियों के सहयोग से बच्चों ने कंपनी मैनेजमेंट के बारे में जानकारी प्राप्त की। भैया- बहनों ने औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं वाणिज्य विभाग के आचार्य विनीत कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर प्राप्त की। मौके पर विद्यालय कार्यालय प्रमुख कुमार प्रवीण, आचार्य नरेंद्र कुमार सिन्हा एवं कक्षा एकादश वाणिज्य के भैया -बहन उपस्थित थे। भैया-बहनों का वाणिज्य के क्षेत्र में अद्यतन जानकारी एवं आगामी दिनों में इस क्षेत्र में करियर बनाने एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन हुआ।

### पकड़ा गया मोबाइल छिनतई का आरोपी

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत मटवारी गांधी मैदान के समीप से मोबाइल चोर विक्की कुमार पिता अशोक मसीह तिर्की गांधी मैदान थाना कोर्रा जिला हजारीबाग को मोबाइल छीनते हुए पकडा गया। जिसके विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 03/24 दिनांक 04.01.24 धारा 356/382/414 भा.द.वि. के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियुक्त के पास से दो मोबाइल को विधिवत जप्त किया गया।

### विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 15 लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**बरही ।** बिजली विभाग का छापेमारी अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को मलकोको, पड़रिया आदि क्षेत्रों में छापेमारी दल ने 15 लोगो के घरों में अवैध बिजली कनेक्शन पाया। इन सबों की बिजली विभाग ने बकाया बिजली बिल जमा नही करने के कारण काट दिया था। परंतु सभी अवैध रूप से टोका लगाकर बिजली उपयोग कर रहे थे। इन सबों का कनेक्शन काटते हुए सभी के खिलाफ बरही थाना मे प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव मनाने का किया गया आग्रह

# मंदिरों में होने वाले हवन कीर्तन में शामिल होने की गयी अपील



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अयोध्या से आए पूजीत अक्षत और श्रीराम जी की तस्वीर को प्रत्येक घरों में आमंत्रण पत्र के साथ वितरित करने का कार्य 1 जनवरी से प्रारंभ किया जा चुका है। साथ ही सभी सनांतनियों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के साथ अपने नजदीकी मंदिरों में आयोजित होने वाले हवन कीर्तन में शामिल होने की अपील की जा रही है। उक्त बातों की जानकारी प्राचार्य, सह जिला प्रमुख( मातृशक्ति ) सिंधु झा ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा की वितरण के लिए मिले अक्षत और आमंत्रण पत्रिका लेकर वो स्थानीय महिलाओं के सहयोग से टोली बनाकर मरार क्षेत्र के सभी टोले मोहल्लों के घरों में जा रहीं है जहां गृहणियों द्वारा पूजीत अक्षत की आरती उतार उनका स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने बताया की उनके द्वारा सभी निवासियों को 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने गली मुहल्लों और मंदिरों में दीप ज्योति जलाकर भव्यता से दीपावली मनाने के लिए आग्रह किया जा रहा हैं। साथ हीं प्रति दिन उस अक्षत कलश को मरार स्थित हनुमान मंदिर में रख कर संध्या आरती एवं भजन कीर्तन का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष भी शामिल हो रहें है। अक्षत वितरण के इस कार्य में उनके साथ मुख्य रूप से प्रगति कुमारी, प्रियंका देवी, नेहा देवी,गीता देवी, मनिया देवी, शुशीला देवी, फूलकुमारी देवी, सुगिया देवी, ढकोचन देवी, डोली देवी, सोनी कुमारी, मंजू देवी, ज्योति, मंजू देवी, सरिता देवी,गुड़िया, सबिता,आरती देवी, मनीसा आदि शामिल हुई ।

# अबुआ आवास में कच्चे मकान वालों को प्राथमिकता दी जाएगी : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड होन्हे पंचायत, पोटमदगा पंचायत और सिरु पंचायत में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। होन्हे पंचायत में मुखिया राजीव मेहता के अध्यक्षता में, पोटमदगा पंचायत में रंजु देवी की अध्यक्षता में और सिरु पंचायत में वीणा देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रुप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ग्राम सभा में सर्वसम्मति से अबूआ आवास जिनका कच्चा मकान मिट्टी का है उन्हीं को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें किसी तरह का कोई भेदभाव या गलत नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति गलत करते हुए पाया जाता है तो उसपर कार्रवाई की जाएगी।इस ग्राम सभा में पंचायत सचिव ममता कुमारी, प्रकाश चटर्जी, झमनलाल महतो, रोजगार सेवक मनोज कुमार, कलाम अंसारी, आशीष कुमार, सुधीर महतो, सुमन कुमारी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक



रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में निर्वाचन के मद्देनजर गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों/ प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों आदि की जानकारी सभी को दी गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन समन्वय कोषांग सहित अन्य कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों को उनके उनके कार्यों से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई पुस्तिका व मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपने-अपने कोषांग की बैठक आयोजित कर कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों से संबंधित कार्य योजना आदि तैयार करने का निर्देश दिया।

### स्पेल बी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



रामगढ़। शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र अपने कौशल की खोज के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। कक्षा 3-8 तक के 122 छात्रों ने स्पेल बी इन स्कूल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें से 74 छात्रों ने अंतर स्कूल प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त की। छात्रों ने अपने प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र अर्जित किया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के कारण छात्र शिक्षा में अच्छे परिणाम के लिए प्रतिस्पर्धा करना सीखते हैं और अपने भाषा कौशल का विकास करते हैं। कहा की इन प्रतियोगिताओं से युवा दिमागों को वर्तनी कौशल, संचार कौशल, शब्दावली, अवधारणाओं को समझने, उच्चारण में सुधार करने के लिए प्रेरित करती है और इस तरह अंग्रेजी भाषा के सही उपयोग के लिए प्रेरित करती है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोरा, सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्पिंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने छात्रों के प्रयास की सराहना की और उन्हें इंटर स्कूल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### गैड़ा में बैकुंठ धाम गेट निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैड़ा निवासी समाज सेवी बासुदेव नायक के द्वारा अपने पिता के स्मृति में गैड़ा ग्राम के शमशान घाट पर बैकुंठ धाम गेट का निर्माण करने के लिए भूमि पूजन ऋषिकेश पाण्डेय एवं इनके धर्म पत्नी अनीता देवी के हाथों पंडीत अर्जुन पाण्डेय के द्वारा विधिवत मंत्रोचार के साथ किया गया। उप मुखिया चंद्रदीप पाण्डेय ने बताया कि बासुदेव नायक समाज में दान तथा सेवा देने में गैड़ा पंचायत के सबसे महान व्यक्ति हैं। यह लोगों को हमेशा शिक्षा देते हैं की इमानदारी और मेहनत से समाज के सेवा करना चाहिए जो समाज के लिए कुछ नहीं किया उसे इस दुनिया में कुछ नहीं मिला ऐसा व्यक्ति का जीवन व्यर्थ है। इनके द्वारा मन्दिर रोड यज्ञ पूजा तथा अन्य धर्म कार्य में हमेशा ग्रामीणों को दान तथा सहयोग देते आ रहे हैं। इस मौके पर उप मुखिया चंद्रदीप पाण्डेय,अर्जुन पाण्डेय,कृष्णदेव मोदी, ऋषिकेश पाण्डेय,अनीता देवी, श्यामाकांत पाण्डेय, वासुदेव नायक, वीना देवी,चूरामन पाण्डेय, रेवा नायक, कुमार सौरभ पाण्डेय, उमेश पंडित, देवाशीष पाण्डेय,सागर साव, सौरभ पाण्डेय, रामदेव मोदी, द्वारिका मोदी, राधेश्याम नायक समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### चेचकपी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत में अबुआ आवास को लेकर मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि चेचकपी पंचायत अंतर्गत योग्य परिवार के लोगों का आवास हेतु कमेटी द्वारा चयन किया गया है। इस ग्राम सभा में पंचायत समिति सदस्य सूरज मुनि देवी, उप मुखिया ममता देवी तथा सभी ग्राम से वार्ड सदस्य के साथ मिलकर ग्राम सभा किया गया।वहीं रीता देवी ने कहा कि मेरे पंचायत में जो भी आवास हीन व्यक्ति तथा गरीब व्यक्ति हैं उन्हें आवास देने में हमारी पहली प्राथमिकता होगी।कहा यदि कोई आवास के नाम पर बिजोलिया गांव में घुमा और पैसा का उगाही करेगा तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। कहा यदि किसी अहर्ता धारी का नाम छूट जाए तो हम आवास लिस्ट में जोड़ने का काम करेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, राजेश साव, दशरथ सिंह, प्रकाश सिंह, वार्ड सदस्य जासो देवी, पुष्पा देवी, शीतल टुडू, कैलाश टुडू, वासुदेव सिंह, विजय सिंह, यमुना सिंह, राजकुमार मुर्मू , शिबू मांझी, राजू मांझी, धनेश्वर सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

रामगढ़ । कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सांडी ऋषि कांटा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। बाद में घायलों को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि केरीबंदा निवासी दिलीप टुडू और राजेश हेंब्रम बाइक संख्या जेएच24जे 3869 पर सवार होकर रामगढ़ से अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान कांटा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिर गए। जिससे वे घायल हो गए।

सूर्यकुंड उत्सव सह सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर ब्लूप्रिंट तैयार

# भोजपुरी स्टार खेसारी लाल समेत अन्य कलाकार कार्यक्रम में होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड उत्सव सह सम्मान समारोह मनाने को लेकर ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। दस जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण भोजपुरी स्टार खेसारीलाल यादव होंगे। उक्त जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि खेसारीलाल यादव के अलावा गायक पद्म श्री मुकूंद नायक, सारेगामापा गायिका शालिनी दुबे समेत अन्य कलाकार कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया कि यह कार्यक्रम दो सेशन में होगा पहला बारह बजे से चार बजे तक सम्मान समारोह आयोजित की जाएगी उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि दस बजे तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम में क्षेत्र के सेवा निवृत्त व सूर्यकुंड के उत्थान में अहम योगदान देने वालों को विशेष चिन्ह सूर्यकुंड श्री से सम्मानित किया जाएगा। सुनील कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में किसी भी व्यक्ति को बिना पास लिए इंट्री नहीं होगी। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार पर्यटन के क्षेत्र में एशिया प्रसिद्ध सूर्यकुंड को ए ग्रेड श्रेणी में रखा है। फिर भी आज यह उपेक्षित है।

धनवार मुखिया ने सखी मंडल को उपलब्ध कराया मिनी ट्रैक्टर

# बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं को हमेशा मिलेगा सहयोग : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पंचायत के ज्योति सखी मंडल को मिनी ट्रेक्टर और केजुअल व रोटर उपलब्ध कराया। गुरुवार को पंचायत मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने ट्रैक्टर की चाभी सखीमंडल को सौंपी। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर भुमि संरक्षण विभाग के सहयोग से उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 80 फीसदी सब्सिडी प्राप्त है। मुखिया ने बताया कि ट्रैक्टर देने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के आय में वृद्धि करना है। बेहतर कार्य करने वाली संस्थाओं को सरकार हमेशा सहयोग करेगी। अब महिला मंडल की दीदियां कृषि ने और अधिक मेहनत करेगी जिससे धनोपार्जन बढ़ेगा। महिलाएं और उनका परिवार सशक्त होगा। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बेहतर तरीकों से कार्य करने की सलाह दी। यह भी बताया कि बेहतर कार्य करने वाले सखी मंडल को अगले छः महीने में एक और ट्रैक्टर उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला नेत्री ममता देवी ने कहा कि महिलाओं का कृषि कार्य ने आगे आना सुखद समाचार है। जो बेरोजगारों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कार्यक्रम में सखी मंडल की संजु मेहता, लक्ष्मी देवी, अशोक यादव, प्रकाश साव, सीताराम रविदास, वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, रमण कुमार, विकाश यादव, रामदेव सिंह, बासुदेव यादव आदि कई ग्रामीण मौजूद थे।

# करियातपुर में अक्षत वितरण प्रारंभ मातृ शक्तियां अति उत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गुरुवार से करियातपुर पंचायत में अयोध्या पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम 151 रामभक्तो के घर से प्रारंभ किया गया। जिसकी अगुवाई प्रखंड संयोजक चंदन कुमार केसरी व सह संयोजक संतोष कुमार प्रजापति ने किया। वितरण कार्यक्रम में पंचायत के सैकड़ों रामभक्त शामिल रहे। इस लोगो को मंदिर उद्घाटन के दी दीपोत्सव मनाने,मंदिरों में भजन कीर्तन करने और आपस में मिठाई बांटकर खुशियां मनाने की अपील की गई। प्रखंड संयोजक ने बताया कि शीघ्र ही करियारपुर पंचायत के हर सनातनी के घर तक अक्षत और श्रीराम की तस्वीर पहुंचाकर मंदिर निमंत्रण कार्य पूरा कर लिए जायेंगे। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति में काफी उत्साह है। इस दौरान प्रिया रानी, नंदिनी केसरी, ललिता केसरी, कलावती केसरी, अंकित केशरी आदि ने महती भूमिका निभाई।

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# बेहतर कार्य करने वाली संस्थाएं होंगी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को जानकारी देते हुए कहा कि नई पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष से रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/ संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किये हों उन्हें रामगढ़ जिला पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने 'रामगढ़ जिला पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर समिति गठित करने एवं विकास कार्यों सहित पुरस्कार दिए जाने हेतु विभिन्न पैमाने तैयार करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली झांकियों के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागों का चयन करते हुए उनके संबंधित अधिकारियों को इस वर्ष योजनाओं अथवा विकास कार्यों से सबंधित थीम चयनित करते हुए थीम के आधार पर झांकी आयोजित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 19, 20, 22 एवं 23 जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जाएगा एवं अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को प्रशिक्षण के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 12:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मद्यशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया।

# समाजसेवी अशोक अग्रवाल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई, वरिष्ठ समाजसेवी सह मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का निधन बीते 31 दिसंबर को इलाज के दौरान हो गया था। 1 जनवरी को खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन किया गया। इनकी निधन के बाद सांसद, विधायक समाज के सभी गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया। वहीं गुरुवार को अग्रसेन भवन के सभागार में मारवाड़ी समाज के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें मारवाड़ी अग्रवाल समाज, अग्रवाल युवा मंच, खंडेलवाल वैश्य पंचायत, दिगंबर जैन पंचायत, अग्रवाल महिला मंडल, रानी सती मंदिर समिति, नारी शक्ति, मारवाड़ी युवा मंच, हजारीबाग यूथ विंग, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज सहित कई सामाजिक संस्था एवं समाज के कई गणमान्य लोगों ने अशोक अग्रवाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके पश्चात शांति पाठ किया गया। इसके उपरांत समाज के गणमान्य लोगों ने अशोक अग्रवाल के साथ बिताए गए कुछ पल को लोगों के साथ साझा किया पूरी सभागार नम आंखों से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रही थी। अंत में 2 मिनट का मौन रखा गया जिसके साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई।

### गिद्दी परियोजना में 60 टन के नए हॉलपेक का हुआ उद्घाटन

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी ए परियोजना में गुरुवार को 60 टन का नया हॉलपेक मशीन का उद्घाटन किया गया। अरगड्डा क्षेत्र के एसओएक्स संजय कुमार और गिद्दी पीओ आरके सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर हॉलपेक का उद्घाटन किया। इसके पहले पंडित बबलू पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद गिद्दी परियोजना के पीओ आरके सिन्हा ने कहा परियोजना में इस नया हॉलपेक के उद्घाटन होने से उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हॉलपेक आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लेश है। पीओ ने बताया उद्घाटित हॉलपेक एलएनटी कंपनी के कमात्सू की 60 टन क्षमता की है। इसकी किमत 2 करोड़ 36 लाख है। इस अवसर पर पीओ आरके सिन्हा, मैनेजर दिलीप कुमार, एसएन मिश्रा, अयोध्या करमाली, धीरेंद्र कुमार, कुमुद रंजन, राजकुमार, अशीष कुमार, विकास कुमार सहित परियोजना के दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

# अशोक व अजय बने चौबे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता। चलकुशा**
भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक वर्णवाल एवं मंडल महामंत्री अजय सिंह को हजारीबाग जिला अंतर्गत चौबे रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। मनोनित होने पर भाजपा जिला कमिटी एवं कार्यकताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी। वही मनोनित के बाद अशोक बर्नवाल और अजय सिंह ने कहा ने कहा कि हम खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही रेलवे की समस्या को बैठक में रखने का काम करेंगे। बधाई देने वालों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी,बरकट्ठा विधायक माननीय अमित कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, प्रदेश प्रवक्ता सह जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिला पिछड़ा उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी,सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, पूर्व उप प्रमुख दुर्गा यादव,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साव, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, मंडल मंत्री सुरेंद्र पंडित, पुर्वमुखिया कुमार मोदी, नंदकिशोर बरनवाल, दीपक मोदी, पिंटू मोदी, सहदेव यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव साव, मुरली साव, मिडिया प्रभारी विक्रम सिंह, मुन्ना यादव इत्यादि लोग शामिल हैं।

## एक नजर

### पेड़ से गिरने से शिशु मंदिर केतुङ्गाधाम के शिक्षक की हुई मौत

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत छोट केतुङ्गा गांव निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक नरायण सिंह की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिक्षण नारायण सिंह अपने बकरियों के लिए डाली तोड़ने के लिए बेर के पेड़ पर चढ़े हुए थे ,इसी दौरान पैर फिसलने से वह जमीन पर गिरे और माथे में गहरी चोट लगी, इधर स्थानीय लोगों को पता चली तो उन्होंने तत्काल उसे उठाकर घर लाया लेकिन इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने शिक्षक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया । जहां पर शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

### एसपी ने जलडेगा थाना पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण



**जलडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ ने गुरुवार को पुलिस निरीक्षक जलडेगा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न पंजीयो का अवलोकन किए निरीक्षण के क्रम में जो भी अच्छी पाई गई, उसके के लिए सराहा गया एवं जो भी त्रुटियां मिली उसे निराकरण करने का निर्देश दिया गया। समय समय पर थानों का लगातार निरीक्षण किया जाता हैं जिससे हमारी कार्यशैली में सुधार किया जा सके। इस क्रम में अंचल कार्यालयों के समस्याओं से भी अवगत होते हैं ताकि जो भी समस्या हो उसे जिला स्तर से समाधान किया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जलडेगा अंचल और सालों की अपेक्षा कांड कम रहा, कांड निष्पादन एवं प्रवेक्षण की स्थिति ठीक है। इस दौरान डेली रिपोर्ट एवं पंजी संधारण की भी जानकारी दिया गया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों में मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हुई समीक्षा बैठक

# ससमय सुविधाओं को सुनिश्चित कराने के लिए पदाधिकारियों को दिये निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को निर्वाचन से संबंधी कार्यों एवं आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पोलिंग बूथ पर बेसिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में शिक्षा विभाग एवं निर्वाचन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए ससमय सुविधाओं को बहाल सुनिश्चित कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने ने कहा कि सभी पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय एवं पेयजल व अन्य बेसिक सुविधाएं पोलिंग पार्टी को उपलब्ध कराना है। इस हेतु उपायुक्त महोदय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा एवं शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार को जिले के वैसे स्कूल जिनमे पोलिंग बूथ है एवम बेसिक सुविधा की अभाव है, उनका भ्रमण करते हुए सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया?। उन्होंने कहा कि जिस स्कूल में बेसिक सुविधा की अभाव है। उन विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति के फंड से से शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कराने की बात कहीं। चिन्हित करने के बाद अन्य सुविधाएं जिले के मद से उपलब्ध कराने हेतु अग्रेतर करवाई की जाएगी।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला योजना पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा एवं अन्य उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखण्ड के बांकी पंचायत भवन में गुरुवार को साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बानो थाना के एएसआई अक्षयवर राम ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि साइबर क्राइम से बचें।इस समय अपने को अधिकारी बता कर ,बैंक स्टाफ बता कर या बड़ी कम्पनी में काम दिलाने के नाम पर लोगो को ठग लेते हैं। गावों में शराब बनाने से मना करें ,गाँव में देशी शराब बनाने से गाँव का माहौल खराब हो जाती है।इस समय घर छोटे बड़े वाहन है।आज के युवा वर्ग काफी तेज गति से वाहन चलाते हैं उसे मना करें। कम उम्र के लोगो को मोटरसाइकिल चलाने न दे ,वाहन चालक गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, साथ रखे ताकि वाहन जांच में पकड़े नही जाय ।आज के समय में वाहन दुर्घटना से मृत्यु दर बड़ी है सड़क पर सावधानी से चले वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें। अब हेल्मेट नही पहनने पर1000 रु फाइन लिया जा सकता है। चार पहिया वाहनों के चालक भी सीट बेल्ट लगा कर चले ।भीड़ भाड़ में तेज गति गाड़ी न चलाएं।

## न्यूज बॉक्स

### एसके बागे कॉलेज के प्रोफेसर के निधन पर शोकसभा का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा।** एस के बागे महाविद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर रमण कुमार ठाकुर के निधन पर महाविद्यालय परिवार में शोक सभा का आयोजन किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई। को दी गई। उनकी मृत्यु पर कॉलेज के सहकर्मी और छात्र-छात्राएं गहरी संवेदना व्यक्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे लम्बे समय बीमारी से ग्रशित थे जिनका ईलाज चल रहा था जिसके बाद उनकी निधन हो गई ।इधर सूचना मिलते ही पूरा महाविद्यालय परिवार दुःख जाहिर किया और उनकी आत्मा की शांति हेतु शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी कक्षाएं स्थगित कर दी गई। मौके पर दो मिनट का मौन रखकर सबों ने श्री ठाकुर की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। मौके पर प्रोफेसर विद्याबंधु शास्त्री प्रोफेसर संजय प्रसाद, प्रोफेसर डॉ रीना जया, प्रोफेसर नूतन, प्रो रविकांत मिश्रा प्रोफेसर रोशन, प्रोफेसर संगीता प्रोफेसर सुजाता नंदा ,सुबोध , अजय, नकुल के साथ महाविद्यालय के कई प्रोफेसर एवं कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, बिजली बिल माफ करने, आंगनबाड़ी सेविका चयन, एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

### ग्रामीणों के आग्रह पर टूटे हुए पुल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रखंड प्रमुख



ठेठईटांगर। प्रखंड के ताराबोगा पंचायत अंतर्गत भवनाडीपा गांव जाने वाले मार्ग पर पिछला बरसात में अत्यधिक वर्षा के कारण गर्डवाल को तोड़ते हुए पुल का सारा मिट्टी बह गयी।इसके कारण उन्हें जाने आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गुरुवार को ग्रामीणों के आग्रह पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज गांव पहुँचे। वहां देखा कि निश्चित ही यहां पर आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।संबंधित स्थान में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आप लोग एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित कीजिए सभी मिलकर के श्रमदान कर इस टूटा हुआ पुल को मरम्मत करेंगे एवं आवागमन को किसी तरह से हम लोग शुरू करेंगे क्योंकि इस स्थान पर एक स्पेन या दो स्पेन का पुल बनेगा तभी टिकेगा अभी फिलहाल काम चलाव बनाते हैं ।ग्रामीणों द्वारा बैठक कर तिथि निर्धारित करने की बातें कही गई ।अंत में सभी ने प्रखंड प्रमुख को धन्यवाद दिया एवं इसी तरह से क्षेत्र में घूमते रहने एवं सभी से मिलते जुलते रहने का आग्रह भी किया मौके पर कांग्रेस पार्टी के अमृत चिराग तिर्की,मो. वाहिद,गाब्रिएल कुल्लू, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बानो के उरमू व चांदसाय गांवों में आंगनबाड़ी सेविकाओं का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखण्ड के डुमरिया पंचायत के उरमु पहान टोली से बहमनी भुइयां व गेनमेर पंचायत के चांदसाय आंगनबाड़ी केंद्र के लिये रेशमा केरकेट्टा का आंगनवाड़ी सेविका के रूप में चयन किया गया।नव चयनित आंगनबाड़ी सेविकाओं को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिये। मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि यह चयन अस्थायी है।सरकार द्वारा निर्धारित दर पर मानदेय का भुगतान किया जाएगा उरमु पहान टोली में चयन के लिये दो व्यक्ति थे परंतु बहमनी भुइयां की अहर्ता अधिक होने के कारण उसका चयन किया गया।वहीं गेनमेर पंचायत के चाँदसाय केंद्र के लिये रेशमा केरकेट्टा का निर्विरोध चयन किया गया। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा नव चयनित आंगनबाड़ी सेविका सेवा भाव से गाँव मे अपना कार्य करें।हमे खुशी हुई कि गांव की दो महिलाओं को अपने गांव मे रोजगार मिला मौके पर महिला सुपरवाइजर संगीता देवी ,हीरालाल साहू व पंचायत के मुखिया व ग्रामीण उपस्थित थे।

उपायुक्त ने श्रम, नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विभाग की समीक्षा बैठक की

# सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ श्रमिकों को मिलना चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवम कौशल विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के दौरान विभागन्तर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। सरकार के द्वारा श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजना शुरू की गई है, जिसका सीधा लाभ श्रमिक जन को मिलना है। निबंधन, पेंशन, उपचार के लिए चिकित्सा राशि, दुर्घटना के मामले में सहायता, मरणोत्तर देय राशि, एक्सीडेंटल लाइफ इंश्योरेंस, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, कौशल उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता, विवाह सहायता, जैसे अन्य लाभ मिलते है। उपायुक्त ने जिले के सभी श्रमिकों को योजना का लाभ मिलें, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश श्रम अधीक्षक को दिया। जिले में असंगठित श्रमिक एवं प्रवासी श्रमिकों की निबंधन संख्या को देखते हुए और तेजी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया साथ ही प्रवासी मजदूरों का शतप्रतिशत पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में योजना के तहत पीड़ित श्रमिक को ससमय लाभ दिलाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने नियोजन विभाग अंतर्गत संचालित कार्य योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने रोजगार मेला का आयोजन, बेरोजगारों का प्रशिक्षण, पोर्टल पर निबंधन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त महोदय ने रोजगार मेला का आयोजन कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जुड़ने का निर्देश दिया। नियोजन विभाग से जिले के बेरोजगारों लोगों मिलने वाले सुविधाओं का सभी प्रखंड में प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया।बैठक में श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मक्सीमा लकड़ा उपस्थित थे।

# विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी दोपहिया वाहन लेकर ना आएं : सत्यजीत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

संत मेरिज प्लस टू हाई स्कूल सिमडेगा की प्रांगण में विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच गुरुवार की सुबह सड़क सुरक्षा संबंधी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर फ्रेडरिक कुजूर के द्वारा विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए एक क्विज कराया गया और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।तत्पश्चात उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा नामित सड़क सुरक्षा के विद्यालय स्तर के नोडल पदाधिकारी सत्यजीत कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि हमें सड़क सुरक्षा नियम को पालन करना है। हेलमेट पुलिस के लिए नहीं अपितु अपने लिए पहनना है। उन्होंने कहा सिमडेगा जिले में पिछले कुछ दिनों से कई सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिली है, जिसका प्रमुख कारण हेलमेट न पहनना, सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन न करना, अधिक स्पीड से वाहन चलाना है।

पिड़ियापोश में झामुमो नेताओं ने दो नए ट्रांसफार्मरों का किया उद्घाटन

# ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमडेगा के पदाधिकारी के प्रयास के बाद बोलबा प्रखंड के पिड़ियापोस बाजारटोली एवं पहानटोली गांव में 25-25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। वहीं गुरुवार को झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव सफीक खान एवं प्रचारक कल्लू के द्वारा रिबन काटकर दोनों नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ट्रांसफार्मर मिलने पर गांव वालों में खुशी की लहर देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 7 महीना से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से गांव वाले अंधेरे में रहने पर विवश थे, इसके अलावा पठन-पाठन सहित सभी चीजों को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और क्षेत्र में हाथियों का प्रकोप लगातार बढ़ा है, ऐसे में ग्रामीण लगातार भय के माहौल में रह रहे थे। मामले की जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी को दी गई। जिसके बाद उन्होंने तत्काल विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात करते हुए ट्रांसफार्मर मुहैया कराई, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मौके पर ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष क्लेमेंट बाड़ा, उपाध्यक्ष मो जैनुल अंसारी, क्रिस्टॉफर डूंग डूंग, आगपित डूंग डूंग, जेंडर मिंज, विवेक प्रशाद, सीमान मिंज, सोएब अंसारी, आनंद प्रसाद, प्रचारक इल्याजर कुल्लू, अलबिनुस डूंग डूंग, सुकांति कुमारी, कोरनेलिया देवी, पूनम डूंग डूंग, जीनत परवीन, नैनु मिंज आदि मौजूद रहे।

### सिमडेगा एसडीओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विभिन्न प्लस टू विद्यालयों का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** सिमडेगा एसडीओ के द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत गुरुवार को सिमडेगा के विभिन्न प्लस टू विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ के द्वारा सभी कॉलेज के प्रधानाध्यापक से बातचीत करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कॉलेज में जितने भी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र/छात्राएं हैं उनका अविलंब प्रपत्र-6 पत्र भरवाएंगे। साथ ही प्राप्त प्रपत्र-6 को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एंट्री कराने का अनुरोध किया गया, ताकि 18 वर्ष पूर्ण किए गए युवा/युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। जांच के क्रम में अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए वही मौके पर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को निदेश दिया गया कि जितने भी प्रपत्र-6 कॉलेज में जमा किए गए हैं उनका अविलंब प्रविष्टि कराया जाए ।निरीक्षण के क्रम में संबंधित कॉलेज/महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक, बीएलओ सुपरवाईजर, एवं बीएलओ उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस की विभिन्न योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जेएसएलपीएस द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक कि गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रागी, वित्तीय समावेशन, जेआईसीए, हर्बल ब्यूटी प्रोडक्ट, जोहार एवं अन्य बिंदुओं से संबंधित समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने कोलेबिरा स्थित रागी सेन्टर से बनने लड्डू, केक, नमकीन सामग्री आदि की वृहद पैमाने पर मार्केटिंग कराने एवं पैकेजिंग की गुणवत्ता को बढ़ाने का निर्देश दिया। बच्चों में पोषण की कमी को दूर करने हेतु स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर मड़वा का आटा और लड्डू वितरण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने जिले में संचालित टोमेटो प्रोसेसिंग यूनिट से सॉस का उत्पादन शुरू किया गया है जिसका पैकेजिंग कर बिक्री कराने का निर्देश दिया। साथ ही हर्बल ब्यूटी प्रोडक्ट संबंधित कार्य एवं व्यवसाय करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए दिलाई गई शपथ

# विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रही है मोदी सरकार : ओमप्रकाश




**नवीन मेल संवाददाता। समडेगा**

सदर प्रखंड के बंगरू एवं बरपानी पंचायत में गुरूवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनीयार खलखो ,मुखिया युदिका किंडो एवं मुखिया रेखा निराली बरवा, प्रभारी ओमप्रकाश साहु ,दीपनारायण दास, तुलसी साहु घनश्याम सिंह, अनुप प्रसाद ,सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हैं। कहा कि हम शपथ लेते हैं कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को सरकार करेंगे।

मौके पर कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाया जाए। इसके लिए हम सबों को उसमें योगदान देना पड़ेगा ,तभी यह हमारा शपथ लेना सार्थक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास का किरण पहुंचाना चाहते हैं।इस उद्देश्य में हम सभी प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर उनका सहयोग कर सकते हैं ताकि मोदी जी का सपना पूरा हो सके और देश इस समृद्धि और विकास के रास्ते पर आगे बढ़े। उपस्थित अतिथियों ने लाभुकों के बीच उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर एवं आयुष्मान भारत के तहत हेल्थ कार्ड का वितरण किया । मौके पर केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभ लिए ग्रामीणों का अनुभव साझा कराया गया ,वहीं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनाया गया ।साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आहवाहन किया। मौके पर प्रखंड कर्मी पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा सिमडेगा कार्यालय में युवा मोर्चा की हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला कार्यालय में गुरुवार को युवा मोर्चा की जिला समिति की बैठक आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि प्रियांक भगत उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मोर्चा के कार्यकर्ता इसके लिए तैयार हो।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारत युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति वाला देश है एवं भारतीय जनता पार्टी में सबसे अधिक युवा कार्यकर्ता है ,इसीलिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन मजबूती में लग जाए।मंच संचालक अनिरुद्ध सिंह ने की ।मौके पर श्रीलाल साहू ,अमित अग्रवाल, रूपेश बड़ाईक , विद्या बड़ाईक , लक्ष्मण साहू, मनीष कुजुर ,विवेक कु श्रीवास्तव , शिव साहू, महावीर मेहर ,सोमलाल बेसरा, गणेश्वर साहू, अभिषेक कु साहू, महेश सिंह ,आर्यन कु गुप्ता ,यशवंत रावत ,राहुल कुमार, राहुल मिश्रा ,संजय नाग ,आलोक प्रसाद ,रामप्रसाद राम उपस्थित हुए वही धन्यवाद ज्ञापन सुभाष महतो ने दी।

## एक नजर

### कुएं में गिरे हाथी के बच्चे को बाहर निकालने में जुटा वन विभाग

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत अंडा गांव में बुधवार रात हाथी भगाने के दौरान हाथी का एक बच्चा कुएं में गिर गया। कुआं लगभग 15-20 फीट गहरा है और उसमें पानी नहीं है। वन विभाग की टीम गुरुवार की सुबह अंडा गांव पहुंची। दो जेसीबी की मदद से बच्चे को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि चांडिल क्षेत्र के अंतर्गत आंडा गांव में चौका पालना एलीफेंट ड्राइंग टीम द्वारा एलीफेंट को ड्राइंग कराने दौरान हाथी का बच्चा सूखे कुएं में गिर गया। रातभर हाथी चिंघाड़ता रहा। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से 15 से 20 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में घूम रहा है। हाथियों का झुंड किसानों की फसलों और घरों को क्षतिग्रस्त कर रहा है।

### शव यात्रा को रोका गया, प्रशासनिक पहल पर शव को भेजा गया श्मशान घाट

**गिरिडीह।** जमुआ थाना अंतर्गत सेवईटांड में एक दलित की लाश को श्मशान घाट जाने से कतिपय रूप से एक खास समुदाय के लोगों के द्वारा रोकने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद जमुआ पुलिस प्रशासन एवं अंचलाधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को श्मशान घाट भेजा गया। बताया जाता है कि सेवईटांड के एतवारी रविदास की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। अंत्येष्टि के लिए गांव के श्मशान घाट ले जाया जा रहा था। गांव के ही रास्ते को अपनी पुश्तैनी जमीन बताकर रज्जाक मियां आदि द्वारा आकर शवयात्रा को रोक दिया गया। जबकि गांव के दलित लोगों का कहना है कि उक्त जमीन में आम रास्ता सर्वे खतियान के समय से है। रास्ते को लेकर हुए विवाद बढ़ता देख किसी ने ज

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नियों की जमानत अर्जी खारिज

रांची। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नी हीरा देवी और शकुंतला कुमारी को एनआईए कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। जमानत के लिए दोनों की ओर से दाखिल अर्जी को एनआईए की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया। दोनों पत्नियों पर दिनेश गोप के लेवी और वसूली के पैसे को निवेश करने का आरोप है। दोनों पर आरोप है कि दिनेश गोप के द्वारा लेवी की वसूली राशि फर्जी कंपनियों के नाम से बैंक में जमा करतीं थीं। याचिकाकर्ता के वकील ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि देखते हुए अदालत से जमानत देने का अनुरोध किया। बता दें कि एनआईए ने दोनों को 30 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया था। उस समय से अब तक दोनों जेल में बंद हैं। यह गिरफ्तारी बेड़ो थाना कांड संख्या 67/2016 के तहत की गई थी। इस कांड को एनआईए 2018 में टेक ओवर कर जांच कर रही है। ज्ञात हो कि दिनेश गोप को एनआईए ने बीते 22 मई को गिरफ्तार किया था, वो भी जेल में है।

धनबाद शहर के बीचोबीच स्थित हनुमान मंदिर में चोरी

# एक लाख की संपत्ति चुरा ले गए चोर



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जिले में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर अब मंदिर को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के रणधीर वर्मा चौक स्थित बजरंगबली मंदिर का है। जहां चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ कर बजरंगबली को पहनाए गए मुकुट और कंगन सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर लिए। सुबह मंदिर के पुजारी को घटना की जानकारी हुई है। घटना की सूचना पुजारी के द्वारा पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना की जानकारी देते हुए पुजारी मुरलीधर मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन के भांति वो मंदिर खोलने पहुंचे। जिसके बाद देखा कि ताला टूटा हुआ है। भीतर जाकर देखने पर पाया कि बजरंगबली के दोनों हाथ और पैर का कड़ा के साथ मुकुट गायब है। साथ ही कुछ अन्य मूर्ति भी गायब है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग के ऊपर चांदी का सर्प था, जिसके चोर लेकर फरार हो गए है। इसके साथ ही रामलला की एक चांदी की मूर्ति चोर लेकर भाग गए। पुजारी के मुताबिक चोरी हुई चांदी के सामानों की कीमत करीब एक लाख है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।बता दें कि शहर के बीचो-बीच रणधीर वर्मा चौक के पास यह मंदिर स्थित है। लगातार निगरानी भी होती रहती है। लोगों का आवागमन भी जारी रहता है। ऐसे में मंदिर में इस प्रकार की घटना होना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि रणधीर वर्मा चौक पर सीसीटीवी लगे हुए हैं जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। पुजारी ने यह अंदाजा लगाया कि घटना मध्य रात्रि दो से तीन बजे के बीच की हो सकती है।

पिकनिक स्थल पर सैलानियों से शराबी युवकों ने किया दुर्व्यवहार

# पुलिस पर भी किया हमला, पांच गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पिकनिक मनाने आए सैलानियों संग कुछ युवक बदतमीजी कर रहे थे। युवकों की इस हरकत पर जब गश्त पर निकले पुलिस जवानों ने टोका तो युवक न सिर्फ जवानों से उलझ गए बल्कि हाथपाई भी शुरू कर दी। युवक के पुलिस बल पर हमले से एक जवान के सिर में तो दूसरे के हाथ में गंभीर चोट आयी है। अब पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए न सिर्फ प्राथमिकी दर्ज की, बल्कि पांच युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया। यह पूरा मामला बेंगाबाद थाना इलाके के खंडोली का है। जानकारी के अनुसार, सैलानियों की सुरक्षा को लेकर खंडोली ने स्थापित पुलिस चौकी के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान जवानों ने देखा कि कुछ युवक पहाड़ी क्षेत्र में हो हल्ला कर रहे हैं। इनके द्वारा यहां घूमने और पिकनिक मनाने आए लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। जवान वहां पहुंचे और असामाजिक कार्य कर रहे युवकों को ऐसा नहीं करने को कहा। इसी बात पर युवकों ने जवानों पर हमला बोल दिया। इसकी सूचना पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा को दी गई। सूचना पर एसपी ने सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को कहा और गिरफ्तार करने को कहा।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी पुलिस ने अवैध पत्थर खदान मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को भेजा जेल



**गिरिडीह।** तिसरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के हेठली कन्हाय में अवैध पत्थर खदान संचालन मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को कोविड़ व मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया,जहां से उसे गिरिडीह जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 42 वर्षीय वीरेंद्र विश्वकर्मा उर्फ विरू विश्वकर्मा पिता स्व. बद्री विश्वकर्मा है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी इसी बीच गुप्त सुचना के आधार पर वीरेंद्र विश्वकर्मा को कोडरमा जिला अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र के बछेड़ीह से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि 2 अगस्त 2022 को जिला टास्क फोर्स की टीम ने खोरीमहुआ के निवर्तमान एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो और खनन निरीक्षक अभिजीत मजूमदार के नेतृत्व में तिसरी थाना क्षेत्र के हेठली कन्हाय में संचालित अवैध पत्थर खदान में छापेमारी की गई थी।

### पूजित अक्षत कलश के साथ निकाली गयी भव्य शोभायात्रा व झांकी



**गिरिडीह।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का शुभारंभ होना है जिसको लेकर सनातनीयो में हर्ष का माहौल है श्रद्धालु लोग रामलला के मंदिर को लेकर काफी उत्सुक भी नजर आ रहे हैं वहीं अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का शुभारम्भ होने से पहले गांवा में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश लाया गया है इस अक्षत कलश को प्रखंड भर में के मंदिरों में पहुंचा जा रहा है उसी कड़ी में गुरूवार को गांवा पंचायत में पुजित अक्षत कलश के साथ भव्य झांकी व शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान श्री राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की प्रतिमा के रूप में युवकों को सजाया गया था वही शोभा यात्रा के माध्यम से पंचायत के के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं घरों तक अक्षत पहुंचाया गया यह शोभा यात्रा गांवा हनुमान मंदिर से शुरू होकर गांवा काली मंडा पहुंचा एवं गांवा मुख्य बाजार होते हुए बिजली ऑफिस गांवा देवी मांडा रोड गांवा ब्लॉक रोड समेत कई गली व चौराहे को भ्रमण करते हुए पुनः बजरंगबली मंदिर पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन कर दिया गया इस बीच पूरे क्षेत्र में जय श्री राम हर घर भगवा छाएगा रामराज फिर आएगा एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम आदि नारों से पुरा क्षेत्र मंत्रमुग्ध हो गया वही महिला पुरुष सभी राम की धुन में नाचते गाते नजर आए ।उक्त संबंध में बताते हुए विश्व हिंदू परिषद के गांवा प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बर्नवाल ने कहा कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर का शुभारंभ होना है यह पूरे भारतवर्ष के लिए गर्व की बात है और इसे हम सभी सनातनी पूरे हर्षोउल्लास के साथ आगामी 22 जनवरी को एक त्यौहार के भाती दीपावली मनाएंगे।

### विकसित भारत कार्यक्रम में योजनाओं को लेकर किया जागरूक



**गिरीडीह।** बिरनी प्रखंड के पंचायत शाखाबारा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनायों की जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। इस कार्यक्रम की विधिवत बीडीओ सुनील वर्मा,स्थानीय मुखिया ममता कुमारी,द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्जलित कर शुभारम्भ किया गया। साथ ही साथ सबन्धित अधिकारियों ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शपथ दिलाया गया ।उसके बाद केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी भी दी गई । वंही बिरनी बीडीओ ने गोद भराई व मौजूद बच्चें का मुंह जुठाई कार्यक्रम किया गया। वही पंचायत में जागरूकता रथ के माध्यम से सरकार की बिभिन्न योजनाओं के बारे में भी लोगो को बताया गया ।

वही मुखिया ममता कुमारी ने बताई की यह केंद्र सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजना है ।योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण के बीच जागरूकता भी फैलाई गई हैं।

हजारीबाग के निवर्तमान एसपी मनोज रतन चोथे को दी गई भावभीनी विदाई

# स्पेशल ब्रांच में बने हैं डीआईजी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले के निवर्तमान एसपी मनोज रतन चोथे को पुलिस परिवार ने शानदार विदाई दी। समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें जिले भर के तमाम पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित हुए। सभी पदाधिकारी और कर्मियों ने मनोज रतन चोथे को विदाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान पदाधिकारी ने अपना अनुभव भी साझा किया कि किस तरह हजारीबाग एसपी रहते हुए मनोज रतन चोथे ने काम किया। हजारीबाग उपायुक्त समेत जिले भर के पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। हजारीबाग पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां परंपरागत तरीके से झारखंड पुलिस की महिला बटालियन ने निवर्तमान एसपी मनोज रतन चोथे और उनके परिवार वालों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मनोज रतन चोथे के साथ उनके पत्नी और बेटे भी उपस्थित हुए। हजारीबाग पुलिस कर्मियों ने उन्हें कंधे पर बैठाकर घोड़े से विदाई दी। कहा जाए तो हजारीबाग में इस तरह की विदाई बड़े दिनों के बाद देखने को मिली है।

धनबाद में नहीं थम रहा प्रिंस खान का आतंक

# होटल संचालक से मांगी 50 लाख की रंगदारी



नवीन मेल संवाददाता। धनबाद कोयलांचल के व्यवसायी वर्ग में गैंगस्टर प्रिंस खान का खौफ खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दुबई में बैठकर गैंगस्टर व्यवसायियों को जान मारने की धमकी दे रहा है और रंगदारी मांगने का सिलसिला लगातार जारी है। कई व्यापारियों से प्रिंस खान के गुर्गे मेजर के नाम से रंगदारी मांगी जा रही है। पुटकी थाना क्षेत्र के होटल कारोबारी विक्की वर्मा को प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने व्हाट्सएप मैसेज कर 50 लाख की रंगदारी मांगी है। रंगदारी की रकम नहीं देने पर उन्हें जान मारने की धमकी दी गई है। इसके बाद से ही विक्की वर्मा का पूरा परिवार डरा हुआ है। विक्की को जैसे ही मेजर के नाम से धमकी मिली उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पुटकी थाना पुलिस को दी। इसके अलावा उन्होंने थाने में लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने इस बारे में पुटकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की भी जानकारी दी है।भुक्तभोगी व्यवसायी विक्की वर्मा ने थाने में जो रिपोर्ट दर्ज करवाई है उसके मुताबिक मेजर के नाम पर दो बार उन्हें व्हाट्सएप मैसेज कर 50 लाख की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गई है। मैसेज में रंगदारी देगा या नहीं वह हां या ना में जवाब मांगा गया है। उन्होंने ये भी कहा कि उनकी रेकी भी की जा रही है। इसक घटना से उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। विक्की एक छोटा सा होटल चलाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर 50 लाख की हैसियत होती तो कई बड़ा कारोबार करते।

### सनातनियों के बीच पूजित अक्षत का वितरण

गिरिडीह। मधगोपाली पंचायत के घुटवाली में गुरूवार को रामभक्त करमचंद महतो के नेतृत्व में अयोध्या से आये पुजित अक्षत एवं श्रीराम जन्मभूमि का पत्रक वितरित कर लोगों से 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया। साथ ही लोगों से उस दिन अपने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना व भजन कीर्तन करने के साथ साथ रात्रि को अपने घरों एवं देवालयों में दीपोत्सव मनाने की अपील की। श्री महतो ने कहा कि लगभग 500 सालों के बाद ऐसा स्वर्णिम अवसर आया है, इसलिए रामलला के हर्ष में और राममंदिर निर्माण के संघर्ष में बलिदान हुए देश के विभिन्न प्रांतों के कारसेवकों के याद में हम सभी सनातनियों को दीपावली मनानी है।अन्य पंचायतों के गांवों में भी पुजित अक्षत और पत्रक वितरित किया जा रहा है।

लंगटा बाबा समाधि स्थल सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल है

# लंगटा बाबा की समाधि पर सभी धर्म के लोगों की अटूट श्रद्धा है

**अविनाश प्रसाद**



गिरिडीह। जिले के खरगडीहा में अवस्थित लंगटा बाबा समाधि स्थल सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल है। इनकी ख्याति झारखंड के अलावा विभिन्न राज्यों में भी है। हजारों लोग बाबा की समाधि स्थल पर चादरपोशी के लिए पहुंचते हैं, मन्नतें मांगते हैं। उनकी मुरादें भी पूरी होती हैं। इस अवसर पर यहां मेला का आयोजन होता है। विभिन्न धर्मों के लोग यहां माथा टेकने आते हैं। यह मेला पौष पूर्णिमा 25 जनवरी को है। आम जनों के साथ साथ प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी मंत्री, सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों का आगमन यहां होता है। साधु संतो का जमावड़ा लगता है। जमुआ प्रखंड मुख्यालय से सात किमी. दूर देवघर मुख्य मार्ग के किनारे खरगडीहा में स्थित लंगटा बाबा की समाधि पर सभी धर्म के लोगों की अटूट श्रद्धा है। यही वजह है कि प्रति दिन हिन्दू-मुस्लिम, सिख ईसाई सभी धर्मों के लोग यहां आकर माथा टेकते हैं। प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा के दिन यहां भक्ति व आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ता है। विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु चादरपोशी करने यहां पहुंचते हैं। काल जयी संत लंगेश्वरी बाबा उर्फ लंगटा बाबा ने वर्ष 1910 में यहां महासमाधि में प्रवेश किया था। तब से लेकर अब तक बाबा के भक्तों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। लंगटा बाबा के खरगडीहा आगमन के बारे में कहा जाता है कि 1870 के दशक में नागा साधुओं की एक टोली के साथ वे यहां पहुंचे थे। उस वक्त खरगडीहा परगना हुआ करता था।

### सड़क हादसे में घायल एलआईसी एजेंट के बेटे की धनबाद के रास्ते में मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह- देवघर एनएच पर सिहोडीह आमबगान के समीप बुधवार की देर शाम बस की चपेट में आकर घायल एलआईसी एजेंट की धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते मे मौत हो गयी। मृतक एलआईसी एजेंट जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी कैलाश वर्मा का 24 वर्षीय पुत्र अजय कुमार वर्मा था। जानकारी के अनुसार एलआईसी एजेंट अजय कुमार वर्मा सिहोडीह में किराए के मकान में रहता था। बुधवार की देर शाम जब वह फील्ड से काम कर वापस अपने सिहोडीह स्थित निवास स्थान जा रहा था। इसी दौरान दुमका से गिरिडीह आ रही वैष्णो देवी नामक बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाने की गिरिडीह कॉलेज मोड़ पर स्थित पुलिस पिकेट की पुलिस सदल बल घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन फानन में घायल अजय को इलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा।

मांग | डीलरों ने बैठक कर बनायी आंदोलन की रणनीति, कह

# जबतक सरकार हमारी मांगें नहीं मानती तबतक हड़ताल रहेगी जारी : डीलर एसोसिएशन

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**



फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन प्रखंड कमिटी की एक बैठक पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरूवार को हुई। अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष चंदेश्वर महतो ने किया।बैठक में संगठनात्मक मजबूती तथा आपसी एकता की प्रगाढ़ता पर चर्चा की गयी। साथ ही अपनी मांगों को लेकर 01 जनवरी से चल रहे डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की सफलता पर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि हमसभी हड़ताल नहीं चाहते हैं लेकिन सरकार हमारी परेशानियों के निदान पर ध्यान नहीं देती है जिसका परिणाम यह है कि हम सभी के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। कहा कि सरकार के द्वारा लगातार की जा रही हमारी उपेक्षा के कारण परिवार की भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। कहा कि सरकार नये नियम लागू करके हम सब को परेशान कर रही है,वर्तमान में 1 रुपए का जो कमीशन मिल रही है वह चार - चार महीने तक नहीं दी जाती है। इसलिए जब तक केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान राशन वितरण बंद रहेगा साथ ही 16 जनवरी 2024 को देश के 5 लाख 38 हजार पीडीएस दुकानदार दिल्ली जाकर संसद का घेराव करेंगे।इस दौरान उपस्थित डीलरों व एसएचजी से जुड़ी सदस्यों ने मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की। जविप्र दुकानदारों ने अपने जिन मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं उनमें प्रति क्विंटल अनाज में 300 रूपया कमीशन देने या 30000 हजार रूपए वेतन देने,अनुकम्पा के नियमों को पुर्व की भांति लागू करने,अधिकारियों के स्तर पर शोषण बंद करने,कोरोना काल में बांटे गए पीएमजीकेवाई का बकाया कमीशन का भुगतान शीघ्र करने,कोरोना काल में डीलरों से खरीदे गये, जूट बोरा का भुगतान करने, ईपोश मशीन को टु जी की जगह 5जी करने आदि मांग शामिल है। इस दौरान डीलर संघ के अध्यक्ष शिवचरण महतो सचिव ललिन सिंह संयुक्त सचिव केदार बरनवाल कोषाध्यक्ष अखिलेश राणा मीडिया प्रभारी अरूण जायसवाल, भगिया देवी, शीतल यादव, हुलाश महतो उपस्थित थे।

### जिले में दो हजार ड्रॉपआउट छात्रों को स्कूलों से जोड़ने का चलेगा अभियान

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में दो हजार ड्रॉपआउट छात्रों को स्कूलों से जोड़ने का अभियान चलेगा। सरकारी स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान के लिए शिशु पंजी अपडेट करने के बाद इनका प्रखंडवार अनुश्रवण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए विशेष रूप से गठित कमेटी ने विद्यालयवार बाल पंजी की जांच शुरू कर दी है। सात जनवरी तक कमेटी को बाल पंजी का प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण करने के बाद जिला शिक्षा विभाग को विद्यालय से ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी देनी है। गौरतलब हो कि शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूलों को 31 दिसंबर तक का समय दिया गया है। हालांकि, कई स्कूलों में अबतक पंजी अपेडट नहीं है। ऐसे स्कूलों के शिक्षकों का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई है। सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं के साथ-साथ सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के शिक्षकों कों शिशु पंजी अपडेट करने का काम दिया गया था।

नाले से वृद्ध महिला का शव बरामद

# महिला की पहचान नहीं तिसरी पुलिस जांच में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी थाना क्षेत्र के मचनियाटांड के समीप कुहकवा पहाड़ी के पास स्थित नाले से पुलिस ने गुरुवार की शाम संदेहास्पद स्थिति में एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। हालांकि मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि मचनियाटांड के समीप कुहकवा पहाड़ी स्थित नाला के पास किसी ने शव को देखा जिसके बाद इसकी सुचना तिसरी पुलिस को दी गई। सुचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो, तिसरी थानाप्रभारी प्रदीप कुमार, लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार और मनसाडीह ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन दल बल के साथ शव को लाने के लिए जंगल में लगभग दो किलोमीटर पैदल गए ।तब तक पूरी तरह अंधेरा हो चूका था। पहाड़ी क्षेत्र और अंधेरा होने के कारण शव को लाने में पुलिसकर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने स्वयं नाले में उतरकर महिला के शव को कीचड से निकाला। जिसके बाद पुलिसवाले शव को उठाकर घने अंधेरे में टोर्च और मोबाईल की लाईट के सहारे लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर शव को वाहन तक लाए। जिसके बाद वाहन में रखकर शव को तिसरी थाना लाया गया।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024



सुप्रभात

**सफलता की पोशाक कभी तैयार नहीं मिलती इसे बनाने के लिए मेहनत का हुनर चाहिए होता है : अज्ञात**



# किसानों की भी सुध लेने का दौर

कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश हो,बिहार या झारखंड धर्म,जातीय विद्वेष और 1932 के खतियान और सरना कोड के इर्द गिर्द घूमती राजनीति शायद भूल रही है कि यह जय जवान जय किसान का देश है जहां की लगभग 75 प्रतिशत आबादी आज भी खेती और इससे जुड़े कार्यों से जुड़ी है । किसानों के कथित नेता भी किसानों की दुर्दशा या नगदी फसलों की उचित कीमत न मिलने या खाद बीज या कीटनाशक की अंधाधुंध बढ़ती कीमत जैसे मुद्दों पर सवाल न उठाकर सिर्फ एमएसपी या सब्सिडी तक ही सीमित रहते हैं । बड़े राजनैतिक दलों से जुड़े कथित किसान नेता अपने मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप ही बयान तक सीमित रहते हैं न कि किसानों के साथ खड़े होकर आवाज उठाने में ।

**बदले परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।**

आजादी के बाद कृषि में अनुसंधान भी बहुत हुए और नई तकनीकों पर कुछ किसानों का ध्यान भी गया पर आज भी झारखंड में अधिकांश किसान पुरातनपंथी तकनीक से खेती कर रहे हैं । बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने झारखंड में शोध बहुत किए पर उनकी जानकारी किसानों तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाई है । आज अवश्य ही कुछ गिने चुने युवा सोशल मीडिया,रेडियो,टीवी और समाचार पत्रों से सीख कर नए प्रयोग कर रहे हैं पर ये गिने चुने ही हैं । बदले परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। पंजाब हरियाणा और यूपी जैसे राज्यों में स्थिति यह है कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी व अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नए कीर्तिमान स्थापित करने की और अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गये हैं वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की और बढ़ रहा है। हांलाकि यह भी उपलब्धि है कि दुनिया में हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नई इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाये तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आंका जा सकता। किसानों को सम्मान और प्रोत्साहन भी मिलना चाहिए ।

इन दिनों

# पूर्वोत्तर : नवाचार के माध्यम से विकास को गति


जी किशन रेड्डी

**दशक** पहले, विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से, क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किये गये हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गये हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार कीं हैं। कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। धरातल पर किये जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नये रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिजाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं। यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा। हाल के वर्षों में, पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दशार्यी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोतर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निमार्ताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

**(लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय**

**प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गये हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी।**

## आपकी बात

### बच्चे भी स्पष्टीकरण न मांगने लगें


देवेश कु. घोष

पत्रकार, लेखक, राजनीतिज्ञ और 1928 ओलंपिक खेल में स्वर्णपदक जीतने वाले हॉकी दल के भारतीय कप्तान मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की श्रद्धांजलि हेतु झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के समाचार को ह्यराष्ट्रीय नवीन मेलह्न ने स्थान देकर पाठकों को बहुआयामी प्रतिभा के बारे में भरपूर जानकारी दी । बरही क्षेत्र एवं केरसई प्रखण्ड में आयोजित देश की पहली महिला शिक्षिका, सावित्री बाई फूले की जयंती का समाचार सुखद लगा । सावित्री बाई फुले जी के स्त्री शिक्षा पर किए गए एतिहासिक कार्यों के लिए उन्हें प्राप्त सामाजिक स्वीकृति के लिए उनके जन्म दिवस पर ह्य महिला शिक्षक दिवस ह्न मनाना उचित होगा । पिकनिक स्थल जूठे पत्तलों, बीयर और कोल्ड डिंक्स की बोतलों से सुशोभित हैं । प्राकृतिक सुरम्य स्थलों पर अप्राकृतिक लापरवाही पर आनंद कुमार जी की वेदना विचारणीय है । जंगल में मंगल मनाते मनाते हम संस्कारहीन होकर जंगली क्यों हो जाते हैं ? अभी महीनों भर से ज्यादा पिकनिक आयोजित होते रहेंगे । पिकनिकर्स थोड़ी सी सावधानी रखें तो प्रकृति देवी प्रसन्न रहेंगी । नेताजी ई डी के सम्मन पर प्रश्नावली मांग मांग कर ऐसे उदाहरण पेश कर रहे हैं कि विद्यालयों में गलती करने पर प्रिंसीपल के बुलाये जाने पर अब बच्चे भी उनसे बुलाये जाने का स्पष्टीकरण न मांगने लगें सावधान !

**- देवेश कुमार घोष, अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली ।**

### एसबीआई एटीएम दस दिन से खराब, ग्राहक परेशान

चतरा जिले के करमा प्रखंड में संचालित एसबीआई का एटीएम पिछले दस दिनों से खराब है। प्रखंड में एक ही एटीएम है। जिसके कारण ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। इसको लेकर लोगों को कई जरूरी काम नहीं हो पाते है। प्रखंड में इसके अलावा एक ग्रामीण बैंक है। वह मुख्यालय में है। लेकिन इसमें एटीएम की सुविधा नहीं है। दस पंचायत वाला प्रखंड में इकलौता एटीएम है। जो माह में अधिक समय खराब ही रहता है। यहां के लोगों को इटखोरी और चौपारण में पैसे की निकासी करना पड़ता है। बैंक की स्थिति अच्छी नहीं रहने के कारण मयुरहंड के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार सरकार से गुहार लगाया है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ पाया है। मयुरहंड में बैंक की मांग हमेशा से की जा रही है।

**- विनय कुमार**

राजनीति

# जीवन पर परमहंस योगानन्द के प्रेरक प्रभाव


130वीं जयन्ती पर विशेष


विवेक अत्रे

'छोटी माँ, तुम्हारा पुत्र एक योगी बनेगा। एक आध्यात्मिक इंजन की भांति वह अनेक आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य तक ले जायेगा।' परमहंस योगानन्द के परमगुरु लाहिड़ी महाशय ने इन अविस्मरणीय शब्दों में नन्हें मुकुन्द के महान मार्ग के विषय में उस समय भविष्यवाणी की थी, जब वे अपनी मां की गोद में मात्र एक शिशु थे। कालान्तर में मुकुन्द ने अत्यन्त कठोर अनुशासन के आध्यात्मिक प्रशिक्षण की साधना अनेक वर्षों तक की। इसके पश्चात उन्होंने गेरुआ वस्त्र धारण करने का निर्णय किया। तब उनके गुरु, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, ने संन्यास परम्परा के अन्तर्गत उन्हें 'योगानन्द' नाम प्रदान किया। योगानन्दजी की पुस्तक 'योगी कथामृत' के 'मेरे गुरु के आश्रम की कालावधि' नामक प्रेरक प्रकरण में श्रीरामपुर स्थित उनके गुरु के आश्रम, जो उनके कोलकाता के घर से अधिक दूर नहीं था, में एक संन्यासी प्रशिक्षार्थी के रूप में उनके जीवन का रोचक वर्णन मिलता है। सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 5 जनवरी को योगानन्द जी का जन्मदिन मनाया जाता है। महान गुरु, जो पश्चिम में योग-ध्यान के दूत थे, ने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाएँ प्रदान करने के लिए अमेरिका में तीन दशक से अधिक समय व्यतीत किया था। क्रियायोग मार्ग एक व्यापक जीवन शैली है और इसे आत्म-साक्षात्कार का 'वायुयान मार्ग' कहा जाता है। योगानन्द के लाखों अनुयायी उनकी क्रियायोग शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं और उनसे अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं। परमहंस योगानन्द द्वारा सिखाई गई ध्यान प्रविधियों पर अमल करने से जीवन पूर्ण रूप से रूपान्तरित हो जाता है। योगानन्द ने 1952 में अपना शरीर त्याग दिया था। उनकी शिक्षाओं के प्रसार का कार्य अधिकृत रूप से उनके द्वारा संस्थापित दो संस्थाओं योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और विश्व स्तर पर सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) के द्वारा सम्पन्न किया जा रहा है।


श्री श्री परमहंस योगानन्द

**क्रियायोग मार्ग एक व्यापक जीवन शैली है व इसे आत्म-साक्षात्कार का 'वायुयान मार्ग' कहा जाता है। योगानन्द के लाखों अनुयायी उनकी क्रियायोग शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं व उनसे अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं।**



बोधि वृक्ष

# समुद्र मंथन की कथा

उनके माँगने पर उस विद्याधरी ने उन्हें आदरपूर्वक प्रणाम करके वह माला दे दी। दुर्वासा मुनि ने उस माला को अपने मस्तक पर डाल लिया और पृथ्वी पर विचरने लगे। इसी समय उन्होंने ऐरावत पर विराजमान देवराज इन्द्र को देवताओं के साथ आते देखा। उन्हें देखकर दुर्वासा मुनि ने मतवाले भौरों से गुंजायमान वह माला अपने सिर पर से उतारकर देवराज इन्द्र के ऊपर फेंक दी। देवराज ने उसे लेकर ऐरावत के मस्तक पर डाल दी। उस समय वह माला ऐसी सुशोभित हुई जैसे कैलाश पर्वत के शिखर पर श्रीगंगा जी विराजमान हों। उस मदोन्मत्त हाथी ने भी उसकी गंध से आकर्षित होकर उसे अपनी सूंढ़ से सूंघकर भूमि पर फेंक दिया। यह देखकर दुर्वासा मुनि अत्यंत क्रोधित हुए और देवराज इन्द्र से बोले। दुर्वासा जी ने कहा - ' अरे ऐश्वर्य के मद से दुषितचित्त इन्द्र ! तू बड़ा ढीठ है, तूने मेरी दी हुई इतनी सुन्दर माला का कुछ भी आदर नहीं किया, इसलिए तेरा त्रिलोकी का वैभव नष्ट हो जायेगा। इन्द्र ! निश्चित ही तू मुझे और मुनियों के समान ही समझता है, इसीलिए तूने हमारा इस प्रकार अपमान किया है, मेरी दी हुई माला को पृथ्वी पर फेंका है इसलिए तेरा यह त्रिभुवन भी शीघ्र ही श्रीहीन हो जायेगा। यह सुनकर इन्द्र ने तुरंत ऐरावत हाथी से उतरकर निष्पाप दुर्वासा जी को अनुनय विनय करके प्रसन्न किया। तब इन्द्र द्वारा प्रणाम आदि करने से प्रसन्न होकर दुर्वासा जी ने कहा - 'इन्द्र ! मैं कृपालु चित्त नहीं हूँ, मेरे अंतःकरण में क्षमा को स्थान नहीं है। तू बार-बार अनुनय विनय करने का ढोंग क्यों करता है ? मैं क्षमा नहीं कर सकता। ' इस प्रकार कहकर दुर्वासा जी वहाँ से चल दिए और इन्द्र भी ऐरावत पर चढ़कर अमरावती को चले गये। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारत वर्ष में फिर से श्रीराम विराजें

## @ नहीं राम बिन ठांव- भाग एक


डा. मयंक मुरारी

**राम** फिर से विग्रहरूप में लौट रहे हैं। वह जन्मस्थान में अब सदैव विराजेंगे। पांच सौ साल बाद भारत देश अपने धर्म के मूर्तिमान विग्रह को मुकुट और छत्र सहितं प्रतिस्थापित करेगा। इसके साथ ही अयोध्या लोकमंगल का नाभकीय केंद्र बनेगा। देशवासी को जब पहली बार जहाज से अयोध्या आने का अवसर मिला तो, किष्किंधा पर्वत की मिट्टी और तुंगभद्रा का जल माथे पर रखकर इस पावन धरती पर वे उतरे। मंदिर में भगवान अभी नहीं विराजे हैं, लेकिन अयोध्या की धरती पर चरण रखने की उसकी खुशी का वर्णन शब्द नहीं कर पाते है। भारतवर्ष की प्राणवायु का आगमन हो रहा है। राम भारत की चेतना है। जीवन की श्रेष्ठता और उदात्तता की सीमा है। शिव महादेव है, कृष्ण संपूर्ण है, लेकिन राम केवल पुरुष है, जो पुरुषोत्तम होने का पथ दिखाते हैं। इसलिए वह सबके हैं। सब में वह बसते हैं। भारतीय जीवन में जिस दिन रामनाम का आश्रय मिला, उसी दिन उनके आगमन शुरू हो गया। विराट के जागरण के साथ ही भारतीय जीवन उस श्रीराम की ओर उन्मुख हो गयी। राम के पुनार्गमन की यात्रा उनके शरण में जाने के साथ हो गयी। जब एक आतातायी ने अयोध्या में 1528 में राममंदिर को तोड़ा था, तब से राम से पृथकता को भारतीय जनमानस से अस्वीकार कर दिया। भारत के आमजन के लिए श्रीराम ही ठांव है, वहीं लक्ष्य है। इसलिए जगत के सभी रूपों के बीच श्रीराम का स्मरण और उसके साथ शौर्य, साहस और संकल्प का अनवतरत यात्रा चलता रहा। श्रीराम केवल दशरथ के पुत्र नहीं है, वह भारती की आत्मा है। इसलिए उस आत्मा के जागरण के लिए अद्वैतभाव से भारतवर्ष प्रयत्न करता रहा। आजादी के बाद सन 1984 में दिल्ली के धर्मसंसद में विराट के पुर्नजागरण के अभियान की शुरूआत हुई। श्रीराम इस जगत में विराजमान है। वह इसके हरेक गति और काल के संचालक है। बस हमारी तैयारी, हमारे विश्वास और हमारे कर्म की गति तथा धर्म की संगति पर उनके स्पंदन की अनुभूति होती है। जब हम जीवन में पूर्णतः राम के शरण में होते हैं, तब श्रीराम आते हैं। जब खुद पर भरोसा खत्म हो जाए और उस प्रभु श्रीराम का आसरा हो जाए, तब श्रीराम का स्पर्श मिलता है।

**भारतवर्ष की प्राणवायु का आगमन हो रहा है। राम भारत की चेतना है। जीवन की श्रेष्ठता और उदात्तता की सीमा है। शिव महादेव है, कृष्ण संपूर्ण है, लेकिन राम केवल पुरुष है, जो पुरुषोत्तम होने का पथ दिखाते हैं।**

## टेक वर्ल्ड

# 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

नियमित ईमेल, आधिकारिक आमंत्रण और ग्राहक सेवा शिकायतें लिखने जैसे समय लेने वाले कामों के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करना अंतिम तकनीकी चाल है जो उपभोक्ताओं को समय बचाने में मदद कर सकती है। यहां 10 तकनीकी तरकीबें दी गई हैं जो आपके जीवन को काफी सरल बना देंगी। आज की दुनिया में, जहां कंप्यूटर और स्मार्टफोन अपरिहार्य हो गए हैं, वे ऐसी सुविधाओं से भरे हुए हैं जो आपकी दैनिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और आपके समग्र अनुभव को बढ़ा सकते हैं। Google खोज करते समय खोज ऑपरेटरों का उपयोग करना सबसे प्रभावी तकनीकों में से एक है। यह न केवल प्रक्रिया को गति देता है बल्कि आपको सटीक जानकारी तुरंत ढूंढने में भी मदद करता है। इसके अतिरिक्त, कीबोर्ड शॉर्टकट में महारत हासिल करने से लंबी प्रक्रियाओं को दरकिनार करके आपका बहुमूल्य समय बचाया जा सकता है। इसके अलावा, विंडोज पर नाइट लाइट जैसी सुविधाएं वास्तव में गेम-चेंजर हो सकती हैं, क्योंकि वे डिस्प्ले सेटिंग्स को समायोजित करके आपको लंबे समय तक स्क्रीन एक्सपोजर के संभावित नुकसान से बचाती हैं। आपके अक्सर उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन के कॉनफि गरेशन में बदलाव करने से भी काफी अंतर आ सकता है। उदाहरण के लिए, ईमेल भेजने में विलंब निर्धारित करने से आपको संदेशों को भेजने से पहले उन पर पुनर्विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिलता है। **(क्रमशः)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का हुआ शुभारंभ

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को यहां लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 404 करोड़ की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए 347 करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी।

इस मौके पर धर्मेंद्र प्रधान ने योगी सरकार के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। भरोसा जताया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2016 में उज्ज्वला योजना लागू की गयी थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या आए तब मीरा मांझी के घर गए। उन्हें 10 करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश शासन का मैं बहुत आभारी हूं। यहां केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। उत्तर प्रदेश के नवोदय



विद्यालय के 54 बच्चे बिना किसी कोचिंग के आईआईटी में सेलेक्ट हुए हैं। 374 बच्चे एनआईटी में एडमिशन लिए हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। मैं आज पूरे भरोसे के साथ यह कह सकता हूं कि अगर आंकड़ा निकाला जाए तो ग्रामीण अंचल के सरकारी विद्यालय से आईआईटी, एनआईटी और मेडिकल में चयनित होने वाले छात्रों की एक अच्छी संख्या होगी। हम सबके लिए यह विषय है कि इसे हम अभियान बनाएं। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि किसी देश के प्रधानमंत्री को ऐसा नहीं देखा गया होगा जो प्रधानमंत्री मोदी की तरह कार्य कर रहा हो। प्रधानमंत्री मोदी देश के बच्चों, छात्रों के साथ समय बिताते हैं। कभी परीक्षा के पहले बच्चों से बात करते हैं तो कभी उनसे मुलाकात करने पहुंच जाते हैं। केंद्र हो या राज्य की सरकार का आज का कार्य नई पीढ़ी को तैयार करने का लक्ष्य है। 21वीं सदी को ज्ञान आधारित सदी कहा गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, उस समय देश की 140 करोड़ आबादी को बचाने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने 2020 में नई शिक्षा नीति दी।

प्रधानमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर 2023 को पीएम श्री योजना की घोषणा की। योजना की घोषणा के बाद साल, दो साल लागू होने में लग ही जाता है लेकिन हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आभारी हैं जो योजना को तेजी से लागू कर रहे हैं। कक्ष निर्माण, विज्ञान प्रयोगशाला, फर्नीचर आदि की व्यवस्था के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। पीएम श्री योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 1753 विद्यालय चयनित हुए हैं। पहले चरण में 928 विद्यालय में योजना को शुरू किया जा रहा है। इसके तहत पहली कक्षा से 12वीं तक को आधुनिक किया जाएगा।

## जदयू ने सहयोगी दलों पर दबाव बढ़ाया नीतीश को पीएम उम्मीदवार बनाएं

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जदयू के प्रमुख नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन में संयोजक बनाए जाने की चर्चा के बीच गुरुवार को जदयू ने अपने सहयोगी दलों पर दबाव और बढ़ा दिया। जदयू ने अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने की मांग कर दी है। बिहार के मंत्री मदन सहनी ने गुरुवार को स्पष्ट तौर पर कहा कि इंडिया गठबंधन नीतीश कुमार को संयोजक नहीं प्रधानमंत्री का चेहरा बनाए। सभी दल नीतीश कुमार को अनुभवी, सबसे योग्य चेहरा बता रहे हैं। अगर, नीतीश कुमार सबसे अनुभवी हैं तो संयोजक ही क्यों, प्रधानमंत्री का चेहरा बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सब पार्टियों की अपनी-अपनी राय है।



गठबंधन में फिर सामूहिक रूप से निर्णय लिया जायेगा। सभी दल कहते हैं कि नीतीश कुमार सबसे अनुभवी हैं तो संयोजक क्यों पीएम का चेहरा बनाया जाए। मंत्री सहनी ने कहा कि नीतीश कुमार संयोजक का काम बिना पद के पहले ही कर चुके हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों को वे पहले ही साथ ला चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पहले से ही कहते रहे हैं कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है।

### एक नजर

#### डीजीसीए ने एयर इंडिया व स्पाइसजेट को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** कोहरे के दौरान कम दृश्यता में कम प्रशिक्षित पायलटों की वजह से उड़ानों का रूट परिवर्तित करने के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयर इंडिया और स्पाइस जेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसका 14 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। महानिदेशालय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि पायलटों को कोहरे के दौरान कम दृश्यता में विमानों को उड़ाने और उतारने का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं था। उसके कारण दिल्ली जाने वाली कई उड़ानों के रूट में बदलाव करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि 24-25 दिसंबर और 27-28 दिसंबर को 50 विमानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया था।

#### दो महिला तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध नशे का सामान बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख थाना पुलिस ने अवैध गांजे की बिक्री करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र के हैबतपुर निवासी कमला को 1 किलो 100 ग्राम और हैबतपुर की ही रोशना को एक किलो गांजे के साथ पकड़ा। इन्हें गंगन पब्लिक स्कूल नया हैबतपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस को जानकारी मिली थी कि दोनों महिलाएं गांजा तस्कर हैं और इसकी पुड़िया बनाकर अलग-अलग जगह पर सप्लाई करती हैं। यह इंस्टीट्यूशनल एरिया में भी छात्रों को इसकी सप्लाई किया करती हैं। कई दिनों से पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।

#### इंदौर में प्रभात फेरी में युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में रणजीत हनुमान मंदिर से निकाली जा रही प्रभात फेरी में चाकू बाजी की घटना हुई। इसमें कुछ युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की और चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रणजीत हनुमान से प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, जो महू नाका स्थित अन्नपूर्णा मंदिर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान भीड़ में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और धक्का मुक्की की स्थिति बन गई। इसी दौरान प्रभात फेरी में शामिल शुभम रघुवंशी का कुछ युवकों से विवाद हो गया, विवाद की वजह पैर लगना था।

## लड़कियां यौन इच्छाओं पर रखे नियंत्रण

### कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर बंगाल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**न्यायाधीशों से निर्णय लिखते समय उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती : एससी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील दायर की है जिसमें लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने और युवाओं को महिलाओं का सम्मान करने के लिए खुद को प्रशिक्षित करने की सलाह दी गई है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा 8 दिसंबर के फैसले की आलोचना की थी और की गई टिप्पणियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि ये टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक और गैर जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा अक्टूबर में दिए गए एक आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि न्यायाधीशों से निर्णय लिखते समय उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती है। यह मामला गुरुवार को न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने पीठ को सूचित किया कि राज्य ने उच्च न्यायालय के पिछले साल 18 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील दायर की है।



**लड़कियां अपने शारीरिक अखंडता की रक्षा करें**

**अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने कहा था कि महिला किशोरों को यौन आग्रह पर नियंत्रण रखना चाहिए और दो मिनट के आनंद में नहीं डूबना चाहिए। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि यह प्रत्येक महिला किशोरी का कर्तव्य/दायित्व है कि वह अपने शरीर की अखंडता के अधिकार की रक्षा करे, अपनी गरिमा और आत्म-सम्मान की रक्षा करे, लिंग बाधाओं को पार करते हुए अपने आत्म के समग्र विकास के लिए प्रयास करे, यौन आग्रह पर नियंत्रण रखे/ आग्रह करता हूं कि समाज की नजरों में वह हारी हुई है जब वह जब वह बमुश्किल दो मिनट के यौन सुख का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाती है तो समाज में वह हारी हुई होती है।**

## कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के घर व ठिकानों पर ईडी का छापा

**एजेंसी। सोनीपत**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को अवैध माइनिंग के मामले में हरियाणा में कई स्थानों पर छापे मारी की है। ईडी की टीमों ने सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार व उनके साथी सुरेश त्यागी के घर और अन्य ठिकानों पर छापा मारा है। खबर लिखे जाने तक ईडी के अधिकारी विधायक के घर पर कागजातों की जांच पड़ताल कर रहे थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ईडी की टीम सोनीपत जिले में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के सेक्टर 15 स्थित उनके घर पहुंची। ईडी ने कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के अलावा उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मारा है। मामला अवैध माइनिंग का बताया जा रहा है। ईडी के छापे के समय विधायक सुरेंद्र पंवार घर पर ही मौजूद थे।

## 500 महिला सरपंच आज संसद के कामकाज से होंगी रूबरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की 500 महिला सरपंच और पंचायत सदस्य शुक्रवार को नए संसद भवन के कामकाज से रूबरू होंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की पहल शी द चेंज मेकर के तहत देश के 21 राज्यों से चुनी गईं 500 महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है, जिसके पहले सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि साल 2029 में संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शी द चेंज मेकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साल 2021 से 161 कार्यक्रमों के तहत 23 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 5397 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत से पार्लियामेंट तक कार्यक्रम में 500 महिलाएं शुक्रवार को संसद का दौरा करने के लिए तैयार हैं, जहां वे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेंगी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ बातचीत करेंगी। रेखा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग का यह प्रयास रहता है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से तो परिचित कराया ही जाए, साथ ही जो जिम्मेदारियां उन्हें उनकी योग्यता के कारण मिली हैं।

### यमुनानगर में इनेलो के पूर्व विधायक के घर और कार्यालय पर ईडी का छापा

**यमुनानगर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के कार्यालय और आवास पर छापा मारा। ईडी की इस छापेमारी से जिले के खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। ईडी के अधिकारी कागजातों की जांच पड़ताल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारियों ने हरियाणा के यमुनानगर के अलावा सोनीपत और करनाल में भी खनन से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह यमुनानगर से इनेलो पार्टी के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है। माना जा रहा है कि अवैध खनन से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने छापा मारा है। (इनेलो) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के कारोबार भी खनन से जुड़ा है। दरअसल, यमुनानगर और आसपास के जिलों में अवैध खनन को लेकर कोर्ट के आदेश पर कई केस दर्ज किए थे। प्रवर्तन विभाग की टीमें अब इसी मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही हैं। विस्तृत खबर की प्रतीक्षा है।



### उप्र. के मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी, देवरिया में केस दर्ज

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जान से मारने की दी गई धमकी के बाद गुरुवार को देवरिया जिले की रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रुद्रपुर कोतवाली के प्रभारी महेंद्र कुमार चतुर्वेदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 505(2) एवं 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर के लेहड़ा टोला में प्रेमचंद यादव और सत्यप्रकाश दुबे एवं उनके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि प्रेमचंद यादव पक्ष के लोगों ने खलिहान, परती, वन और एक इंटर कॉलेज की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रेमचंद यादव का मकान खलिहान की जमीन पर बना हुआ है। इसके बाद रुद्रपुर के तहसीलदार ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा-67 के तहत उक्त जमीन से बेदखली का आदेश जारी किया था। प्रेमचंद यादव के पक्ष के लोगों ने तहसीलदार के फैसले को जिलाधिकारी की कोर्ट में चुनौती दी। जिलाधिकारी ने इस अपील को निरस्त कर तहसीलदार के आदेश को बरकरार रखा।



### रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी बनीं

**मुंबई।** कई दिनों के टाल-मटोल के बाद, महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मी शुक्ला को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। वो इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। 1998 बैच की आईपीएस अधिकारी शुक्ला वर्तमान में सीमा सशस्त्र बल की महानिदेशक हैं। वो डीजीपी रजनीश शेठ का स्थान लेंगी जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए। वह अन्य राज्य और केंद्रीय पदों पर रहने के अलावा राज्य खुफिया विभाग की पूर्व निदेशक भी रह चुकी हैं। एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार, मुंबई के पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, डीजीपी के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।



### यूपी परिवहन की बसों में भी 22 जनवरी तक बजेगा राम भजन

**लखनऊ।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रदेश में एक अलग तरह का माहौल है। चारों तरफ सिर्फ भगवान राम के भव्य मंदिर को लेकर ही चर्चा हो रही है। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने 22 जनवरी को होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की है। कार्ययोजना के तहत 22 जनवरी तक सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम भजन बजाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि जो कार्ययोजना तैयार की गई है, उसके अनुसार सभी यात्री वाहनों तथा बस स्टेशनों पर साफ-सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी बसों में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम में राम भजन बजाए जाने के निर्देश हैं, ताकि यात्री भी भगवान राम के जीवन से प्रेरणा ले सकें। भगवान राम से जुड़े भजनों में विभिन्न कलाकारों के प्रसिद्ध भजनों को शामिल किया जाएगा, जबकि आज के दौर में लोगों की जुबां पर चढ़े भजनों और गीतों को भी इसमें सम्मिलित किया जा सकता है।



### हम गोधरा जैसी घटना नहीं होने देंगे : गृह मंत्री कर्नाटक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को बेंगलुरु में कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य में गोधरा कांड जैसी घटनाएं नहीं होने देगी। कांग्रेस एमएलसी, सीबीके हरिप्रसाद के ने कहा था कि कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना की योजना बनाई जा रही हैं और सरकार को अयोध्या की यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इसपर परमेश्वर ने कहा, गृह मंत्रालय के पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, यदि कोई सूचना मिलती है, तो विभाग स्थिति से निपटने में सक्षम है।' परमेश्वर ने कहा,अगर जरूरत पड़ी तो आइए हम हरिप्रसाद को फोन करें और उनसे बयान के बारे में पूछें। हमारा विभाग जानता है कि स्थिति को कैसे संभालना है। हरिप्रसाद वरिष्ठ नेता हैं, यदि वह बयान दे रहे हैं, तो उनके पास इस संबंध में जानकारी होनी चाहिए। गृह मंत्री ने यह भी घोषणा की कि हरिप्रसाद को उनके बयान पर कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने सवाल किया,पूछताछ के लिए उन्हें नोटिस जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है।



## अमृतसर पुलिस ने ड्रोन से फेंकी गई दो किलो आइस ड्रग व चीनी



**एजेंसी। अमृतसर**

सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस ने दो किलो आइस ड्रग (मेथामफेटामाइन) बरामद की है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके सीमा पार से चलाए जा रहे नशा और हथियारों की तस्करी के रैकेट का पदार्फाश किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति अमृतसर के गांव गग्गड़माल का निवासी सिमरनजीत सिंह उर्फ सिमर मान है। पुलिस टीम ने आइस ड्रग की खेप के अलावा उसके कब्जे से एक अति-आधुनिक .30 बोर का चीनी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ्तार मुलजिम पाकिस्तान आधारित तस्कर पठान और आमेर के सीधे संपर्क में था, जो उसे ड्रोन के जरिये सरहद पार से आइस ड्रग्ज और हथियार सप्लाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह गिरोह राज्य भर में आइस ड्रग्ज की सप्लाई करता था, इसलिए उसके नेटवर्क के बारे में पता लगाने के लिए जांच जारी है। उन्होंने बताया कि अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर के नेतृत्व में डीसीपी हरप्रीत मंडेर, एडीसीपी सिटी-3 अभिमन्यु राणा और एसीपी वेस्ट कमलजीत औलख की टीम ने छेहरटा क्षेत्र में व्यापक ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने सिमर मान को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह इस खेप की डिलीवरी करने के लिए किसी व्यक्ति का इन्तजार कर रहा था।

### टूर ऑपरेटर्स के साथ पर्यटन नीति पर की चर्चा

## तेजस्वी यादव ने बोधगया पहुंचकर दलाई लामा से लिया आशीर्वाद

**एजेंसी। गया**

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गुरुवार को गया जिले के बोधगया पहुंचे। यहां उन्होंने धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा उन्होंने टूर ऑपरेटर्स एवं होटल संचालकों के साथ पर्यटन नीति पर चर्चा की। तेजस्वी ने कहा कि बोधगया मोक्ष और ज्ञान की धरती है, यहां पूरी दुनिया से विभिन्न आर्थिक वर्गों के लोग आते हैं। इस कारण यहां सभी स्तर की सुविधाओं के निर्माण की आवश्यकता है। अभी बिहार सरकार पर्यटन केंद्रों पर सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दे रही है। प्रदेश में सरकार नई पर्यटन नीति लाई है। बैठक में उन्होंने व्यवसायी वर्ग से पर्यटन के क्षेत्र में नए-नए उद्योग लगाने और पर्यटन नीति के तहत मिलने वाले अनुदान राशि का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यवसायी वर्ग आगे बढ़ेंगे तो बिहार आगे बढ़ेगा, प्रदेश की तरक्की होगी। इस कारण न केवल होटल निर्माण बल्कि थीम रेस्तरां व



पार्क, मेडिटेशन सेंटर, गोल्फ कोर्स आदि बनाने के लिए 25 करोड़ रुपये तक के अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग पर्यटकों को राज्य में ज्यादा दिनों तक ठहरा सकें, इसको लेकर काम किया जा रहा है। इससे पहले उप मुख्यमंत्री बोधगया पहुंचने पर सबसे पहले तिब्बत धर्मशाला पहुंचे, जहां बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महाबोधि मंदिर में दर्शन उपरांत महाबोधि मंदिर से जे.पी. उद्यान को जोड़ने से संबंधित योजना का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बोधगया के लिए विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। दुनिया भर से आने वाले पर्यटक यहां बेहतर रूप में ध्यान और पूजन कर सकें, इसके लिए मंदिर और जेपी उद्यान को एक पुल के सहारे आपस में जोड़ा जा रहा है। बोधगया जैसे शहर में दो-दो फाइव स्टार होटल बन चुके हैं, पटना में भी हम तीन नए फाइव स्टार होटल बना रहे हैं और पहले से बने होटल को फाइव स्टार प्रमाणीकरण में मदद दे रहे हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने की नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय काठमांडू दौरे पर हैं। आज उन्होंने राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड से मुलाकात की विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति पौडेल से मुलाकात के दौरान उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से भेजा शुभकामना संदेश उन्हें दिया। उनका मार्गदर्शन और भावनाएँ मजबूत और व्यापक भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रेरणादायक हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का शुभकामना संदेश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि बातचीत के दौरान पिछले मई में उनकी सफल भारत यात्रा, जिससे हमारे संबंधों को नई गति मिली, की चर्चा के साथ ही उसके बाद हुई अन्य बैठकों और आज होने वाली संयुक्त आयोग की बैठक पर भी चर्चा हुई। भारत और नेपाल की दोस्ती वाकई खास है और हमारी



साझेदारी दिन-ब-दिन मजबूत होती जा रही है। विदेश मंत्री आज अपने समकक्ष के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी और यह दोनों मंत्रियों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री नेपाल के नेतृत्व और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से मुलाकात करेंगे। उल्लेखनीय है कि 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिक भागीदार है। यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है।

## महुआ मोइत्रा संपदा निदेशालय से संपर्क करें : दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को संसद से निष्कासित तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को सरकार द्वारा आवंटित आवास पर कब्जा जारी रखने की अनुमति के लिए संपदा निदेशालय से संपर्क करने को कहा। मोइत्रा ने अपने सरकारी आवास को रद्द करने और उन्हें 7 जनवरी, 2024 तक खाली करने का निर्देश देने वाले संपदा निदेशालय के आदेश को चुनौती देते हुए एचसी का रुख किया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यन प्रसाद ने कहा कि नियमों ने अधिकारियों को असाधारण परिस्थितियों में निवासियों के लिए अस्थायी समयावधि की अनुमति देने की अनुमति दी है। न्यायाधीश ने कहा, संपदा निदेशालय से अनुरोध करें और कानून के अनुपालन में उचित कार्रवाई की जाएगी। अदालत ने बेदखली से पहले एक निवासी को नोटिस जारी



करने की कानूनी आवश्यकता पर जोर देते हुए मोइत्रा को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। अदालत ने पुष्टि की कि सरकार कानून का पालन करते हुए बेदखली की कार्रवाई आगे बढ़ाएगी। पिछले साल 19 दिसंबर को आखिरी सुनवाई के दौरान जस्टिस प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित फैसले के महत्व पर जोर दिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है, और अगर वह अंतरिम आवेदन स्वीकार करने और रोक लगाने का फैसला करता है।

# दूसरा टेस्ट जीत भारत ने सीरीज में की बराबरी

**नवीन मेल संवाददाता। केप टाउन**
भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट दो दिनों के अंदर समाप्त हो गया और भारत ने यह मैच गुरुवार को सात विकेट से जीतकर दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।
तेज गेंदबाज जसप्रीत बमुराह ने 61 रन पर 6 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 176 रन पर समेटा। भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारत ने पहला टेस्ट पारी और 32 रन से गंवाने के बाद इस मुकाबले में शानदार वापसी की और दो दिन के अंदर मुकाबला जीत लिया।
यह टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला था। यह मैच सिर्फ. 642 गेंदों में खत्म हो गया है। इसके अलावा केपटाउन में भारत पहली एशियाई टीम है, जिसने दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में हराया है।
लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टीम को तेज तर्रार शुरूआत दी। जायसवाल ने मात्र 23 गेंदों पर 6 चौके उड़ाते हुए 28 रन ठोके। दूसरे आउट हुए बल्लेबाज शुभमन गिल ने 11 गेंदों पर दो चौके की मदद से 10 रन बनाए और कैगिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हुए। फिर, विराट कोहली 11 गेंदों पर 2 चौके की मदद से 12 रन बनाकर मार्को यानसन का शिकार बने। कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अय्यर ने मैच का विजयी चौका मारा।
दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज एडम मार्करम (106) ने शानदार शतक बनाया लेकिन बाकी बल्लेबाजों से कोई सहयोग न मिलने के कारण दक्षिण अफ्रीका लंच तक 176 रन पर सिमट गया। हालांकि मारक्रम को बुमराह की गेंद पर शतक से पहले विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों जीवनदान मिला लेकिन उन्होंने बुमराह पर लगातार दो चौके मारकर अपना शतक पूरा किया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 61रन पर छह विकेट लेकर मेजबान टीम को समेटने में अहम भूमिका निभाई। बुमराह के छह विकेट के अलावा मुकेश कुमार ने 2 और मोहम्मद सिराज तथा प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट लिया।
दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 55 रन पर सिमटी थी, जबकि भारत ने 153 रन बनाकर 98 रन की बढ़त हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने कल के अपने तीन विकेट पर 66 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बुमराह ने दिन के पहले ही ओवर में डेविड बेडिंघम को विकेटकीपर के हाथों कैच कराकर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव डालने की शुरूआत की और एक के बाद एक चार विकेट लेकर मेजबान का स्कोर सात विकेट पर 111 रन कर दिया।
एक छोर पर धैर्य के साथ खेल रहे एडम मार्करम को कैगिसो रबाडा का अच्छा साथ मिला और उन्होंने अपने शॉट खेलते हुए शतक पूरा किया। मार्करम ने बुमराह की गेंद पर लगातार 2 चौके लगाकर शतक पूरा किया। लेकिन शतक पूरा करने के बाद मार्करम मोहम्मद सिराज की गेंद पर रोहित शर्मा को कैच दे बैठे। मार्करम ने 103 गेंदों की पारी में 17 चौके और 2 छक्के लगाए। रबाडा भी टीम के 162 स्कोर पर कृष्णा का शिकार बन गए।



जसप्रीत बमुराह का सिक्सर

## आरोन फिंच ने बिग बैश लीग से संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी। मेलबर्न**
पूर्व विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ मौजूदा सीजन के अंत में बिग बैश लीग (बीबीएल) से संन्यास की घोषणा की है। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने रेनेगेड्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच मुकाबले से पहले गुरुवार को मार्वल स्टेडियम में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि मौजूदा सीजन उनका आखिरी सीजन होगा। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू दोनों स्तरों पर अपने असाधारण करियर पर विचार करते हुए, फिंच ने कहा कि उन्हें हर मिनट पसंद आया है। किसी भी क्षण की तुलना बीबीएल खिताब जीतने से नहीं की जा सकती, वह मेरे लिए बहुत खास था और कुछ ऐसा था जो मुझे याद रहेगा। मुझे अपने पूरे करियर में एक ही क्लब में खेलने पर गर्व है। फिंच सीजन 2 से 10 के बीच लगातार नौ सीजन तक रेनेगेड्स के कप्तान थे। वह 3311 रन के साथ क्लब के अग्रणी स्कोरर हैं और कई प्रशंसाओं के बीच बिग बैश लीग के ऑल-टाइम रन टैली में केवल क्रिस लिन से पीछे हैं। वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई पुरुष कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स से क्लब की कप्तानी संभालने के बाद, एक नेता के रूप में फिंच का प्रभाव पूरे क्लब में महसूस किया गया।

## श्रीलंका के नए टेस्ट कप्तान होंगे धनंजय डी सिल्वा

**एजेंसी। कोलंबो**
श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के मुख्य चयनकर्ता उपुल थरंगा ने कहा कि दिमुथ करुणारत्ने की जगह धनंजय डी सिल्वा को श्रीलंका टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। धनंजय पुरुष टेस्ट मैचों में श्रीलंका का नेतृत्व करने वाले 18वें क्रिकेटर बन जाएंगे। धनंजय के पास 51 टेस्ट मैचों का प्रभावशाली रिकॉर्ड है, जिसमें दस शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका पहला कार्यभार 6 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगा। करुणारत्ने की कप्तानी में श्रीलंका ने खेले 30 टेस्ट में 12 जीते और 12 में उन्हें हार नसीब हुई। इसके अलावा 6 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। कप्तान के रूप में उनकी सबसे बड़ी सफलता 2018/19 में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीत थी। वो ऐसा करने वाले पहले एशियाई कप्तान बने थे। श्रीलंका 2024 की शुरूआत हर प्रारूप के लिए एक अलग कप्तान के साथ करेगा। उन्होंने सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में दासुन शनाका को कप्तानी से हटा दिया है और वनडे में कुसल मेंडिस तथा टी20 में वानिंदु हसरंगा को कप्तान नियुक्त किया है। श्रीलंका जनवरी में जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा।

## 19 हैंडबॉल बालक/बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम हरियाणा रवाना



**रांची ।** 05- 09 जनवरी 2024 तक हिसार, हरियाणा में आयोजित हो रहे, 67वे अंडर - 19 राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल बालक/ बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड हैंडबॉल टीम राजधानी एक्सप्रेस से हरियाणा के लिए रवाना हुई जिसमें रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर से 11 बालक/बालिका खिलाड़ियों का चयन झारखंड स्कूली हैंडबॉल टीम में किया गया, जो इस प्रकार हैं - सूरज उरांव, कृष्णा उरांव, विवेक कुमार महतो, सौरभ उरांव, अर्चना कुमारी, अनिमा कुमारी, अरधना भगत, प्रियांजलि कुमारी, राखी कुमारी, कांता कुमारी, आयुषी कुमारी है जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी के लिए तैयार झारखंड



**रांची।** झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह प्रतिष्ठित आयोजन वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक है, जिसके समकक्ष मस्कट, ओमान (पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) हैं। उपरोक्त आयोजन मूल रूप से चीन में आयोजित होने वाला था, लेकिन चीन की महिलाओं के पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद हॉकी इंडिया ने एफआईएच से आयोजन स्थल को भारत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। एकता और प्रत्याशा से चिह्नित एक महत्वपूर्ण अवसर पर हॉकी इंडिया ने गुरुवार को झारखंड में आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### इटली की महिला हॉकी टीम रांची पहुंची

**रांची।** अपने पहले ओलंपिक में जगह बनाने पर नजर रखते हुए, इटली की महिला हॉकी टीम बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए गुरुवार सुबह रांची पहुंची। फेडेरिका कार्टा और सारा पुग्लिसी के नेतृत्व में इतालवी टीम 13 जनवरी 2024 को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, जो सात वर्षों में दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। एफआईएच विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज इटली को पूल बी में रखा गया है, टीम 14 जनवरी को अपने दूसरे मैच में यूएसए से भिड़ेगी और फिर 16 जनवरी को भारत के खिलाफ अपना अंतिम पूल गेम खेलेगी।

## विजेता टीम को ट्राफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता**
**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत पंचायत खैरादोहर में केकेआर क्रिकेट क्लब के माध्यम से खैरादोहर के मैदान अछुईया टाड़ पर क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला का दिन बुधवार को आयोजन किया गया जिसमे सरइडीह वनाम नीमा के बीच खेलाया गया। जिसमे सरइडीह के जय हिन्द क्रिकेट क्लब के खेलाडियो ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।और नीमा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फाइनल मुकाबला 16 ओवर का खेलाया गया ।जिसमे सरइडीह के जय हिन्द क्रिकेट क्लब के खेलाडियो ने पहली बारी खेल कर 15.4 ओवर में 162 रन बनाकर ऑल आउट होकर नीमा के टीमों को दिया 16 ओवर में 163 रन बनाने का लक्ष्य नीमा क्रिकेट क्लब के खेलाड़ियो ने अच्छी बारी खेल कर अपना जीत हासिल 15.5 ओवर में ही कर ली। नीमा क्रिकेट क्लब के खेलाडियो को जीत हासिल करने के बाद कमिटी के सभी सदस्यगण प्रतिनिधियों के द्वारा विजेता टीम को बड़े ट्रॉफी मैन ऑफ मैच के साथ विजेता प्राइज राशि 7000 रुपए के साथ सम्मानित किया।



## फुटबॉल टूर्नामेंट में अमही ने बैरिया को 1-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** गुरुवार को प्रखंड़ के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान मे भाईचारा एकता कमिटी के तत्वाधान में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच अमही बनाम बैरिया (बिहार) के बीच खेला गया। जिसमें अमही ने बैरिया को एक गोल से हराया। मैच का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी , राजद प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया नरेश पासवान ने टूनामेंट के आयोजन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि कमेटी द्वारा आयोजित यह टूनामेंट सराहनीय कदम है ।खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। यह खेल

**उद्घाटन मैच में पूर्व विधायक ने कहा खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरतः संजय**

## टेस्ट ओपनर के रूप में ग्रीन एक बेस्ट विकल्प हो सकते हैं : वॉटसन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता आगामी वेस्टइंडीज सीरीज के लिए उस्मान ख्वाजा के ओपनिंग पार्टनर की तलाश कर रहे हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉटसन का मानना है कि डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद उनकी जगह कैमरून ग्रीन बेस्ट विकल्प हो सकते हैं। शेन वॉटसन का कहना है कि शीर्ष क्रम में ग्रीन के पिछले अनुभव की आवश्यकता नहीं है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को उनकी गेंदबाजी पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि उन्हें अपना गेम प्लान समझने में एक या दो मैच लग सकते हैं।

## यंग क्रिकेट क्लब ने रॉयल क्रिकेट क्लब को 52 रन से किया पराजित



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूनामेंट के तहत गुरुवार को मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम यंग क्रिकेट क्लब बीच खेला गया' निर्धारित 40-40 ओवर के मैच में यंग क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.3 ओवर 136 रन बनाया और आउट हो गई'जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब ने 20.2 ओवर में 84 रन बनाये और आउट हो गई ' इस तरह से यंग क्रिकेट क्लब में 52 रनो से मैच जीत लिया' मैच में यंग क्रिकेट कल्ब के बल्लेबाज रुद्राक्ष कुमार सिंह 36 ने रन, प्रत्यूष वर्मा ने 23 रन बनाये'रॉयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिव्यांशु राज 28 रन देकर 3 विकेट, रविंद्र कुमार महतो 11 रन देकर 2 विकवत और रोहित कुमार ने 35 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया' रॉयल क्रिकेट के बल्लेबाज रविंद्र कुमार महतो ने 24 रन, अरुनिश राज ने 16 रन बनाए'यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिव्यम राज 19 रन देकर 6 विकेट और राहुल कुमार वर्मा 22 रन देकर 2 प्राप्त किया।

## सतयारी टोली, राज स्पोर्टस बरियातु व संत जॉन अकेडमी ने जीते मैच



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के द्वारा आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबाल प्रतियोगिता के दुसरे दिन पहला मैच बीपीएसएस दुबालिया और सतियारी टोली के बीच हुई। जिसमें सतयारी टोली ने 5-4 से जीत दर्ज किया। दूसरे मैच में राज स्पोर्टस क्लब बरियातु और रामदयाल मुंडा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें राज स्पोर्ट क्लब बरियातु ने 1-0 से जीत दर्ज किया। तीसरा मैच सतियारी टोली फुटबॉल क्लब और स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सतियारी टोली 2-0 से जीत दर्ज किया। चौथा मैच राज स्पोर्ट क्लब बरियातु और संत जॉन फुटबॉल अकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें संत जॉन फुटबॉल अकेडमी 4-2 से जीत दर्ज किया। खेल के दौरान शहर के विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को बारी बारी से बैंच, अंग वस्त्र एवं मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अजीत लकड़ा, संजय सिंह उर्फ लल्लू, सूरज टोप्पो, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, सीमा देवी, अशोक साहू, कुमोद कुमार वर्मा, अजय नाथ शाहदेव, नईम अंसारी, नूरुल होदा, बिरेंद्र तिवारी, राजा साहू, कैलाश तिर्की, अशुतोष गोस्वामी, मुन्ना बड़ाईक, प्रणय कुमार बब्बू, जुबेर भाई, इबरान अंसारी, गणेश दास को सम्मानित किया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जो काम राज्य सरकार को करना था, वो काम केंद्रीय सरना समिति कर रही है। जो झारखंड अलग राज्य का सोच रखने वाले प्रथम व्यक्ति मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर राज्य सरकार ने अपनी ओर किसी भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया।

## वी और टीम वाइटेलिटी ने की सामरिक साझेदारी

**रांची।** स्टेटऑफ इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत का ईस्पोर्ट उद्योग 2027 तक 140 मिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले कुछ सालों के दौरान ईस्पोर्ट्स ने मुख्यधारा स्पोर्ट के रूप में ख्याति अर्जित की है, खासतौर पर कई इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म्स पर ऑफिशियल मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शुरूआत करने के बाद इनकी लोकप्रियता बढ़ी है। तेजी से बढ़ती इस कन्ज्यूमर कैटेगरी को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है।

# व्यापार

## रियल इस्टेट शेयरों में 15 फीसदी तक उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**
रियल इस्टेट के शेयरों में आग लगी हुई है और गुरुवार को रियल्टी इंडेक्स 5 फीसदी से ज्यादा उछल गया। बीएसई रियल्टी इंडेक्स 5.63 फीसदी ऊपर है, जो अब तक टॉप परफॉर्मर है, जबकि शोभा 15 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 8 फीसदी, लोढ़ा 7 फीसदी, ब्रिगेड 6 फीसदी, डीएलएफ 6 फीसदी और ओबेरॉय रियल्टी 5 फीसदी ऊपर है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2021-23 में इस सेक्टर के कमजोर प्रदर्शन के बाद एक रिपोर्ट में कहा, हमारा मानना है कि शोभा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, क्योंकि इसके पास जमीन का भंडार है, इसका बैलेंस शीट अच्छा है। मुनाफे में सुधार से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इसके अलावा, बेंगलुरु में इसके कुछ बड़े भूमि पार्सल के मुद्रीकरण में मूल्यांकन से रेटिंग आएगी। वित्त वर्ष 2024 के लिए शोभा में 1,400 रुपए, 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारे प्रमुख जोखिमों में घर खरीदने में मंदी, बड़े भूमि पार्सल के मुद्रीकरण में देरी, और बीडी सौदों पर हस्ताक्षर करने में असमर्थता शामिल है। नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच नीति दरों में 250 आधार अंकों की वृद्धि लागू करने और प्रमुख बाजारों में आवासीय कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद, घर की मांग देश में बढ़ती रही और वर्ष 2023 में वार्षिक बिक्री के मामले में दस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। 2023 में 329,097 इकाइयों की बिक्री के साथ वार्षिक बिक्री में 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।





### वैश्विक स्तर पर बाजारों में हो रहा है करेक्शन

**नई दिल्ली।** बाजार का रुझान यह है कि हाई वैलुएशन से गिरावट आएगी। लेकिन ये करेक्शन कब होगा, ये पता नहीं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट आ रही है और इसका कारण मुनाफावसूली है, जिसे समझा जा सकता है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 11 बज कर 20 मिनट तक 459 अंक ऊपर 71,816.43 पर है। एनटीपीसी में 4 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 3 फीसदी से ज्यादा तेजी है। इंडसइंड बैंक और टाटा मोटर्स में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। बाजारों में जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देने की प्रवृत्ति होती है।
शायद फेड के जवाब में अमेरिकी बाजार में उछाल कुछ ज्यादा ही हो गया था। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में मामूली वृद्धि अपेक्षित फेड रेट कटौती के समय के बारे में बाजार की चिंता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, अब एक अच्छी रणनीति यह होगी कि कुछ पैसे अधिक वैलुएशन वाले मिड और स्मॉल-कैप से लेकर उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप में लगाया जाए।

## पॉकेट एफएम ने राजस्व में 647% वृद्धि दर्ज की

**एजेंसी। नई दिल्ली**
घरेलू ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पॉकेट एफएम ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023 के लिए अपनी भारतीय कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन का खुलासा किया, जिसमें राजस्व में 647 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 131 करोड़ रुपये तक पहुंच गई और नुकसान (कर से पहले) में 56 प्रतिशत की कमी आई, जो कि 75.7 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने माइक्रोट्रांसेक्शन राजस्व में 417 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 82.8 करोड़ रुपये जुटाए। विज्ञापन राजस्व 1120 प्रतिशत बढ़कर 12.17 करोड़ रुपये हो गया, कंपनी अपने ब्रांड और विज्ञापन समाधान स्ट्रीम के लिए पायलट स्टेज में थी। पॉकेट एफएम के मुख्य वित्तीय अधिकारी अनुराग शर्मा ने एक बयान में कहा, वित्तीय रूप से बेहतर रहने की हमारी प्रतिबद्धता न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा, कंटेंट और राइटर कम्युनिटी में निरंतर निवेश के साथ, हम मनोरंजन को केवल सुनने के अनुभवों तक ही सीमित नहीं रखते, बल्कि आईपी के जरिए अन्य फॉर्मेट्स में अनुभव को दोहराने के लिए तत्पर हैं। वित्त वर्ष 2023 में पॉकेट एफएम का कुल खर्च 9.32 प्रतिशत बढ़कर 206.78 करोड़ रुपये हो गया। विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च 45 फीसदी कम होकर 70.57 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 23 में कंपनी का कंटेंट खर्च दोगुना से ज्यादा बढ़कर 21.29 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की रणनीति के अनुरूप कर्मचारी खर्च 2022 में 30.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 73.3 करोड़ रुपये हो गया है।





## अमित शाह ने लांच किया तुअर दाल खरीद पोर्टल, कहा- 2027 तक दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 से पहले देश दलहन उत्पादन के क्षेत्र में पूर्णरूप से आत्मनिर्भर हो, हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वर्ष 2028 में विदेश से दलहन की खरीद न करनी पड़े। शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन में तुअर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार दलहन उत्पादक किसानों के साथ है। उन्होंने किसानों से बड़े पैमाने पर दलहन फसलों की खेती करने का आह्वान किया। सरकार उनके फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व उस समय के बाजार रेट पर करेगी। अमित शाह ने कहा कि आज की ये शुरूआत आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाली है। ये बात सही है कि मूंग और चने में हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है लेकिन बाकी दलहन हम आज भी आयात करते हैं। आजादी के 75 साल बाद दलहन का आयात करना देश के लिए सम्मानजनक नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में दलहन का उत्पादन करने वाले किसानों पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो। शाह ने कहा कि दलहन की खेती करने वाले किसानों से वह कहना चाहते हैं कि उनकी उपज की खरीद की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) देश में दलहन किसानों से सीधे खरीद करेंगी। किसान फसल से पहले इनके पोर्टल पर पंजीकरण कर सूचित करें, ताकि खरीद में आसानी हो सके। नाफेड और एनसीसीएफ कम से कम एमएसपी या उस समय के बाजार भाव पर दलहन खरीदेंगी लेकिन अगर किसान को बाजार में इससे भी अधिक रेट मिलता है तो वह अपनी उपज को बाजार में भी बेच सकेंगे। शाह ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण, खरीद और भुगतान तक की प्रक्रिया एक ही माध्यम पर उपलब्ध रहेगी।





## इनवेस्को ने स्विगी का मूल्यांकन बढ़ाकर 8.3 अरब डॉलर किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
अमेरिका स्थित निवेश कंपनी इनवेस्को ने आईपीओ-बाउंड फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी का मूल्यांकन लगभग 8.3 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, यह लगातार दूसरी बार है जब वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने स्विगी के मूल्य में वृद्धि की है। पिछले साल अक्टूबर में इनवेस्को ने फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म का वैल्यूएशन बढ़ाकर करीब 7.85 अरब डॉलर कर दिया था। जनवरी 2022 में इनवेस्को के नेतृत्व में एक राउंड में स्विगी 10.7 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर पहुंच गई थी। पिछले साल मई में, इनवेस्को ने स्विगी की हिस्सेदारी का मूल्यांकन घटाकर लगभग 5.5 बिलियन डॉलर कर दिया था। नवंबर में, स्विगी के निवेशक प्रोसस ने अपनी वित्तीय फाइलिंग में कहा कि स्विगी का मुख्य खाद्य-वितरण व्यवसाय 17 प्रतिशत बढ़ा और वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 1.43 बिलियन डॉलर का सकल माल मूल्य (जीएमवी) दिया। प्रोसस ने कहा, ्यह लेन-देन करने वाले उपयोगकताओं में वृद्धि के कारण हुआ, जिसने एओवी में दोहरे अंकों की ऑर्डर वृद्धि और मुद्रास्फीति को बढ़ाया। प्रोसस, जिसके पास स्विगी में 32.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है, ने बताया कि व्यापारिक घाटा कम होकर 208 मिलियन डॉलर हो गया है। कंपनी ने आगे कहा कि त्वरित-वाणिज्य व्यवसाय ने तेजी से प्रगति की है, क्योंकि ग्राहक गोद लेने से ऑर्डर में वृद्धि हुई है।





## टेक्नो ने लॉन्च किया 8 जीबी रैम वाला स्मार्टफोन- पॉप 8





**मुंबई।** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो भारत में टेक्नो पॉप 8 के लॉन्च के साथ देश के एंट्री-लेवल स्मार्टफोन परिदृश्य को नई पहचान दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस प्रकार, शहर में अब सबसे तेज 8 जीबी रैम वाला सुपर-हीरो फोन सहजता से उपलब्ध है। ऑर्डिनरी फोन के बजाए पॉप 8 को अपनाएँ, क्योंकि यह इस सेगमेंट में पहले कभी न देखे गए तेज परफॉर्मेंस वाले फोन की सौगात देने का वादा करता है। टेक्नो पॉप 8 की परिभाषा सिर्फ एक फोन तक ही सीमित नहीं है; बल्कि यह इनोवेशन की दुनिया की तरफ रुख करने वाला उत्तम साधन है, जो यूजर्स को उनकी क्षमता के अनुरूप इसका उपयोग करने में सक्षम बनाता है। टेक्नो पॉप 8 अमेजन पर 9 जनवरी, 2024 से उपलब्ध होगा।

## एक नजर

### केतार प्रमुख ने मंत्री से बीडीओ की पदस्थापना कराने की मांग की

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को पत्राचार कर केतार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सीओ और एमओ की पदस्थापना करने का आग्रह किया है। पत्र में प्रमुख ने कहा है कि केतार प्रखंड कार्यालय के तत्कालीन बीडीओ मुकेश मछुआ का जगन्नाथपुर में एसडीओ के पद पर पदस्थापित होने के बाद से यहां लगभग तीन माह से बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गयी है। इसके कारण बीडीओ, सीओ और एमओ का प्रभार भवनाथपुर के बीडीओ नंदजी राम को दिया गया है। बीडीओ नंदजी राम प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य संचालित करने में फेल साबित हो रहे हैं।

### प्राइस डीलर फेडरेशन रमना ईकाई की बैठक

**रमना।** विभिन्न मांगों को लेकर 1 जनवरी से ही हड़ताल पर डटे फेयर प्राइस डीलर फेडरेशन की रमना ईकाई की बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में हुई। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष कामेश्वर दूबे, कमलेश कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार पाल, गुंजेश कुमार सिंह, सुर्यदेव राम, रामजी राम, बिजय राम, योगेंद्र सिंह, श्रीधर सिंह, नारायण सिंह, महादेव सिंह, गीता उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड की कुम्बाखुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार,प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस धनंजय कुमार, बीटीएम विजय यादव, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह मौजूद थे।

### विमलेश बने अध्यक्ष

**केतार।** प्रखंड के पचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से 22 जनवरी को शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। विमलेश पासवान को अध्यक्ष, बबलू कुमार रजक को उपाध्यक्ष, संतोष कमलापुरी सचिव, मुरारी प्रसाद उप सचिव, रविन्द्र पासवान को संरक्षक, नवलेश पासवान, राम दुलार साह, राजनाथ मेहता, मुंशी चौधरी, प्रेम प्रसाद गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

### हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने सुदना पटेल नगर स्थित आवास पर एक वार्ता में हिट एंड रन कानून को उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों को निलंबित कर सरकार ने जन विरोधी हिट एंड रन कानून को पास किया है। उन्होंने कहा कि बिना सोचे-समझे नोटबंदी, जीएसटी, तीनों कृषि कानून आदि के भयावह नुकसान से देश की जनता अभी तक उबर नहीं पाई है। ऐसे में बिना व्यापक चर्चा-परिचर्चा के हिट एंड रन समेत महत्वपूर्ण मसले से संबंधित कानून को केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा हड़ताली कर्मियों के साथ वार्ता में अभी लागू नहीं करने की घोषणा से मोदी सरकार की अगंभीरता व अल्हड़पन का पता चलता है।

## केतार प्रखंड में आम बागवानी को छोड़ छह महीने से संचालित नहीं हो रही मनरेगा योजना

# मनरेगा बेअसर, पलायन को मजबूर मजदूर

**बिट्टू सिंह। केतार**

ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) चल रही है। लेकिन यह योजना प्रखंड क्षेत्र में फेल साबित हो रही है। समय पर मनरेगा मजदुरों को मजदूरी भुगतान नहीं होने और रोजगार नहीं मिलने से मजदुरों का मोह अब भंग होने लगा है। इसके कारण इलाके से मजदुरों का पलायन करना उनकी नियति बन गई है। प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में आम बागवानी योजना को छोड़कर पिछले छह महीने से मनरेगा योजना संचालित नहीं हो रही है, जिससे बेरोजगारी बढ़ गयी है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को उनकी गांव और पंचायत में ही 100 दिन रोजगार दिलाना है। रोजगार नहीं मिलने पर भत्ता देना है। लेकिन प्रखंड के 85 प्रतिशत मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रखंड के परती-कूशवानी, लोहरगाडा, मुकुन्दपुर, परसोडीह, केतार, बलीगढ़, पाचाडुमर पंचायत से मजदूर प्रतिदिन टेंपों और बस से नजदीकी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं। मजदूर काम की तलाश में चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य बड़े शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। गांव और पंचायत स्तर पर मनरेगा में काम नहीं मिलने पर गांव के मजदूर घर परिवार चलाने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करने को विवश हैं। स्थिति यह है कि केतार, बाजार, कोल मोड़, खरौंधी मोड़ पर प्रतिदिन 30-40 मजदूर प्रतिदिन काम की तलाश में बाहर जाते दिख रहे हैं। हालांकि रोजगार उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और मजदूर भी मनरेगा से योजना संचालित कराने की लगातार मांग अधिकारियों से कर रहे हैं, लेकिन योजना संचालित नहीं हो रही है।

**आखिर क्यों बेअसर हो रही है मनरेगा? :** मनरेगा कर्मचारियों ने बताया की पक्के वर्क की मैटेरियल का भुगतान नहीं होने से योजनाएं लंबित हैं, जबकि मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होने से लाभुक कार्य करना नहीं चाहते हैं। आम बागवानी योजना चार वर्ष की है जो लंबित दिख रही है। वहीं मजदूर राकेश प्रजापति, अक्षय कुमार, दिनेश गुप्ता, मेवा साह ने बताया कि अप्रैल माह की पंद्रह दिन की मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इस कारण मनरेगा कार्य करने में दिलचस्पी नहीं है।



### मनरेगा में अनियमितता, निगरानी समिति की बैठक में प्रमुख ने प्रभारी बीपीओ को हटाने का मामला उठाया

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को समाहरणालय में आयोजित निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त से रोजगार सेवक को प्रभारी बीपीओ के पद से हटाने का आग्रह किया है। बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि पिछले दो वर्ष से रोजगार सेवक मनोज कुमार को प्रभारी बीपीओ बनाया गया है। इनको प्रभारी बीपीओ के पद पर रहने के कारण मनरेगा में भारी अनियमितता बरती जा रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों लाभुकों द्वारा बताया गया है कि इनके द्वारा मनरेगा योजनाओं के कोडिंग, जीओ टैगिंग, समाग्री वितरण एवं निरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध राशि की उगाही की जा रही है। इससे प्रखंड क्षेत्र की जानता त्रस्त हो चुकी है। इन्हें पूर्व में भी चेतावनी दी गई है लेकिन इनके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। प्रमुख ने प्रभारी बीपीओ को हटाकर दूसरे रोजगार सेवक को बीपीओ का प्रभार देने का आग्रह किया है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी

**अब तक कोई पहल नहीं की गई : मुखिया नीलम**



लोहरगाड़ा की मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोहरगाड़ा पंचायत के मजदूरों ने बीडीओ से मनरेगा योजना में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई। पिछले छह माह से एक भी योजना संचालित नहीं है। मजदूर बेरोजगार हो गये हैं।

**1646 पुरानी योजनाएं लंबित : प्रभारी बीपीओ**



प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार बताया कि प्रखंड की सातों पंचायतों में 1646 पुरानी योजनाएं लंबित हैं, जिस कारण नई योजनाएं शुरू नहीं की जा रही हैं। फिलहाल 476 मजदूरों की डिमांड चल रह है।

**बैठक में इस मुद्दे को उठाएंगे : जिप सदस्य ज्वाला**



जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने बताया कि प्रभारी बीडीओ रहने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। किसी पंचायत में योजना संचालित नहीं है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हर पंचायत में पांच- पांच लाभुकों को सिंचाई कूप योजना मिली है। लेकिन उसे भी शुरू नहीं किया गया है। जिप की बैठक में मुद्दा उठाएंगे।

**बीडीओ नहीं दिखा रहे दिलचस्पी : प्रखंड प्रमुख**



प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि मनरेगा योजना संचालित नहीं होने से क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। प्रभारी बीडीओ विकास कार्य संचालित करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त व उप विकास आयुक्त से योजना संचालित कराने का अनुरोध किया है।

**कूप योजना शुरू कराएंगे : उप विकास आयुक्त**



उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में पुरानी योजनाओं को पूर्ण कराते हुए पांच- पांच योजना संचालित कर मजदूरों को रोजगार देना है। पुरानी योजना पूर्ण नहीं है तो नयी योजना नहीं लेना है। बिरसा सिंचाई कूप योजना भी जल्द शुरू कराई जायेगी।

## सहिया का चयन नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**नवीन मेल संवादाता। बड़गड़**

बड़गड़ प्रखंड के टेहरी पंचायत अंतर्गत बरकोल खुर्द गांव में स्वास्थ्य सहिया पुनम खलखो के त्याग पत्र देने के बाद यहां के लोगों को स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से मिलने वाला लाभ पिछले 9 माह से नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सहिया पूनम खलखो 12 अप्रैल 2023 को सहिया पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके पश्चात इनका चयन विभाग द्वारा सहिया साथी के रूप में हुआ है। स्वास्थ्य सहिया पूनम खलखो के त्यागपत्र देने के बाद से गांव के लोग इनके द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा के लाभ से वंचित रह रहे हैं। विभाग द्वारा इनके त्याग पत्र देने के 9 माह बीत जाने के बाद भी नया स्वास्थ्य सहिया का चयन नहीं कराया गया है, जबकि भंडारिया बरगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों के त्यागपत्र देने वाली सहियाओं की जगह पर बीते दिसंबर माह में अलग-अलग तिथियों को सीएस गढ़वा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में ग्राम सभा आयोजित कर स्वास्थ्य सहिया का चयन किया गया है। लेकिन बरकोल खुर्द गांव में विभाग द्वारा स्वास्थ्य सहिया का चयन नहीं कराये जाने को लेकर लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने गांव में जल्द स्वास्थ्य सहिया का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करानें को लेकर टेहरी पंचायत की मुखिया बिन्को टोप्पो, वार्ड सदस्य प्रिसकिला लकड़ा सहित सैकड़ों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भंडरिया को सौंपा है।



## 54 हथियारों के लाइसेंस को जांच के लिए भेजा गया स्पेशल ब्रांच

**नवीन मेल संवादाता। मेदिनीनगर**

पलामू में 54 हथियारों के लाइसेंस को जांच के लिए स्पेशल ब्रांच भेजा गया है. पूर्व डीसी के द्वारा जिन लोगों को हथियार के लाइसेंस दिये गये, उसकी जांच हो रही है. आशंका जतायी जा रही है कि हथियार के लाइसेंस को लेकर जो मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया गया है और हथियार हैंडल करने का सर्टिफिकेट फर्जी हो सकता है. जिन लोगों को पिछले कुछ दिनों में लाइसेंस दिए गए हैं, उनके औचित्य की भी जांच की जा रही है. लाइसेंस धारक को वाकई में सुरक्षा का खतरा है या नहीं इस बिंदु पर भी रिपोर्ट मांगी गई है. पलामू में पिछले कुछ महीनों में कई सरकारी कर्मी, वहीं एक ही परिवार में कई लोगों को हथियार के लाइसेंस जारी किए गए हैं. हथियार के लाइसेंस लेने वालों में एक ही परिवार के पति-पत्नी हैं. जिन 54 लाइसेंस की जांच होनी है, उनमें पांच महिलाएं भी हैं. 10 हरिहरगंज, हुसैनाबाद, छतरपुर, जबकि 27 लाइसेंस धारक मेदिनीनगर के हैं. लाइसेंस धारकों में कई सीनियर पुलिस अधिकारी, ठेकेदार, सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं. सदर एसडीएम कार्यालय में तैनात एक पुलिस को रौंदने का भी आरोप लगा था. दरअसल पलामू में दो हजार के करीब हथियारों के लाइसेंस धारक हैं।

## अंतिम व्यक्ति के विकास में ही पलामू का विकास

### छतरपुर अनुमंडल तथा हरिहरगंज प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें : आयुक्त**

**आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित छतरपुर व हरिहरगंज के थाना प्रभारियों से विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय छतरपुर तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को इमानदारी पूर्वक, सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचायें। जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें। प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्यायें दूर करने से आमजनों को आर्थिक और समय दोनों की बचत होगी। आयुक्त ने अनुमंडल कार्यालय छतरपुर तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय हरिहरगंज में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य आवंटन एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली।

## अंबाखोरेया के जंगल में हाथियों ने एक को कुचल कर मार डाला

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

थाना क्षेत्र के केतमा गांव निवासी सुदामा सिह के 40 वर्षीय पुत्र इन्द्रदेव सिंह को जंगली हाथियों के झुंड ने कुचलकर मार डाला। इससे गुस्साये ग्रामीणों ने धुरकी अमबाखोरेया मुख्य गढवा मार्ग को बीच सड़क में शव रखकर जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे बीडीओ सह सीओ जुलफिकार अंसारी, वनपाल प्रमोद कुमार यादव, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर मुआवजा दो सप्ताह में दिलाने की बात कहकर उनसे जाम हटाने का अनुरोध किया, लेकिन ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मृतक 3 जनवरी को पालतू मवेशी चराने माझपानी के पुसुतदाग जंगल गया था, जहां हाथियों के झुंड ने उसे कुचल कर मार डाला। इस घटना की सूचना गुरुवार को चरवाहों के माध्यम से ग्रामीणों को मिली। इससे गुस्साए ग्रामीण शव के साथ पथ पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांग है कि मुआवजा तत्काल देते हुए हाथियों को क्षेत्र से भगाया जाय। पिछले छह माह में हाथियों के झुंड ने दर्जनों घर के साथ सैकड़ों एकड़ में लगी फसल को बर्बाद किया है। सड़क जाम करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, कृष्णा सिह, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, शयामकिशोर, कुश केशरी, बाबूलाल प्रजापति, सुदर्शन गुप्ता आदि शामिल थे।




### खरौंधी में अबुआ आवास के चयन में गड़बड़झाला

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी 9 पंचायत से अबुआ आवास योजना के लिये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 9345 आवेदन प्राप्त हुये थे। आवेदन के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों का चयन कर ग्राम सभा से पारित कराने हेतु निर्देश दिया था।

### राजपरिवार की तीन पीढ़ियों की निर्माण में भूमिका

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर राजपरिवार द्वारा निर्मित पंचमुखी ठाकुरबाड़ी मंदिर के निर्माण में राजपरिवार की तीन पीढ़ियों ने अहम भूमिका निभाई है। राजपुरोहित अचितानंद पांडेय ने बताया कि 150 वर्ष पूर्व विश्रामपुर रियासत के राजा लक्ष्मी बख्श राय ने इस मंदिर का शिलान्यास किया था। मंदिर का निर्माण उनके पुत्र राजा भागवत बख्श राय ने पूर्ण कराया। जबकि मंदिर के गर्भ गृह में ठाकुर जी की प्राण-प्रतिष्ठा राजा नागेश्वर बख्श राय ने संपन्न करायी। उनके बाद अंबिकेश्वर बख्श राय रियासत के राजा बने। उनके पुत्र रणजीत बख्श राय वर्तमान में मेदिनीनगर शहर में निवास करते हैं।



**श्रीकृष्ण महाजन्माष्टमी पर भव्य उत्सव**

प्रतिवर्ष श्रीकृष्ण महाजन्माष्टमी पर ठाकुरबाड़ी मंदिर में भव्य उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें राजपरिवार के सभी सदस्य पूर्ण श्रद्धाभाव से भाग लेते हैं। उत्सव में विश्रामपुर नगर परिषद के साथ-साथ आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में भक्त भाग लेते हैं। मध्य रात में दिव्य पूजन-अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### अद्वितीय है पलामू के विश्रामपुर का ठाकुरबाड़ी मंदिर

**मेदिनीनगर।** पलामू के विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर स्थापत्य कला के मामले में समूचे झारखंड में अद्वितीय है। राजस्थानी शैली का पंचमुखी मंदिर यहां दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं का मन मोह लेता है। पलामू प्रमंडल में एक कहावत प्रचलित है कि विश्रामपुर जैसा भव्य मंदिर व श्रीबंशीधर नगर जैसी मोहक प्रतिमा पूरे विश्व में कहीं नहीं है। यह पलामू का सौभाग्य ही है कि ये दोनों ही धरोहर झारखंड प्रांत के पलामू में ही हैं। विश्रामपुर मंदिर की विशेषता है कि मुख्य द्वार के साथ पांच तरफ से भक्त इस मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं। ऐसा विरले ही मंदिरों में देखने को मिलता है। लगभग नौ डिस्मिल भू-भाग पर फैले कमल पुष्प की आकृति का पांच गुंबदों वाले मंदिर में प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। विश्रामपुर गढ़ किला के सामने स्थित मंदिर की भव्यता देखने के लिये पलामू प्रमंडल के साथ सीमावर्ती यूपी, एमपी, बिहार व छत्तीसगढ़ प्रांत से भी श्रद्धालु यहां आते हैं।



### भटके कोटरा को जंगल में छोड़ा झुंड से बिछड़कर गांव में आ गया था वन्य जीव

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी रेंज में एक नर कोटरा को बचाकर वन्य कर्मियों ने टेनो जंगल में छोड़ा। इस घटना की पुष्टि रेंजर उमेश दुबे ने की है। बताया जाता है कि यह कोटरा रूद गांव के मालदेव भगत के पशुओं के साथ शाम के समय भटककर उनके घर पहुंच गया था। मालदेव भगत ने इस कोटरे का इस ठंड में पूरा ख्याल रखा। रेंजर ने बताया कि जब उन्हें कोटरा के गांव में पहुंचने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल प्रभारी वनपाल रंजय कुमार के नेतृत्व में चार सदस्यीय बचाव टीम को रूद गांव भेजा। वनरक्षक राज किशोर राम, रूपेश कुमार और रोहित कुमार इस बचाव टीम में शामिल थे। बचाव टीम द्वारा कोटरा को टेनो के घास पट्टी में छोड़ दिया गया। पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि प्रायः यह देखा गया है कि कोटरा वन्य जीव गाय, बैल, बकरी के साथ चरते रहते हैं।



### पदाधिकारियों को दिया गया ईवीएम एवं विविपैट का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय भवन के ब्लॉक सी एवं डीआरडीए के पुराने भवन में ईवीएम एवं विविपेट जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विभाग स्तर से प्राप्त प्रारूप के अनुसार जिला स्तर और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर ईवीएम- विविपैट जागरूकता टीम हेतु निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित पलामू व गढ़वा जिले के बीडीओ मौजूद रहे।



## पेज एक के शेष

### जनवरी अंत तक राममय हो...

रिश्ता ही क्या कम है, कि वो काला है या गोरा लेकिन औलाद-ए-आजम है। बोले कि नफरत की आग को जितना फैलाएंगे उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। सांसद ने गुजारिश करते हुए कहा कि नफरत को खत्म करते एक दूसरे को मोहब्बत का पैगाम दें। इसी से मुल्क का फायदा होगा और सभी का भला भी।

### झारखंड राज्य के...

असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, और बिहार होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा झारखंड में 804 किमी तय करेगी और 13 जिलों से होकर गुरजेगी। इस दौरान राहुल गांधी का आठ दिनों का प्रवास झारखंड में होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 15 राज्य, 110 जिले से होते हुए सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना आदि जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी।

### कैसे पुरुषार्थी लिप्सारहित...

और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने भी पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। असम और यूपी के डीजीपी रहे प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती थी।आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर ही निर्भर है। हालांकि पढ़े लिखे संवेदशील लोगों की संख्या पुलिस बल में बढ़ी है जिससे छवि भी सुधरी है ।

## सम्मेलन — जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने किया मैत्री सम्मेलन का आयोजन

# नये लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के लिये किया प्रेरित

**पदाधिकारियों ने कहा कि मिशन-2024 के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित की जा सके**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के मैदान में मैत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कार्यकर्ताओं को नये लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिये प्रेरित किया गया। पदाधिकारी द्वय ने कहा कि मिशन-2024 के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चारो तरफ नारी तरफ अपनी शक्ति का लोहा मनवा रही है। राजनीति में भी नारी शक्ति की धमक बढ़ी है। इस दौरान नये लोगों को कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण कराई गयी। सभी को जन-जन तक कांग्रेस की नीतियां पहुंचाने का संकल्प दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष इंदु भगत व संचालन मीना देवी ने किया। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, प्रिया ओझा, पूजा सिंह, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, ऊषा देवी, रोशन परवीन, सुनीता देवी, संगीता देवी आदि मौजूद रहीं।



# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### देश में कोरोना के 760 नए मामले, 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 760 नए मामले सामने आए हैं और इससे दो मरीजों की मौत हुई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 4,423 है। पिछले 24 घंटे के दौरान 775 मरीज स्वस्थ हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक से रिपोर्ट किए जा रहे हैं।

### वाईएस शर्मिला कांग्रेस में हुई शामिल



**नई दिल्ली।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया है। वह कांग्रेस मुख्यालय में मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुईं। शर्मिला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी आज से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख की भूमिका में हैं।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी

**कुलगाम।** कुलगाम जिले के हादीगाम इलाके में बुधवार देर रात बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ गुरुवार को भी जारी है। हादीगाम इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी थी।

### सुकेश ने जैकलीन के साथ हुई चैट पर रखा अपना पक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीज के साथ किए गए कथित फर्जी व्हाट्सएप चैट के हालिया प्रसार पर अपना पक्ष रखा है। उनका बयान न केवल बातचीत की प्रामाणिकता पर सवाल उठाता है, बल्कि चंद्रशेखर और फर्नांडीज के बीच कई बातचीत में से एक की झलक भी पेश करता है। चन्द्रशेखर 200 करोड़ रुपये की ठगी मामले में मुख्य आरोपी हैं। चन्द्रशेखर के अनुसार, साझा की गई चैट 2021 की है जहां उन्हें और फर्नांडीज को गलतफहमी का सामना करना पड़ा था। उनका दावा है कि फर्नांडीज ने माफी मांगी और मैसेज में अपने प्यार का इजहार किया। उनके बयान का मकसद फर्नांडीज की सार्वजनिक छवि को एक पीड़ित के रूप में पेश करना है जिसका उससे कोई संबंध नहीं है।

# सिंह द्वार से प्रवेश...मुख्य गर्भगृह में बालस्वरूप




### भगवान राम के स्वागत से संपूर्ण देश प्रसन्न : पीएम मोदी

पीएम ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के स्वागत के लिए हर कोई अलग-अलग रूप से अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा है। मोदी ने कहा कि पूरे देश में उत्साह है और भक्त इस शुभ दिन पर राम लला की भक्ति में मगन हैं। पीएम कार्यालय ने बताया कि पीएम ने इस दौरान भगवान श्री राम को समर्पित हंसराज रघुवंशी का भजन भी साझा किया। अपने एक एक्स पोस्ट में पीएम ने पोस्ट किया, अयोध्या में प्रभु श्री राम के स्वागत को लेकर संपूर्ण देश राममय है।

### 20 प्वाइंट में समझें कितना भव्य होगा राम मंदिर

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या राम मंदिर की विशेषताएं गिनाई हैं। ट्रस्ट ने जानकारी साझा कर बताया है कि मंदिर परिसर के सभी क्षेत्रों से लेकर भगवान श्रीराम के गर्भगृह तक मंदिर की भव्यता कैसी रहेगी। तीन मंजिला राम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। मुख्य गर्भगृह में श्रीराम लला की मूर्ति है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, राम मंदिर में 5 मंडप (हॉल) होंगे। इसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप। देवताओं, देवी-देवताओं की मूर्तियां मंदिर के स्तंभों और दीवारों को सुशोभित करती हैं। 32 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालु सिंहद्वार से एंट्री कर सकेंगे। मंदिर के चारों तरफ आयताकार परकोटा रहेगा। मंदिर में दिव्यांग और बुजुर्ग तीर्थयात्री के लिए भी विशेष सुविधाएं हैं। रैंप और लिफ्ट भी हैं। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है। इसके अलावा, 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है।

### चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा

- मुख्य गर्भगृह में भगवान श्रीराम का बचपन का स्वरूप (श्री राम लला की मूर्ति) है, जबकि पहली मंजिल पर श्रीराम का दरबार होगा।
- पांच मंडप (हॉल) - नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप।
- देवी-देवताओं की मूर्तियां खंभों और दीवारों पर उकेरी गई हैं।
- दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था होगी।
- राम मंदिर परिसर के चारों कोनों पर चार मंदिर होंगे, इनमें सूर्य देव, देवी भगवती, गणेश भगवान और भगवान शिव को समर्पित होंगे। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा का मंदिर, जबकि दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर है।
- मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य, महर्षि विश्वामित्र, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या की पूज्य पत्नी को समर्पित रहेंगे।
- राम मंदिर परिसर के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कुबेर टीला पर जटायु की स्थापना के साथ-साथ भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है।
- मंदिर में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं किया गया है।
- मंदिर की नींव का निर्माण रोलर-कॉम्पैक्ट कंक्रीट (आरसीसी) की 14 मीटर मोटी परत से किया गया है, जो इसे कृत्रिम चट्टान का रूप देता है।
- मंदिर को जमीन की नमी से सुरक्षा देने के लिए ग्रेनाइट का इस्तेमाल कर 21 फुट ऊंचे चबूतरे का निर्माण किया गया है।
- मंदिर परिसर में एक सीवरेज उपचार संयंत्र, जल उपचार संयंत्र, अग्नि सुरक्षा के लिए जल आपूर्ति व एक स्वतंत्र बिजली स्टेशन है।
- 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है, यह तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा प्रदान करेगा।
- परिसर में स्नान क्षेत्र, वॉशरूम, वॉशबेसिन, खुले नल आदि के साथ एक अलग ब्लॉक भी होगा।

# राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल कर किया गया 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल दिया है। अब यह यात्रा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से जानी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने आज की बैठक में तय किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर यात्रा बस से की जाएगी। यात्रा के दौरान कुल 110 जिलों को कवर किया जाएगा। इस दौरान 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटों से यात्रा होकर गुजरेगी। इस यात्रा में 67 दिन लगने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उत्तर प्रदेश में गुजारेंगे। यहां यात्रा 11 दिनों तक चलेगी और इस दौरान करीब 20 जिलों को कवर करने की योजना है। रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी। नगालैंड में दो दिन यात्रा चलेगी। असम में 8 दिन में 17 जिलों से यात्रा गुजरेगी। अरुणाचल प्रदेश में राहुल गांधी यात्रा के दौरान एक दिन बिताएंगे और इस दौरान एक जिले की यात्रा करेंगे। यह यात्रा मेघालय में एक दिन बिताएगी। इसके बाद पश्चिम बंगाल के सात जिलों को पांच दिन में कवर किया जाएगा। बिहार में 425 किलोमीटर की यात्रा चार दिन में की जाएगी। इस दौरान 7 जिलों को कवर किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि झारखंड में यात्रा आठ दिनों तक रहेगी और यहां 13 जिलों को कवर किया जाएगा। ओडिशा में यात्रा 341 किलोमीटर की होगी। यहां चार दिन की यात्रा होगी। छत्तीसगढ़ में 536 किलोमीटर की यात्रा को पांच दिनों में पूरा किया जाएगा। इस दौरान सात जिलों से होकर यात्रा गुजरेगी। जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में सात दिन में 9 जिले, राजस्थान में एक दिन में एक जिले, गुजरात में पांच दिनों में सात जिलों से होकर गुजरेगी। महाराष्ट्र में करीब 480 किलोमीटर की यात्रा की जाएगी। इस दौरान पांच दिन में छह जिलों की यात्रा की जाएगी।

#### एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों की बैठक

### लोस चुनाव में विजय हासिल करना हमारा लक्ष्य : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें आगामी लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के उद्देश्य से आगे बढ़ना होगा। खरगे ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और राज्यों में कांग्रेस विधानसभा दल के नेताओं की बैठक के दौरान कहा कि इस बैठक का एजेंडा 2024 के लोक सभा चुनाव में विजय सुनिश्चित करने और भारत न्याय यात्रा की विस्तार से तैयारी करनी है। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है, इसलिए हम सबको इस बीच में काफी समय देना है और चर्चा करना है। खरगे ने कहा कि 19 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में आईएनडीआईए गठबंधन की चौथी बैठक में सीट-बंटवारे, ईवीएम और सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई। सीट-बंटवारे पर बातचीत के लिए हमारी नेशनल अलाएंस कमेटी राज्य इकाइयों के साथ चर्चा कर रही है। देश भर में 8-10 बड़ी आम बैठकें हमें मिल कर करनी हैं। 21 दिसंबर को हमारी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर हमारी हैं तैयार हम रैली बहुत शानदार रही।

## इनका मकसद पूछताछ नहीं, बल्कि मुझे गिरफ्तार करना है : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ईडी की नोटिस पर जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर, झूठा समन भेज कर मुझे बदनाम करना चाहते हैं। 3 जनवरी को ईडी ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था। सीएम ने कहा कि वकीलों ने मुझे बताया कि ईडी ने जो समन मुझे भेजे हैं वे गैरकानूनी है। यह समन क्यों गैरकानूनी है, मैंने विस्तार से इसका जवाब ईडी को भेजा है। लेकिन उन्होंने मेरी एक भी बात का जवाब नहीं दिया। इसका मतलब यह है कि उनके पास मेरी बातों का जवाब नहीं है, और वे भी मानते हैं कि यह समन गैरकानूनी है। सीएम ने कहा कि क्या मुझे एक गैरकानूनी नोटिस का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा यदि कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं उसका पालन करूंगा। सीएम ने कहा कि इनका मकसद जांच करना तो है ही नहीं। इनका मकसद तो मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि इस जांच को शुरू हुए 2 साल हो गए लेकिन अब ठीक लोकसभा चुनाव से पहले मुझे समन भेजा है। इनका मकसद पूछताछ करना नहीं है, इनका मकसद पूछताछ के बहाने मुझे बुलाकर गिरफ्तार करना है ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं। दिलील सीएम ने कहा, दिल्ली शराब घोटाला -- पिछले 2 साल में यह शब्द आपने कई बार सुना होगा। पिछले 2 साल में जांच एजेंसी कई बार छापेमारी और कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन अभी तक एक पैसे का हेर फेर नहीं मिला, कहीं से एक पैसा बरामद नहीं हुआ। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार वास्तव में हुआ है तो इतने करोड़ों रुपए गए कहां।

## पीपीपी ने बिलावल भुट्टो को घोषित किया पीएम पद का उम्मीदवार

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पार्टी के चेयरमैन और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को प्रधानमंत्री पद के लिए आधिकारिक तौर पर दल का उम्मीदवार घोषित किया है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। द इंटरनेशनल की खबर के मुताबिक, पीपीपी की केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) ने आम चुनाव के वास्ते पार्टी के प्रचार अभियान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर चर्चा की गई जिसमें युवाओं, महिला सशक्तीकरण, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है। बुधवार देर शाम हुई बिलावल के बैठक के थोड़ी देर बाद पीपीपी ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर विस्तृति पोस्ट के साथ बैठक की तस्वीरें अपलोड कीं और बताया कि सीईसी के सदस्यों ने पार्टी अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी और चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया। पार्टी ने एक्स पर कहा कि आसिफ अली जरदारी ने पीपीपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए बिलावल भुट्टो जरदारी का नाम पेश किया।

### रूस-चीन सांस्कृतिक वर्ष के आयोजन को पुतिन ने दी मंजूरी



**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने वर्ष 2024-2025 में रूस-चीन सांस्कृतिक वर्ष के आयोजन के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## 'पकड़ुवा विवाह' को रद्द करने के आदेश पर लगी रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने कथित 'पकड़ुवा विवाह' या 'जबरन विवाह' को रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बुधवार को आदेश दिया कि लागू फैसले के संचालन और कार्यान्वयन पर रोक रहेगी। नवंबर 2023 में, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पी बी बजंथरी और अरुण कुमार झा की पीठ ने कहा कि विवाह का पारंपरिक हिंदू रूप 'सप्तपदी' और 'दत्त होम' के अभाव में वैध विवाह नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा, यदि 'सप्तपदी' पूरी नहीं हुई है, तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी नहीं माना जाएगा। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में, अपीलकर्ता-सैन्यकर्मी ने तर्क दिया कि उसे बंदूक की नोक पर शादी के लिए मजबूर किया गया था और कहा कि उसे बिना किसी धार्मिक या आध्यात्मिक अनुष्ठान के लड़की के माथे पर सिन्दूर लगाने के लिए मजबूर किया गया था।

**आयोजन** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर बलिदानी बहादुरों को दी श्रद्धांजलि

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी बने नौसेना के वाइस चीफ

### पदभार संभालने के बाद साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने गुरुवार को वाइस चीफ का पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पहले वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना की पश्चिमी कमान में कमांडिंग-इन-चीफ थे। उनकी जगह बुधवार को आईएनएस शिकरा में आयोजित एक औपचारिक परेड में वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह ने पश्चिमी कमान का कार्यभार संभाला है। वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। वाइस एडमिरल डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन से स्नातक हैं, जहां उन्हें प्रतिष्ठित थिमैया पदक से सम्मानित किया गया था। उन्हें 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2007-08 में यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड्स में नेवल हायर कमांड कोर्स और नेवल कमांड कॉलेज में भी भाग लिया, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित रॉबर्ट ई बेटमैन इंटरनेशनल पुरस्कार जीता। वह टेनिस, बैडमिंटन और क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों, सैन्य इतिहास और नेतृत्व की कला और विज्ञान के छात्र हैं। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ त्रिपाठी ने सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर कार्य किया। बाद में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मुंबई के कार्यकारी अधिकारी और प्रधान युद्ध अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की भी कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिसमें मुंबई में पश्चिमी बेड़े के बेड़े संचालन अधिकारी, नई दिल्ली में प्रमुख निदेशक नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रमुख निदेशक नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर उन्होंने नौसेना मुख्यालय में नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया। जून, 2019 में वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर फ्लैग ऑफिसर को केरल के एझिमाला में प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। वह जुलाई, 2020 से मई 2021 तक नौसेना संचालन के महानिदेशक थे।

### ब्रिटेन में महिला के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल



**लंदन।** लंदन अंडरग्राउंड ट्रेन में एक अकेली महिला के सामने यौन कृत्य करने के आरोप में 43 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को नौ महीने जेल की सजा सुनाई गई है। ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस (बीटीपी) ने मंगलवार को कहा, वेम्बली में प्रिमरोज-वे के निवासी मुकेश शाह को पिछले महीने लंदन इनर क्राउन कोर्ट में अश्लील हरकत का दोषी पाया गया था। जांच अधिकारी, डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल मार्क लुकर ने कहा, "शाह की हरकतों ने न केवल उसे सलाखों के पीछे भेज दिया, बल्कि उसकी रिहाई के बाद लगे प्रतिबंधों ने उसे भविष्य में अपनी हरकतें दोहराने से भी रोक दिया है।" शाह को 10 साल तक यौन अपराधियों के रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने का भी आदेश दिया गया है।

फिल्म जगत

## दीपिका जल्द दें सकती हैं खुशखबरी फैमिली प्लानिंग पर बोलीं दीपिका



**दीपिका** पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड में यह सबसे ताकतवर जोड़ी है। दोनों ने वर्ष 2018 में शादी की थी। अब उनकी शादी को 5 साल हो गए हैं। दीपिका का एक ताजा बयान चर्चा में आ गया है। इससे यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या दीपिका जल्द ही कोई खुशखबरी देने वाली हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में फैमिली प्लानिंग पर जवाब दिया है। इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'हम दोनों को बच्चे बहुत पसंद हैं। हम उस दिन का भी इंतजार कर रहे हैं, जब हमारा परिवार शुरू होगा।' उन्होंने यह भी कहा, 'जब मैं उन लोगों से मिलती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं, अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से परिवारों में हमेशा कहा जाता है कि मैं बिल्कुल नहीं बदली हूं। यह मेरे संस्कारों का नतीजा है। दीपिका ने कहा, इस इंडस्ट्री में पैसे और शोहरत से प्रभावित होना आसान है, लेकिन घर पर कोई भी मेरे साथ एक सेलिब्रिटी की तरह व्यवहार नहीं करता है। मैं पहले एक बेटी और बहन हूं। मैं नहीं चाहती कि इसमें बदलाव हो। रणवीर और मुझे उम्मीद है कि हम अपने बच्चों में भी वही संस्कृति विकसित करेंगे। बता दे कि दीपिका पादुकोण आने वाली फिल्म "फाइटर" में नजर आएंगी। इसमें ऋतिक रोशन के साथ उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हो रही है।